@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 10 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

● दिल्ली कार लास्ट इसी का हिस्सा था

एजेंसी

नई दिल्ली। लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे।

इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं। जांच एजेंसियों को अब तक 3 कारें बरामद हो चुकी हैं। चौथी चौथी स्विफ्ट डिजायर की तलाश है। 10 नवंबर जिस आई20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।

● विस्फोट में 13 लोगों की हुई मौत

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोमवार शाम को लाल किला के पास एक सफेद हुंडई आई-20 कार में विस्फोट हुआ था, जिसमें 13 लोगों की दुखद मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए थे।

● दिल्ली पुलिस की एडवाइजरी

दिल्ली में ब्लास्ट के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें यात्रियों से रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के कारण होने वाली देरी से बचने के लिए समय से पहले पहुंचने के लिए कहा गया है। दिल्ली के जॉइंट पुलिस कमिश्नर मिलिंद डुंबरे ने एडवाइजरी में कहा कि दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट पर यात्रियों की जांच की जा रही है। इसलिए ट्रेन से यात्रा करने वाले पैसेंजर्स ट्रेन जाने के टाइम से कम से कम एक घंटा पहले स्टेशन पहुंचें। एडवाइजरी में दिल्ली मेट्रो से जाने वाले लोगों को 20 मिनट पहले पहुंचने और फ्लाइट से जाने वाले पैसेंजर्स को एयरपोर्ट पर कम से कम तीन घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी गई है।

'दोषियों को ऐसी सजा देंगे..भविष्य में कोई हमले के बारे सोच भी नहीं पाएगा...'

शाह का सत संदेश

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में हुए विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया।

'दोषियों को कानून के कटघरे में लाया जाएगा'

शाह ने कहा, जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें कानून के कटघरे में लाया जाएगा और सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। भारत सरकार और गृह मंत्रालय इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी जताई।

'दोषियों को सजा दुनिया को संदेश देगी'

गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प कि इस आतंकवादी हमले के सभी जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा दी जाएगी, निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली आतंकी हमले के दोषियों को दी जाने वाली सजा दुनिया को यह



संदेश देगी कि हमारे देश में कोई भी ऐसे हमले के बारे में सोचने की भी हिम्मत न करे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है और मोदी इस वैश्विक संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

एआईयू ने रद्द की अल-फलाह यूनिवर्सिटी की सदस्यता, विवि एडमिनिस्ट्रेशन ने बंद की वेबसाइट

एजेंसी

फरीदाबाद। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी (एआईयू) ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। संस्था का कहना है कि पिछले कुछ दिनों के घटनाक्रम यूनिवर्सिटी के आचरण से मेल नहीं खा रहे। वहीं दूसरी तरफ अल-फलाह यूनिवर्सिटी की वेबसाइट को एडमिनिस्ट्रेशन ने बंद कर दिया है।एआईयू ने अपने बयान में कहा कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के उपनियमों के अनुसार, किसी भी विश्वविद्यालय की सदस्यता तब तक बनी रहती है जब तक वह 'सद्भावपूर्ण स्थिति' में होता है। हालांकि, मीडिया में आई खबरों के आधार पर यह जानकारी मिली है कि फरीदाबाद, हरियाणा स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय वर्तमान में अच्छी स्थिति में नहीं प्रतीत होता। इसलिए, एआईयू ने निर्णय लिया है कि अल-फलाह विश्वविद्यालय की सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

पुलवामा पुलिस ने आज को भी तलाशी अभियान लाया

एजेंसी

पुलवामा। पुलवामा पुलिस ने गुरुवार को आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के कई इलाकों में तलाशी अभियान (CASO) चलाया। पुलिस ने बताया कि यह अभियान देशविरोधी तत्वों और पाकिस्तान व पीओके से सक्रिय नेटवर्क को खत्म करने के लिए चलाया गया। कई ठिकानों पर छापेमारी हुई और संदिग्धों की पहचान की गई। पुलिस का कहना है कि यह

अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि आतंकी सपोर्ट सिस्टम और फंडिंग नेटवर्क को खत्म किया जा सके।

पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं, 9 लोगों की मौत

ट्रकों के बीच दबी कार में आग लगी, कंटेनर भी जला, ट्रक का ब्रेक फेल होने से हादसा

एजेंसी

पुणे। पुणे के बाहरी इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक और कंटेनर के बीच में फंसी एक कार में आग लग गई। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई 20 लोग घायल हो गए। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। मरने वालों में 5 कार सवार थे। ट्रक के ड्राइवरों की भी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनरों के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकेंड में ही लपटों में घिर गई।मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया है।

फडणवीस ने मदद का ऐलान किया

एजेंसी

फरीदाबाद। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी और मरने वालों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया। सांसद सुप्रिया सुले ने भी हादसे पर दुख जताते हुए घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की।

मुख्यमंत्री रेखा ने दिल्ली-सोनीपत अंतरराज्यीय बस रूट को दिखाई हरी झंडी

कौमी पत्रिका

नई दिल्ली, 13 नवंबर। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कल एक और अंतरराज्यीय बस रूट, कश्मीरी गेट बस अड्डे से सोनीपत बस स्टैंड तक दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की। ये नई बसें एसी सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और जीपीएस सिस्टम जैसी सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार जल्द ही दिल्ली से जुड़े एनसीआर के शहरों तक चलने वाली डीटीसी की बसों को दोबारा शुरू करेगी। कश्मीरी गेट स्थित महाराणा प्रताप अंतरराज्यीय बस अड्डे पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने भी सोनीपत के लिए तीन अंतर्राज्यीय इलेक्ट्रिक बसों

को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़े के दौरान दिल्ली-बड़ौत के बीच पहली अंतर्राज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार फिर से दिल्ली-एनसीआर से जुड़े शहरों के लिए अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू करेगी, जो सालों पहले बंद कर दी गई थी। इसका एक लाभ यह होगा कि लोगों को सहजता से सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध होगी, जिससे सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा और प्रदूषण कम करने में सहायता करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी नई बसें एसी सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और जीपीएस सिस्टम जैसी सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

शेष पृष्ठ 3 पर

डॉ. अनिल गोंबर (फिज़ीशियन-डायबिटीस लॉजिस्ट) विश्व मधुमेह दिवस 2025 का थीम

Qaumi Patrika
Navdeep Singh Sahni

नई दिल्ली। डायबिटीज़ केयर तक पहुँच- एक मानव अधिकार। विश्व मधुमेह दिवस 2025 का फोकस इस थीम पर है डायबिटीज़ केयर तक पहुँच एक मानव अधिकार है। दुनिया भर में लाखों लोग अभी भी संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें समय पर डायग्नोसिस, किफायती दवाएं, आवश्यक तकनीकें और डायबिटीज़ प्रबंधन के बारे में उचित शिक्षा प्राप्त नहीं होती। डायबिटीज़ परिवारों, समुदायों और विश्व भर की स्वास्थ्य प्रणालियों को प्रभावित करती है। लगातार डायबिटीज़ केयर से किडनी फेलियर, अंधापन, हृदय रोग और अंग कटने जैसी जटिलताओं को रोका जा सकता है। इंसुलिन तक पहुँच सुनिश्चित करना, नियमित जांच, जीवनशैली मार्गदर्शन और मानसिक स्वास्थ्य समर्थन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे हम उस दुनिया के और करीब पहुँच सकते हैं जहाँ हर व्यक्ति एक स्वस्थ, सुरक्षित जीवन जी सके।



रेगिस्तान और खाड़ी क्षेत्रों में तीनों सेनाओं की ताकत दिखाने के बाद खत्म हुआ संयुत अयास 'त्रिशूल'

एजेंसी

नई दिल्ली। राजस्थान के रेगिस्तानी और गुजरात के खाड़ी क्षेत्रों में चल रहे तीनों सेनाओं के संयुक्त अभ्यास 'त्रिशूल' का गुरुवार को समापन हो गया। लगभग 30 हजार सैन्यकर्मियों, कई लड़ाकू विमानों और 25 नौसैनिक जहाजों व पनडुब्बियों के साथ त्रि-सेवा अभ्यास में संयुक्त परिचालन शक्ति का प्रदर्शन किया गया। बहु-क्षेत्रीय अभियान की समीक्षा के लिए तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी सौराष्ट्र तट पर विमानवाहक पोत आईएनएस 'विक्रांत' पर सवार हुए। भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के शीर्ष कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और एयर मार्शल नागेश

कपूर ने बुधवार रात को विमानवाहक पोत से उड़ान संचालन को देखा। भारतीय नौसेना ने भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना के साथ संयुक्त रूप से नवंबर की शुरुआत में यह अभ्यास शुरू किया था।

'आतंकवाद विकास का सबसे बड़ा दुश्मन है', जम्मू यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बोले एलजी मनोज सिन्हा

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू यूनिवर्सिटी के 19वें (द्वितीय विशेष) दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान, उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वालों और स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित किया। जम्मू यूनिवर्सिटी के विशेष दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कुलाधिपति और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने छात्रों और शिक्षकों से बदलाव को अपनाने और कौशल-प्रधान पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। इसके साथ ही, उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज की मांगों को पूरा करने के लिए उभरते रुझानों के साथ तालमेल बनाए रखने समेत अलग-अलग विषयों में सहयोग करने की भी अपील की।

अमित शाह ने गुजरात में किया मोतीभाई आर. चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट का उद्घाटन

● मोतीभाई चौधरी का जीवन महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर आधारित रहा है

एजेंसी

नई दिल्ली/गांधीनगर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के माणसा में श्री मोतीभाई आर. चौधरी सागर सैनिक स्कूल (एमआरसीएसएसएस) और सागर ऑर्गेनिक प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। 11 एकड़ भूमि पर बने इस आधुनिक स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम, हॉस्टल, पुस्तकालय और कैन्टीन जैसी सुविधाएं हैं। लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह स्कूल प्रधानमंत्री मोदी की उस योजना का हिस्सा है, जिसके तहत पीपीपी मॉडल पर देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोतीभाई चौधरी का जीवन महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर

आधारित रहा है और उन्होंने गुजरात के किसानों, पशुपालकों तथा ग्रामीणों के लिए समृद्धि के द्वार खोले। शाह ने सागर ऑर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन पर कहा कि अमूल ब्रांड के तहत विश्वसनीय ऑर्गेनिक उत्पाद देश और विदेश तक पहुंचाने में यह प्लांट अहम भूमिका निभाएगा। लगभग 30 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले इस संयंत्र को राष्ट्रीय जैविक कार्यक्रम (एनपीओपी) और एपीडा से प्रमाणित किया गया है। इससे उत्तर गुजरात के प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचने में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 1960 में दूधसागर डेयरी में जहां प्रतिदिन केवल 3,300 लीटर दूध एकत्र होता था, वहीं अब यह बढ़कर 35 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है। आज यह डेयरी गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और हिमाचल प्रदेश के 10 लाख से अधिक पशुपालकों से जुड़ी है और इसका वार्षिक टर्नओवर 8,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई ने हासिल की ऐतिहासिक रफ्तार : प्रधानमंत्री

डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत ने 2015 से अब तक टीबी की घटनाओं में सराहनीय कमी दर्ज की है।

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में तपेदिक (टीबी) नियंत्रण में मिली ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2025 में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि भारत में टीबी के मामलों में 2015 की तुलना में उल्लेखनीय कमी आई है और यह गिरावट वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी तेज़ है। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए



गुरुवार को एक्स पर लिखा, 'टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रही है। डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत ने 2015 से अब तक टीबी की घटनाओं में सराहनीय कमी दर्ज की है, जो वैश्विक औसत दर से लगभग दोगुनी है। यह दुनिया में दर्ज हुई सबसे तेज़ गिरावटों में से एक है। उतना ही उत्साहजनक है उपचार कवरेज का बढ़ना, 'मिसिंग केस' की कमी और उपचार सफलता में निरंतर वृद्धि। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने इस सफलता में योगदान दिया है। हम एक स्वस्थ और फिट भारत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में टीबी के नए मामलों (टीबी इंसीडेंस) में 21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है- 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 मामले थे, जो 2024 में घटकर 187 रह गए हैं। यह दर वैश्विक औसत गिरावट (12 प्रतिशत) की तुलना में लगभग दो गुना है। भारत ने टीबी मृत्यु दर को भी उल्लेखनीय रूप से घटाया है। वर्ष 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 28 मौतें होती थीं, जो 2024 में घटकर 21 रह गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उपचार कवरेज 92 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो अन्य उच्च-भार वाले देशों और वैश्विक औसत से अधिक है। साथ ही उपचार सफलता दर 90 प्रतिशत रही है।

कम उम्र के 65 बच्चों की कुपोषण से मौत... बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को फटकारा

मुंबई (एजेंसी)। बॉम्बे हाईकोर्ट की टिप्पणियाँ महाराष्ट्र के अमरावती ज़िले के मेलघाट क्षेत्र में बच्चों में कुपोषण के गंभीर संकट को उजागर करती हैं। महाराष्ट्र का आदिवासी बहुल मेलघाट क्षेत्र (अमरावती ज़िला)। जून और नवंबर 2025 के बीच, छह महीने से कम उम्र के 65 बच्चों की कुपोषण के कारण मृत्यु हो गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट (न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति संदेश पाटिल की खंडपीठ) ने इसे भयावह बताते हुए राज्य सरकार की प्रतिक्रिया को बेहद लापरवाह और असंवेदनशील कहा है। अदालत ने ज़िक्र किया कि सरकारी विभागों को 2006 से इस मुद्दे पर आदेश मिल रहे हैं, लेकिन ज़मीनी हालात में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। हाईकोर्ट ने जोर दिया कि यह आँकड़ों का नहीं बल्कि मानवीय अस्तित्व और करुणा का मामला है, जो जीवन और सम्मान के मौलिक अधिकार से जुड़ा है। अदालत ने लोक स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल कल्याण और वित्त विभागों के प्रमुख सचिवों को 24 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यह दर्शाता है कि बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर राज्य सरकार के प्रयासों की कमी को लेकर न्यायपालिका कितनी चिंतित है।

दिल्ली धमाका, देश में अशांति फैलाने की यह एक घृणित साजिश : शाही इमाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में लाल किले के पास हुए ब्लास्ट मामले की शाही इमाम मौलाना सैयद अहमद बुखारी ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना पर गहरा दुख जाहिर करते कहा कि देश में अशांति फैलाने की यह एक घृणित साजिश है जिसे समाज के हर तबके को मिलकर नाकाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमला देश की एकता और अखंडता पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी नागरिकों को, चाहे वे किसी भी धर्म या समुदाय से हों, एकजुट होकर इस तरह की हिंसक घटनाओं के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। इमाम ने कहा कि देश के मुसलमान भारतीय हैं और कश्मीरियों, सिख भाइयों तथा अन्य समुदायों के साथ मिलकर आतंकवाद के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई हो इसपर और इंसाफ होता हुए भी दिखे। उन्होंने कहा कि घटना से देश में भय फैलाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हमें अपने देश की सुरक्षा और अमन बनाए रखने के लिए एकजुट रहना होगा। शाही इमाम ने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की कि आतंकवादी हमले की पूरी तरह से जांच कराएं और इसके पीछे मौजूद अपराधियों को सख्त से सख्त सज़ा दी जाए।

जीएसटी चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला, कार को ट्रक से मारी टक्कर, सबूत भी छीन कर भागे

जोधपुर (एजेंसी)। जोधपुर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र में जीएसटी चोरी के नेटवर्क पर छापा मारने गई डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की टीम पर हमला हो गया। आरोपियों ने सरकारी गाड़ी को ट्रक से टक्कर मार दी और सबूत के तौर पर जब्त किए गए दो सीपीयू छीनकर भाग गए। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बासनी थाना अधिकारी नितिन दवे के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 7:15 बजे जयपुर से आई डीजीजीआई टीम बिश्नोई रोड लाइंस नामक ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यालय पर पहुंची थी। ऑफिस बंद था, तभी सुनील बिश्नोई नामक व्यक्ति आया और ताला खोलने के बाद सीपीयू ले जाने लगा। टीम ने उसे रोकने की कोशिश की तो पुखराज खावा और उसके साथियों ने धक्का-मुक्की व हाथापाई की। आरोपियों ने टीम से दोनों सीपीयू छीन लिए, एक को कार में रखकर साथी भगा ले गया और दूसरा ट्रक में रख लिया। भागते समय ट्रक ने टीम की सरकारी गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। सूत्रों के अनुसार, इन सीपीयू में फर्जी बिलिंग और जीएसटी चोरी से जुड़े अहम डेटा हो सकते हैं। डीजीजीआई की टीम स्टील इंडस्ट्री और ट्रांसपोर्ट सेक्टर में करोड़ों की कर चोरी के एक नेटवर्क पर कार्रवाई करने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि आरोपी फर्जी बिल्टी और बोगस बिलिंग के जरिए टैक्स चोरी कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं ताकि कार और ट्रक के नंबर व हमलावरों की पहचान की जा सके। गिरफ्तार सुनील बिश्नोई से पूछताछ जारी है।

पुणे जिले में तेंदुए ने बाइक पर जा रहे किसान पर हमला किया

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे जिले में हुई चौंकाने वाली घटना में एक तेंदुए ने बाइक पर जा रहे किसान पर हमला कर दिया। पुणे जिले के जुन्नर तालुका का ओतूर इलाका, नगर कल्याण राजमार्ग पर अहिनवेवाड़ी फाटा के पास ये घटना हुई। नीलेश सीताराम डोके (35 वर्ष), जो कि एक किसान, अपनी मोटरसाइकिल पर खाद की बोरी लेकर घर लौट रहा था। तभी सड़क किनारे झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक पीछे से झपट्टा मारा और किसान को गिरा दिया। नीलेश बाइक समेत सड़क पर गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। वह बाइक के साथ दूर तक घिसटते चले गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है और अब वायरल हो रही है। उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत पहले गंभीर थी, लेकिन डॉक्टरों के मुताबिक अब स्थिर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेंदुआ हमले के बाद डरकर भाग गया और पास के जंगल की ओर चला गया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की मौजूदगी देखी जा रही थी, लेकिन वन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रशासन की कार्रवाई: ओतूर पुलिस और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और निरीक्षण किया। आसपास के इलाकों में सर्च अभियान शुरू किया गया है। वन विभाग ने लोगों से रात में अकेले खेतों या सुनसान रास्तों पर न जाने और सतर्क रहने की अपील की है। स्थानीय प्रशासन ने कैमरा ट्रैप लगाने और वन्यजीव निगरानी बढ़ाने की योजना बनाई है।

छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ने की नई योजना

नईदिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार छोटे और बंद पड़े हवाई अड्डों पर पुन: उड़ान शुरू करने के लिए नई योजना तैयार की है। केंद्र सरकार ने उन हवाई अड्डों के ऊपर विशेष ध्यान दिया है।जहां ट्रैफिक नहीं होने के कारण एयरलाइन कंपनियां हवाई यात्रा शुरू करने के बाद बंद कर देती हैं।

दिल्ली विस्फोट पर पवन खेड़ा का गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला, पूछा- 2900 किलो विस्फोटक कैसे पहुंचा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गुरुवार को 10 नवंबर को दिल्ली में हुए विस्फोट को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की। इस विस्फोट में 12 नागरिक मारे गए थे। उन्होंने सवाल किया कि 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री राष्ट्रीय राजधानी से सिर्फ़ 20 किलोमीटर दूर फरीदाबाद कैसे पहुँची? खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, ÷हैरानी की बात है कि इस घटना के 48 घंटे बाद, कैबिनेट ने स्वीकार किया कि यह एक आतंकवादी घटना थी। यह गंभीर सवाल खड़े करता है।

पवन खेड़ा ने सवाल किया कि इतनी सारी सुरक्षा एजेंसियाँ हैं, (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह हैं, (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) अजीत डोभाल हैं... जो कहते हैं कि हमारी सतर्क नज़र हमेशा बनी रहती है। फिर भी, 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री फरीदाबाद कैसे पहुँच गई? पवन खेड़ा ने कहा कि पुलवामा हमले को लेकर हम लगातार सवाल पूछते रहे कि आरडीएक्स वहाँ कैसे पहुँचा, और इसका जवाब आज तक नहीं मिला। अब, राजधानी दिल्ली से सिर्फ़ 20 किलोमीटर दूर 2,900 किलोग्राम विस्फोटक पहुँच गया है; सवाल यह है कि यह कैसे पहुँचा? फिर, लाल किले के पास हुए विस्फोट में जानें जाती हैं, लोग घायल होते हैं; आखिर इसकी ज़िम्मेदारी कौन ले रहा है? ये पूरे देश का सवाल है, और हम कहते रहे हैं कि सरकार सख्त कदम उठाए; हम उनके साथ हैं। दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट स्थल पर विस्तृत जाँच चल रही है, दिल्ली पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के कर्मी गुरुवार को संयुक्त रूप से जाँच कर रहे हैं। अब तक, लाल किले के पास हुए विस्फोट के लिए कथित तौर पर ज़िम्मेदार कुल आठ लोगों में एक महिला सहित कम से कम तीन डॉक्टर शामिल हैं। आरोपी डॉ. उमर नबी की पहचान उस हुंडई द्व20 कार के चालक के रूप में भी हुई है जिससे विस्फोट हुआ था।

तीनों डॉक्टर फिलहाल गिरफ्तार हैं, जबकि डॉ. उमर की कार विस्फोट में मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा है कि गिरफ्तार किए गए सभी लोग हाल ही में ध्वस्त हुए एक ÷अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल÷ का हिस्सा हैं, जिसमें डॉक्टर, मौलवी और व्यवसायी समेत कई पेशेवर लोग शामिल हैं। प्रारंभिक जाँच के अनुसार, अधिकारियों ने कहा है कि यह विस्फोट संभवतः कई जगहों पर हमले करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। लाल किले पर द्व20 में हुए विस्फोट के बाद अधिकारियों ने एक इकोस्पोर्ट और एक ब्रेज़ा सहित कई वाहनों को ज़ब्त कर लिया है, और अन्य वाहनों की तलाश जारी है।

रोहतास जिले में ईवीएम की सुरक्षा को लेकर राजद का हंगामा... डीएम ने किया खंडन

पटना(एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा रोहतास जिले में ईवीएम (ईवीएम) को मतगणना केंद्र के अंदर घुसपैठ से ले जाने के आरोप और जिलाधिकारी द्वारा इसका खड़न किया गया है। राजद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आरोप लगाया कि प्रशासन बिना किसी पूर्व सूचना के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को सासाराम विधानसभा क्षेत्र के तकिया बाजार समिति परिसर स्थित वज्र गृह मतगणना केंद्र के अंदर ले जा रहा था। इस आरोप के बाद, बुधवार देर रात राजद कार्यकर्ता और समर्थक मतगणना केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन करने और बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से स्पष्टीकरण की मांग करने के लिए एकत्र हुए। इसके बाद रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने राजद के दावे का खंडन किया। उन्होंने कहा कि ट्रक में खाली स्टील के बक्से थे, न कि ईवीएम मशीन थी। डीएम ने बताया कि उन्हें सूचना मिलने के बाद, उन्होंने जाँच में पाया कि ट्रक शाम 7:59 बजे बाज़ार समिति में घुसा था और उसकी प्रविष्टि लॉगबुक में दर्ज थी, जिसमें लिखा था कि ट्रक खाली बक्सों से भरा था। ट्रक की जाँच मौजूद सभी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों की मौजूदगी में की गई। हर बक्सा निकाला गया और सभी बक्से खाली पाए गए। जाँच के बाद, सभी बक्सों को वापस ट्रक में लोड कर दिया गया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने 14 नवंबर को होने वाली मतगणना से पहले सभी से अफ़वाहें न फैलाने का आग्रह किया। रोहतास के एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सुरक्षा के 3 स्तर हैं, जिसमें पुलिस, विशेष सशस्त्र पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) शामिल हैं।

धामी सरकार के फैसले के बाद जागी, संविदा कर्मियों में नियमितीकरण की आस

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में संविदा, दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, नियत वेतन, अंशकालिक और तदर्थ रूप में कार्यरत कार्मिकों के नियमितीकरण से जुड़ा मामला है। 2008 के बाद से कार्यरत संविदा कर्मियों में नियमितीकरण की आस जगी है। कैबिनेट ने इसतरह के कार्मिकों के लिए कट-ऑफ डेट तय करने के लिए एक मंत्रिमंडल की समिति गठित करने का निर्णय लिया है। यह समिति विस्तृत अध्ययन के बाद अपनी रिपोर्ट कैबिनेट के समक्ष रखेगी।

पूर्व की नीतियाँ- 2013 तक पाँच वर्ष की सेवा पूरी करने वालों को नियमित करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन कई विभाग समय से कार्रवाई नहीं कर पाए। 2016 तक पाँच वर्ष की सेवा पूरी करने वालों को नियमित करने का निर्णय लिया गया, लेकिन विवादों के कारण इसे रद्द कर दिया गया। कैबिनेट ने 2018 तक दस वर्ष की नियमित सेवा करने वालों को विनियमित करने का निर्णय लिया है। भविष्य के लिए कट-ऑफ डेट के संबंध में मंत्रिमंडल की उप-समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है।

बात दें कि उत्तराखंड सरकार ने 2008 के बाद से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए नई कट-ऑफ डेट और भविष्य की नीति तय करने के लिए एक मंत्रिमंडल उप-समिति गठित करने का निर्णय लिया है।

दिल्ली ब्लास्ट: घायलों से मिले पीएम मोदी तो आप नेता ने फोटो खिंचवाने का बताया मौका

बीजेपी का पलटवार, आप राजनीति के लिए और कितना नीचे गिर सकते हो

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) विधायक सौरभ भारद्वाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि घायल पीड़ितों से मिलने के लिए अस्पताल का उनका दौरा महज एक फोटो खिंचवाने का मौका था, क्योंकि इस दौरे के दौरान मरीजों को प्लास्टर की पोशाक दी गई थी। आप नेता भारद्वाज ने प्रधानमंत्री के दौरे और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के घायलों से मिलने की एक तस्वीर को हाईलाइट किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री मोदी दोनों एक ही पीड़ित से मिले, आप नेता ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के दौरे के समय मरीज को नई पोशाक और नया प्लास्टर लगाया गया था।

आप नेता भारद्वाज ने पोस्ट कर लिखा कि 11 नवंबर को मरीज़ से पहले सीएम रेखा गुप्ता मिली, अगले दिन उसी मरीज पीएम मोदी मिले। नए कॉस्ट्यूम-, हाथ में नया प्लास्टर। वहीं, दिल्ली भाजपा ने आप नेता को जवाब देकर कहा कि आखिर ये आप राजनीति के लिए और कितना नीचे गिर सकते हो। हर बार सोचते हैं, अब इससे नीचे नहीं जा सकते लेकिन आप-दा गैंग फिर ये साबित कर देता है कि नीचता की कोई हद नहीं होती।

बीजेपी ने पोस्ट कर कहा कि अरे हारे हुए विधायक व पढ़े-लिखे अनपढ़ भारद्वाज, अगर जरा भी अक्ल बाकी हो, जान लो मुख्यमंत्री रेखा घटना के तुरंत बाद घायलों से मिलने पहुंची थीं। तब इलाज शुरू ही हुआ था, और रिपोर्ट्स आने में समय लगता है। पर आपको कहां समझ आएगा? असल में दोष आपका भी नहीं है, आप पासआउट हैं केजरीवाल स्कूल ऑफ मिसइन्फॉर्मेशन से पार्टी ने आगे लिखा कि जहां सच बोलना गुनाह और झूठ फैलाना हुनर माना जाता है। जनता अब सब समझ चुकी है। आप के लिए हर घटना पब्लिसिटी स्टंट बन जाती है, और हर पीड़ित इंसान आप की घटिया राजनीतिक रोटियां सेंकने का जरिया।

राजस्थान की दो महिला नेताओं को प्रियंका गांधी वाड्रा ने दी खास जिम्मेदारी... सियासी चर्चा तेज

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान की दो महिला नेता सांसद संजना जाटव और रेहाना रियाज को पार्टी हाई कमान ने बड़ी जिम्मेदारी दी हैं। इस लेकर राजस्थान की सियासत में काफी चर्चा हैं। सांसद जाटव को मध्यप्रदेश प्रभारी और रेहाना को महाराष्ट्र प्रभारी बनाने के पीछे कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की बड़ी भूमिका सामने आ रही है। इसके पीछे चर्चा हैं, कि प्रियंका गांधी वाड्रा को शुरू से ही राजस्थान काफी रास आता रहा है। प्रियंका संगठन में महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता देने की पक्षधर रही है।

बता दें कि संजना सबसे कम उम्र 25 साल में धौलपुर-भरतपुर की लोकसभा सांसद चुनी गई। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज सचिन पायलट का यह रिकॉर्ड तोड़ा है। संजना के कम उम्र में सांसद बनने और कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी मिलने को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा का विषय है। इसके पीछे सचिन और प्रियंका गांधी का वरदहस्त माना जा रहा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में संजना के टिकट को लेकर सचिन पायलट की बड़ी भूमिका मानी गई। उनके ही प्रयास के चलते संजना को लोकसभा में टिकट मिला और चुनाव जीती। चर्चा यह भी रही कि सचिन ने ही प्रियंका गांधी वाड्रा से संजना जाटव की मुलाकात कराई थी। माना जा रहा है कि तभी से संजना जाटव प्रियंका गांधी की नजरों में थी। इस समीकरणों को देखते हुए उन्हें हाल ही में मिली मध्य प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी से जोड़कर देखा गया है।

महाराष्ट्र कांग्रेस प्रभारी के तौर पर राजस्थान कांग्रेस की महिला नेता रेहाना चिश्ती को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके पहले रेहाना रियाज गहलोत सरकार में महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी है। वह मूल रूप से केरल निवासी हैं। जिन्होंने चूरू में शादी की थी। रेहाना लंबे समय से प्रदेश संगठन में पदाधिकारी रह चुकी है और उन्हें वेणुगोपाल के करीबी में माना जाता है। इसी को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा है कि वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी के प्रयास के चलते ही उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई हैं, क्योंकि प्रियंका गांधी महिला नेताओं को आगे लाने के लिए सक्रिय रहती हैं।

बता दें कि प्रियंका गांधी राजस्थान में कई बार रणथम्भौर विजिट के लिए आती रहती है। इस बीच उन्होंने कई बार राजस्थान की युवा और महिला नेताओं से कोऑर्डिनेशन किया है। बता दें कि प्रियंका गांधी संगठन में युवाओं और महिलाओं को आगे लाने के लिए सक्रिय रही है।

कार विस्फोट में रिक्शा चालक की मौत, परिवार ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

-छोटे-छोटे बच्चों के रुक नहीं रहे आंसू, मुआवजे की राशि देने की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। लाल किला के पास हुए कार विस्फोट में मोहसिन की भी मौत हो गई। वह अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। बच्चों के पिता की याद में आंसू नहीं रुक रहे हैं वह अपने पापा को याद कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली और केंद्र सरकार से गुहार लगाई है कि इस घटना को अंजाम देने वाले दोषियों को सख्त सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोहसिन के बच्चों ने कहा कि पिता के जाने के बाद हम अकेले पड़ गए हैं। सरकार हमारे भविष्य को लेकर कुछ सोचे। मोहसिन के भाई नदीम ने बताया कि उनका बड़ा भाई मोहसिन अब इस दुनिया में नहीं रहा। वह करीब 35-36 साल का था। विस्फोट में उसकी मौत हो गई। नदीम ने बताया कि विस्फोट के बाद उसने भाई को घंटों ढूंढा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उनका नाम पीड़ितों की शुरुआती सूची में भी नहीं था। वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके दो बच्चे हैं। वे किराए के मकान में रहते हैं और हमें सरकार से कोई सहायता नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मोहसिन का पूरा शरीर जल गया था। केवल उनका चेहरा ही पहचाना जा सका, जिससे हम शव की शिनाख्त कर पाए। मोहसिन के बहनोई ने बताया कि जब विस्फोट के बारे में पता चला, तब वह अहमदाबाद में थे। मोहसिन के बच्चे बहुत छोटे हैं। परिवार दिल्ली में किराए के मकान में रह रहा था। सरकार ने घोषणाएं की हैं, लेकिन हमें अभी तक कोई मदद नहीं मिली है। हम चाहते हैं कि सरकार मोहसिन के परिवार का ध्यान रखे और मुआवजे की राशि दे। मोहसिन की भाभी ने कहा कि इतनी बड़ी घटना हो गई। हमारे परिवार ने एक सदस्य को खो दिया। इस घटना में शामिल दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। मोहसिन के परिवार को भी न्याय चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पूरे मामले की गहनता से जांच करनी चाहिए, ताकि दोषियों को सजा मिल सके।

धर्मेंद्र अस्पताल से घर आए खुशी है पर, बच्चों की रातों की नींद उड़ गईं: हेमा मालिनी

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेता धर्मेंद्र 11 दिन तक अस्पताल में रहने के बाद घर पहुंच गए है। उनका वही इलाज चल रहा है। घर पहुंचने की इस खबर ने लोगों के चेहरे पर खुशी ला दी। लेकिन अभी धर्मेंद्र पूरी तरह ठीक नहीं हैं। धरम पाजी की सेहत को लेकर उनके परिवार और डॉक्टर दोनों ने शेयर की। हेमा मालिनी धर्मेंद्र को लेकर एक भावुक बयान दिया है। हेमा मालिनी ने अपनी भावनाएं साझा कीं। हेमा ने कहा- 'यह मेरे लिए आसान समय नहीं रहा। धरम जी की सेहत हमारे लिए बड़ी चिंता का विषय है। उनके बच्चों की रातों की नींद उड़ी हुई है। ऐसे कठिन में मैं कमजोर नहीं पड़ सकती, क्योंकि मेरे ऊपर कई जिम्मेदारियां हैंज लेकिन हां, मैं खुश हूं कि वे घर लौट आए हैं। हम राहत महसूस कर रहे हैं कि वे अस्पताल से बाहर हैं। इस समय उन्हें उन लोगों के बीच रहना चाहिए, जिन्हें वे प्यार करते हैं। बाकी तो सब ऊपर वाले के हाथ में है। कृपया हमारे लिए प्रार्थना कीजिए।

डॉ प्रतित समदानी ने बताया था कि 89 साल के धर्मेंद्र को डिस्चार्ज किया गया है और अब उनका इलाज और रिकवरी घर पर ही चलेगी। हेमा मालिनी ने इस मुश्किल वक्त पर अपनी भावनाओं को शेयर किया। उन्होंने ही-मैन का हेल्थ अपडेट के साथ घरवालों का हाल भी बताया। धर्मेंद्र अस्पताल में जब तक भर्ती रहे। तब तक पूरा देओल परिवार एक दिखा। सनी-बॉबी से लेकर ईशा और हेमा मालिनी सभी अस्पताल में उनके लिए आते-जाते नजर आए। 11 दिनों के बाद अब धरम पाजी घर पहुंच गए हैं। उनके घर पहुंचने के बाद जहां रिश्तेदारों और सिनेमा इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का आना जाना लगा हैं।

जेल से आते ही पार्थ चटर्जी ने कबूला अर्पिता से 'खास रिश्ता', कहा- टीएमसी में और कई हैं ऐसे, दीदीमोनी को भी है पता

कोलकाता (एजेंसी)। तीन साल बाद ज़मानत पर रिहा हुए पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी (73) ने यह स्वीकार करके राज खोल दिया है कि मामले की सह-आरोपी अर्पिता मुखर्जी उनकी प्रेमिका थीं। उन्होंने आगे दावा किया कि बंगाल में कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों की अपनी शादी के बाहर रंगीन रोमांटिक ज़िंदगी है और यहाँ तक कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी इसकी जानकारी है। सरकार उस समय शर्मसार हो गई थी जब प्रवर्तन निदेशालय ने अर्पिता के फ्लैटों से 50 करोड़ रुपये बरामद किए थे, जिसके बाद घोटाले के सिलसिले में अर्पिता और पार्थ दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। सेक्स टॉयज़ की बरामदगी भी अफवाहों का बाजार गर्म करने वाली रही। जेल से रिहा होने के बाद एक मीडिया चैनल को दिए गए एक विस्फोटक साक्षात्कार में, ममता बनर्जी के पूर्व करीबी सहयोगी ने स्वीकार किया कि अर्पिता उनकी प्रेमिका है और सवाल किया कि 33 साल की प्रेमिका होने में क्या गलत है, जब तृणमूल कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता, विवाहित होने के बावजूद, दो से अधिक प्रेमिकाएँ रखते हैं। सोवन चटर्जी और तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय जैसे वरिष्ठ नेताओं की ओर इशारा करते हुए पार्थ ने कहा क्या आपको लगता है कि दीदीमोनी (ममता बनर्जी) को इसके बारे में पता नहीं है?

आतंकी की गर्लफ्रेंड डॉक्टर शाहीन का एक ही डायलॉग था... कुछ बड़ा करना है...

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली के लालकिले के पास सोमवार शाम हुए कार धमाके से ठीक एक दिन पहले गिरफ्तार हुईं लखनऊ की डॉ. शाहीन ने वर्षों पहले ही अपने इरादे जता दिए थे। कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में फार्माकोलॉजी विभाग की प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहीं शाहीन का व्यवहार 2009 में कन्नौज तबादले के बाद पूरी तरह बदल गया। साथी डॉक्टरों और स्टाफ को अब समझ आ रहा है कि कुछ बड़ा करना है कहकर वह क्या संकेत दे रही थीं। आतंकी संगठन से जुड़ाव और दिल्ली ब्लास्ट में भूमिका के खुलासे ने पूरे मेडिकल समुदाय को स्तब्ध कर दिया है।

शाहीन सात साल तक जीएसवीएम में प्रोफेसर रहीं। 1 सितंबर 2012 से 31 दिसंबर 2013 तक विभागाध्यक्ष भी रहीं। कन्नौज मेडिकल कॉलेज में छह माह का तबादला उनके लिए सजा जैसा था। वे स्पष्ट कहती थीं, कन्नौज से कानपुर या लखनऊ नहीं हुआ तो नौकरी छोड़ दूंगी। सूत्रों के अनुसार, कन्नौज में भी वे ज्यादातर कानपुर में ही दिखती थीं। विदेशी जीवनशैली पसंद करने वाली शाहीन भारत में रहना नहीं चाहती थीं। अक्सर कहतीं, मैंने जितने सपने देखे, एक-एक कर पूरा करूंगी। कुछ बड़ा काम करना है।कॉलेज परिसर के एल-29 आवास में पति डॉ. जफर हयात और दो बेटों के साथ रहने वाली शाहीन दूसरी मंजिल से नीचे कम ही उतरती थीं। बच्चों को भी दूसरे डॉक्टरों के बच्चों से घुलने-मिलने नहीं देती थीं। सहकर्मियों की टोकाटोकी पर बहानेबाजी करतीं। कन्नौज से लौटने के बाद विभागीय काम में रुचि खत्म हो गई। मेरिट से मिले फार्माकोलॉजी में शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन जल्द ही शांत और अलग-थलग हो गईं। किसी न किसी बहाने छुट्टी मांगती रहतीं। बिना बताए गायब होने पर फटकार भी लगी, मगर सुधार नहीं हुआ।

एटीएस अब परत दर परत शाहीन का अतीत खंगाल रही है। मंगलवार को लखनऊ पैतृक घर और कानपुर कॉलेज के बाद बुधवार को प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां से शाहीन ने 2002 में एमबीबीएस और 2006 में फार्माकोलॉजी में एमडी की। तीन सदस्यीय खुफिया टीम ने प्रशासनिक भवन, हॉस्टल, प्रवेश रिकॉर्ड, इंटर्नशिप दस्तावेज से लेकर सहपाठियों के नंबर तक जुटाए। पूछताछ में पता चला कि पढ़ाई के दौरान शाहीन शांत लेकिन तेज छात्रा थीं। क्या किसी संगठन से जुड़ाव था? कॉलेज के बाहर किससे मिलती थीं? पढ़ाई के बाद प्रयागराज आईं या नहीं? ऐसे सवालों की गहन जांच हो रही है। कॉलेज प्रशासन टीम के दौरे पर चुप्पी साधे है। सोशल मीडिया पर शाहीन की पुरानी ग्रुप फोटो वायरल हो रही है। प्रयागराज मेडिकल कॉलेज की पार्टी में खींची तस्वीर में वह दो छात्राओं और सात छात्रों के साथ हैं। आतंकवाद की निंदा करते कमेंट्स के बीच लोग हैरान हैं कि एक होनहार डॉक्टर आतंक की राह पर कैसे पहुंची। कानपुर, प्रयागराज और लखनऊ- तीनों मेडिकल कॉलेजों के प्रोफेसर, स्टाफ और छात्र सदमे में हैं। शाहीन के अचानक गायब होने का रहस्य अब खुल रहा है, लेकिन कुछ बड़ा करने की उनकी महत्वाकांक्षा ने देश को हिला दिया।



धमकाने से परेशान लड़कों ने ई-रिक्शा चालक की गला घोंटकर की हत्या

नई दिल्ली। भलस्वा डेयरी इलाके में धमकाने से परेशान कुछ लड़कों ने ई-रिक्शा चालक की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त करण के रूप में हुई है। हमलावरों ने हत्या के बाद युवक पर बेरहमी से पत्थर से हमला कर उसका सिर कुचल दिया। पुलिस ने मृतक के दोस्त के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन नाबालिग समेत पांच आरोपियों को पकड़ लिया है। डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी के अनुसार आठ नवंबर को करण को झगड़े में घायल हालत में अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। करण के दोस्त के अनुसार कुछ लड़के उसे ई-रिक्शा से जबरन अपने साथ ले गए थे। बाद में वह पाइपलाइन के पास गंभीर रूप से घायल मिला। पुलिस टीम ने जांच कर आरोपियों की पहचान की और दबिश देकर उन्हें पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में दो बालिग समीर और सुलेमान शामिल हैं। समीर ने बताया कि मृतक अक्सर उन्हें धमकाता था, इसी रंजिश में काम के बहाने करण को बुलाकर वारदात को अंजाम दिया गया। नाबालिग आरोपियों की उम्र 14 से 16 वर्ष के बीच है।

वाहन चोरी करने वाला हकला घोड़ा गैंग का सरगना गिरफ्तार

नई दिल्ली। पश्चिम जिला पुलिस ने करीब 15 साल से दिल्ली से वाहनों की चोरी करने वाले हकला घोड़ा गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोनीपत निवासी मुकेश उर्फ हकला के रूप में हुई है। 60 से अधिक मामलों में शामिल बदमाश के कब्जे से पुलिस ने तीन कार और एक कार की नंबर प्लेट बरामद की है। जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने बताया कि पुलिस ने बदमाश की धर पकड़ के लिए पंजाबी बाग की ओर जाने वाले मादीपुर मेट्रो स्टेशन और शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के बीच रोहतक रोड के सर्विस रोड पर निगरानी बढ़ाई। रोहतक रोड सर्विस रोड पर किआ सेल्टोस कार के साथ दिखाई देने पर मुकेश को पीछा कर पकड़ा गया। उसने वह कार शालीमार बाग से चुराई थी। उसकी निशानदेही पर दो और चोरी की कारें बरामद हुईं।

बदला लेने के लिए कांग्रेस नेता के भतीजे की हत्या, गुफा मंदिर के पास मिला शव

कौमी पत्रिका

बागपत। पिटाई का बदला लेने के लिए शनिवार रात को निवाड़ा-नौरोजपुर मार्ग पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा के भतीजे शेखर शर्मा उर्फ चिंटू (22) निवासी निबाली की उसके परिवार के ताऊ के लड़के आर्यन व उसके साथी आदिल ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह दोनों घर से शेखर की हत्या करने के लिए ही निकले थे मगर विवाद होने पर दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर गुफा मंदिर के पास इंजीनियर अनुज नैन (35) निवासी नौरोजपुर गुर्जर की भी हत्या कर दी। इन्होंने ही इन दोनों हत्याओं से पहले विशेष लोक अभियोजक के चचेरे भाई प्रवेश निवासी बुढेड़ा, प्रशांत निवासी सहारनपुर को गोली मारकर घायल कर दिया। रविवार शाम दोनों हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गए। निबाली से तीन माह पहले गांव से एक बरात खेकड़ा गई थी। बरात में डीजे पर डांस करते समय शेखर के साथ गांव के आर्यन का झगड़ा हो गया। वहां पर शेखर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद पंद्रह दिन पहले दोबारा पिटाई की। इससे क्षुब्ध होकर उन्होंने शेखर की हत्या करने के लिए शनिवार को आर्यन अपने साथी आदिल के साथ घर से निकला था। उनको पता था कि सोनीपत के कुंडली में फैक्टरी में सुपरवाइजर शेखर रात में दस से 12 बजे के बीच आता है। इसलिए ही यह दोनों शराब पीने के बाद अग्रवाल मंडी टटीरी की तरफ जा रहे थे। वहां जाते हुए करीब साढ़े नौ बजे मीतली-बसौद मार्ग पर इनका बुढ़ेडा गांव निवासी विशेष लोक अभियोजक इंद्रपाल गुर्जर के चचेरे भाई प्रवेश से विवाद हो गया। इंद्रपाल गुर्जर के बेटे की शादी के लिए परिवार वाले शनिवार रात पाबला गांव में भात नोतने की रस्म पूरी कर वापस लौट रहे थे। इंद्रपाल गुर्जर के भाई रविंद्र की बाइक पर पीछे बैठे प्रवेश से आर्यन व आदिल की बाइक आगे निकालने को लेकर कहासुनी हुई और आर्यन ने प्रवेश की कमर में गोली मार दी। घायल प्रवेश को मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के कुछ देर बाद ही अग्रवाल मंडी टटीरी में आंबेडकरनगर में अपनी रिश्तेदारी में आए प्रशांत निवासी गलीरा चौक सहारनपुर के हाथ में गोली मार दी गई। टटीरी में प्रशांत एक ठेली पर खड़े होकर आमलेट खा रहा था और आर्यन व आदिल भी वहां अंडे खा रहे थे। इनके बीच कहासुनी होने पर प्रशांत ने आर्यन को थप्पड़ मार दिया। तभी युवक ने तमंचा निकालकर उसे गोली मार दी। प्रशांत को भी मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद पुलिस को रात में ही निवाड़ा-नौरोजपुर गुर्जर मार्ग पर बाग के पास युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस के छानबीन करने पर उसकी पहचान शेखर शर्मा निवासी निबाली के रूप में हुई जो कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा के ममेरे भाई का बेटा है। यह सोनीपत के कुंडली में फैक्टरी में सुपरवाइजर था और ड्यूटी से वापस घर लौटते समय उसके सीने में गोली मारकर हत्या की गई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर पता चला आर्यन व आदिल ने इस हत्या की घटना को अंजाम दिया है। वहां के बाद पुलिस को देर रात में दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर गुफा मंदिर के सामने शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस के आने पर उसकी पहचान नौरोजपुर गुर्जर गांव के रहने वाले इंजीनियर अनुज नैन के रूप में हुई। उसकी गर्दन पर गोली मारकर हत्या की गई थी। उसका शव सड़क किनारे फेंककर उसकी बलेनो गाड़ी, मोबाइल समेत अन्य सामान भी ले गए थे। पुलिस ने घटनाओं के बाद आसपास की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो सभी जगह बाइक सवार दो युवक निबाली गांव के डेयरी संचालक आर्यन शर्मा और उसके दोस्त आदिल ही नजर आए। पुलिस की कई टीमों ने इनकी तलाश शुरू कर दी। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि इन दोनों को रविवार देर शाम पुलिस ने अहैड़ा मार्ग पर दुड़भा के पास जंगल में घेर लिया। वहां पुलिस के साथ इनकी मुठभेड़ हुई और हत्यारोपी आर्यन व आदिल पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उनके पास से दो तमंचे, कारतूस, इंजीनियर की कार, मोबाइल व अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

नृशंस हत्या और सिर काटने के मामले में बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बिंदापुर थाना इलाके के नृशंस हत्या और सिर काटने के मामले में वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 16 वर्ष से फरार था। दिल्ली पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा था। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया बिंदापुर थाना क्षेत्र में लोहे के बक्से में एक सिरविहीन शव 5 जनवरी 2009 को मिला था। जांच के दौरान शव की पहचान हरीश चंद उर्फ बबलू के रूप में हुई। जांच से पता चला कि उसके रिश्तेदार बनारसी लाल का उससे पैसों का विवाद था। आरोपी बनारसी लाल ने अपने साथी आशिक अली के साथ मिलकर हत्या की और अपराध छिपाने के लिए शव और सिर को अलग-अलग ठिकाने लगा दिया। वारदात के बाद आशिक अली फरार हो गया था। अदालत ने आशिक अली को 2011 में भगोड़ा घोषित कर दिया था। इस केस में बनारसी लाल को गिरफ्तार किया गया था। मामले में उसपर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उत्तर प्रदेश के कुशी नगर निवासी आरोपी आशिक सूरत के भैया नगर, सूरत, गुजरात में रहता था और दर्जी का काम करता था। घटना के बाद, वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अपना ठिकाना बदलता रहा। वह लगभग चार साल से सूरत में रह रहा था।

मुख्यमंत्री रेखा ने दिल्ली-सोनीपत अंतरराज्यीय बस रूट को दिखाई हरी झंडी

प्रथम पृष्ठ का शेष

ये बसें न केवल यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होंगी, बल्कि दिल्ली-सोनीपत मार्ग पर नियमित रूप से संचालित की जाएंगी, जिससे दोनों शहरों के बीच आवागमन सुगम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का यह कदम न केवल गतिशीलता को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगा। दिल्ली और पड़ोसी राज्यों के बीच अंतर-संपर्क को मजबूत करना हमारी सरकार का एक प्रमुख उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता को बधाई देते हुए कहा कि जनता के सहयोग और विश्वास के कारण ही दिल्ली सरकार लगातार परिवहन क्षेत्र में सुधार लाने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लॉन्च के साथ डीटीसी सेवा एक आधुनिक, प्रौद्योगिकी संचालित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार परिवहन संगठन के रूप में उभर रही है, जो राजधानी को ग्रीन मोबिलिटी की दिशा में आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि ये बस सेवा कई वर्षों से बंद थीं, जिससे दिल्ली और एनसीआर के बीच कनेक्टिविटी प्रभावित हुई थी। इस पहल के साथ हम स्वच्छ और आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से उसी कड़ी को पुनर्जीवित कर रहे हैं। यह कदम न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा, बल्कि प्रदूषण को कम करने और यात्रियों को सुरक्षित तथा अधिक आरामदायक यात्रा विकल्प प्रदान करने में भी मदद करेगा। ये बसें शून्य-उत्सर्जन वाली है। आगे चलकर हम सार्वजनिक परिवहन को और अधिक हरित और कुशल बनाने के लिए दिल्ली के आस-पास के और शहरों तक ऐसी सेवाओं का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, प्रतिदिन कुल छह ट्रिप प्रतिदिन अर्थात प्रत्येक दिशा में तीन ट्रिप निर्धारित किए गए हैं। दिल्ली से सोनीपत के लिए बसें सुबह 04:45 बजे, 05:15 बजे, 05:45 बजे और शाम 16:45 बजे, 17:15 बजे तथा 17:45 बजे चलेंगी। वहीं, सोनीपत से दिल्ली के लिए बस सेवा सुबह 07:10 बजे, 07:25 बजे, 08:10 बजे और शाम 19:30 बजे, 20:00 बजे तथा 20:30 बजे संचालित होंगी। इन बसों का रूट दिल्ली और हरियाणा के कई प्रमुख स्थानों को जोड़ेगा, जिनमें जीटीबी नगर, आजादपुर टर्मिनल, जहांगीर पुरी मेट्रो स्टेशन, मुकरबा चौक, अलीपुर, दिल्ली सिंघु बॉर्डर, कुंडली औद्योगिक क्षेत्र, टीडीआई सिटी, नांगल मोड़, राई, बहालगढ़ और फाजिलपुर शामिल हैं। यह मार्ग आखिर में सोनीपत बस स्टैंड पर समाप्त होगा।

डीयू में छात्रों को अपना स्टार्टअप शुरू करने का मिलेगा मौका, 15 नवंबर तक कर सकते हैं आवेदन

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में छात्रों को अपना स्टार्टअप खड़ा करने का मौका मिलेगा। क्लस्टर इनोवेशन सेंटर (सीआईसी) का डिजाइन इनोवेशन सेंटर इसके लिए छात्रों की मदद करेगा। इसके तहत छात्रों को मेंटॉर से गाइडेंस और आर्थिक मदद भी प्राप्त मिलेगी। छात्रों को अपने स्टार्टअप आइडिया पर काम करने के लिए जगह की कमी ना हो इसके लिए उन्हें को-वर्किंग स्पेस भी दिया जाएगा। इससे छात्र अपने स्टार्टअप आइडिया को बड़े व्यापार में बदल सकेंगे। डीयू ने सीआईसी की इनोवेशन एंड स्टार्टअप स्कीम-आइडिया (इमेजिन,

डिजाइन, एक्सिक्यूट, एडमिनिस्टर) के तहत छात्रों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। प्राप्त आवेदन में से जिनके प्रस्तावों को चुना जाएगा उन्हें बिजनेस पिच के लिए बुलाया जाएगा और फिर अंतिम चयन होगा। चुने गए आवेदकों को को-वर्किंग स्पेस और सुविधाएं दी जाएंगी। अपने प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें मेंटॉर भी मिलेंगे और प्रोटोटाइप बनाने के लिए मदद भी दी जाएगी। छात्रों को मेंटॉर की सुविधा के साथ-साथ आर्थिक मदद भी मिलेगी जिससे वह अपने इनोवेशन और बिजनेस आइडिया को स्टार्टअप में बदल सकें। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए तीस साल से कम आयु वर्ग के यूजी और पीजी छात्र 15 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 24 नवंबर को साक्षात्कार होंगे। स्नातक के अंतिम वर्ष के छात्र अपने अंतिम वर्ष प्रोजेक्ट के तहत वे आइडिया देंगे जो कि समाज के सर्विस आइडिया पर आधारित हों। छात्रों को छः महीने तक मेंटॉर के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। इसके बाद उन्हें प्रमाणपत्र भी मिलेगा। सीआईसी ने स्पष्ट किया है कि छात्र में ऐसा कौशल होना चाहिए जिससे कि वे अपने आइडिया को प्रोडक्ट में बदल सकें। इसके लिए स्टाइपेंड नहा मिलेगा। डिजाइन इनोवेशन सेंटर डीयू के सीआईसी में है जो डिजाइन थिंकिंग, क्रिएटिव प्रैक्टिस, नई टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है। छात्र 222.ष्द्बष्स्ह्ल्ड्डष्द्बठ्ठ के माध्यम से अपने प्रोजेक्ट आइडिया के लिए आवेदन कर सकते हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी- दुष्कर्म मामलों में पीड़िता का चरित्र सहमति का पैमाना नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि दुष्कर्म के मामलों में पीड़िता के चरित्र को उसकी सहमति का पैमाना नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने कहा कि चाहे किसी महिला का अतीत कैसा भी हो, उसे इच्छा के खिलाफ किसी के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। जस्टिस अमित महाजन की एकल पीठ ने यह टिप्पणी एक विवाहित व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिस पर शादी का झूठा वादा कर दुष्कर्म और अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप था। आरोपी ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। अदालत ने सबूतों में कमियों को देखते हुए मामला रद्द कर दिया, पर यह साफ किया कि किसी महिला के पैसे लेकर साथ जाने का मतलब यह नहीं है कि उसने संबंध के लिए भी सहमति दी। जस्टिस महाजन ने कहा, यहां तक कि कोई महिला जो कुछ राशि के बदले किसी के साथ जाती है, वह भी दुष्कर्म की शिकार हो सकती है। कोर्ट ने यह भी कहा, वह महिला की पिछली शिकायतों या उसके खिलाफ दर्ज मामलों पर टिप्पणी नहीं करेगा, पर यह नहीं नजरअंदाज किया जा सकता कि उसके बयानों में कई विरोधाभास थे और आरोपों को समर्थन देने के लिए कोई ठोस साक्ष्य नहीं थे। हाईकोर्ट ने आगाह किया कि समय के साथ कुछ लोग निजी विवादों में बदले की भावना से कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे वास्तविक पीड़ितों को न्याय पाना मुश्किल हो जाता है। हाईकोर्ट ने कहा कि झूठे आरोप किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए जांच में तथ्यों और परिस्थितियों दोनों को संतुलित रूप से देखा जाना चाहिए। अदालत ने पाया, यह मामला संदेहास्पद है और इसमें पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। इसलिए अदालत ने आरोपी की याचिका स्वीकार करते हुए उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द कर दी। शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसकी ड्रिंक में कुछ मिलाकर उसके साथ जबरदस्ती की और शादी का झूठा वादा कर संबंध बनाए। महिला ने दावा किया कि आरोपी ने उससे करीब आठ लाख रुपये लिए और 10 लाख रुपये और मांगे। धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए तो वह आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो वायरल कर देगा। वहीं, आरोपी ने महिला के चरित्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह पहले भी ऐसे ही मामलों में शामिल रही है और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 के तहत मामले में फंसी थी।

रंजिश का बदला लेने को किया छह साल के बच्चे का अपहरण, पिटाई कर रेल लाइन के पास झाड़ियों में फेंका

दिल्ली। नेताजी सुभाष प्लेस इलाके में पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए एक युवक ने अपने पुराने पड़ोसी के छह साल के बेटे को अगवा कर लिया। बच्चे की पिटाई करने के बाद उसे रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में फेंक कर आरोपी भाग गया। अगले दिन बच्चे को पुलिस ने घायल अवस्था में बरामद कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे और मुखबिरों की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे पंजाबी बाग इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान शकूरबस्ती पंजाबी बाग निवासी मोहम्मद शमीम के रूप में हुई है। 4 नवंबर को नेताजी सुभाष प्लेस थाने को छह साल के बच्चे के अगवा होने की शिकायत मिली। बच्चे की मां ने बताया कि उसका छह साल का बेटा 3 नवंबर की रात सात बजे कुछ सामान खरीदने के लिए दुकान पर गया था, उसके बाद वह घर नहीं लौटा। महिला ने शक जताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे अगवा किया है। एसीपी सृष्टि भट्ट के देखरेख में एक टीम गठित की गई है और अपहृत बच्चे की पुलिस ने तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आस-पास की दुकानों और गलियों में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे और लापता बच्चे की तस्वीरें आसपास के थानों को भेजी। अगले दिन तलाशी के दौरान बच्चा रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में घायल अवस्था में मिला। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उसके शरीर पर काफी चोटें लगी थी और वह बयान देने की हालत में नहीं था। पुलिस ने बच्चे के मिलने वाली जगह के आस पास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला।

NAME CHANGE
I SUBHOD KUMAR S/O SATVEER SINGH R/O G-90/A GALI N0-13 TIR-PAL FACTORY, BHAGIRATHI VIHAR JOHRI PUR DELHI-110094 HAVE CHANGE MY NAME TO SUBODH KUMAR FOR ALL PURPOSE

NAME CHANGE
I Shrikrushna Bhimrao Wankhade father of Wankhade Sachin Shrikrushna presently residing at Village Mhasla, Post - Ladegaon, Tehsil - Karanja Lad, Distt Washim (Mah)- 444110 have changed my name from Shrikrushna Wankhade to Shrikrushna Bhimrao Wankhade and DOB as 03 Aug 1969 to 01 Aug 1969 vide affidavit dated 08/11/2025 executed before Notary Public, New Delhi

सार्वजनिक सूचना
यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, लक्ष्मी राज सिंह, पुत्र श्री जगमोहन सिंह, निवासी मकान संख्या 645 एच/1, नियर अशोका अपार्टमेंट, देवली विलेज, देवली, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली 110062, द्वारा यह घोषणा की जाती है कि मैं अपने पुत्र अरुण कुमार सिंह, निवासी मकान संख्या 645 एच/1, नियर अशोका अपार्टमेंट, देवली विलेज, देवली, दक्षिण दिल्ली 110062, से अपना संबंध समाप्त करता हूं तथा उसे अपने जीवन, अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति, परिसंपत्तियों, और किसी भी प्रकार की संपत्ति या स्वामित्व अधिकार से पूर्ण रूप से वंचित एवं त्यागित करता हूं। यह निर्णय मैंने उसके अत्यंत दुराचार, उत्पीड़न, तथा मेरे और मेरे परिवार के प्रति विश्वासघात के कारण लिया है। उक्त अरुण कुमार सिंह को मेरी किसी भी संपत्ति, परिसंपत्ति, आय, स्वामित्व या किसी भी प्रकार की चल-अचल संपत्ति आदि में कोई अधिकार या अन्य किसी भी प्रकार के अधिकार पर अब या भविष्य में कोई हक नहीं रहेगा। इसके अतिरिक्त, मैं उसके किसी भी कार्य, कर्म, ऋण या देनदारी के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं रहूंगा। कोई भी व्यक्ति या संस्था यदि उससे कोई लेन-देन करती है, तो वह पूर्ण रूप से अपने स्वयं के जोखिम और परिणाम पर करेगी। (लक्ष्मी राज सिंह)

PUBLIC NOTICE
Mrs. Kamlesh Saigal Owner of the Residential Plot/ House no 162, Block-G, area measuring 197.10 sq. meters., situated in Sector-41, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. , Mrs. Kamlesh Saigal have lost Original allotment letter issued by NOIDA in favour of Mr. Manohar Lal Saigal, for which complaint lodged to the police. Therefore, by way of this Public Notice it is hereby notified that any person, Attorney and/or entity, firm/company, society and/or member of the Society, Bank, HUF/member of HUF, Financial Institution having any claim, charge, interest, or lien whatsoever with respect to the Said house or otherwise, may notify to undersigned only on his rahulkumargupta 281401@gmail.com with documentary proof within 15 days from the date of this publication of notice, failing which any such claim etc. shall be deemed to be null and void, whereas title shall be deemed to be clear, and marketable without any defect or encumbrance and free to create equitable mortgage
RAHUL KUMAR GUPTA
(ADVOCATE)
Off.: 43B, Third Floor, Patpargang Village, Mayur Vihar Phase-I, Delhi-1
M-NO- 7252922875

PUBLIC NOTICE
It is hereby notified that I, Happy Kumar S/O Rambir Singh R/O House No. 236, Gali No. 2, Near Jamini School, Nandnagri, Modinagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh -201204, declare that name of mine and my father have been Wrongly Written as Happy Kumar Singh and Ram Bir Singh Teotia in my all educational documents. The actual name of mine and my father are Happy Kumar and Rambir Singh

NAME CHANGE
I, hitherto known as VEENA Alias MEENAKSHI KATYAL W/O ASHOK KATYAL D/O RAMJI DASS R/O T-510/C-82, BALJEET NAGAR, PATEL NAGAR, NEW DELHI, CENTRAL DELHI, DELHI- 110008 have changed my name and shall hereafter be known as MEENAKSHI KATYAL.

NAME CHANGE
I hitherto known as Joginder Kumar S/O Late Shankar Dass R/O 6/122 Subhash Nagar Delhi -110027 have changed my name and shall hereafter be known as Joginder Upneja.

NAME CHANGE
I Said Ahmed Ansari S/O Basheer Ahmad R/O. Gali no-2 Mustafabad loni ghaziabad up changed my name to Shaheed Ahmad.

NAME CHANGE
I Nusarrat Jahan Begum W/O Abdul Basit Ansari R/O. E-72 Gali no-3 Chand Bagh Delhi-110094 changed my name to Musrat jahan.

NAME CHANGE
I Tinku S/O Vijay Kumar R/O. 1/6373 ground floor Rohtash Nagar Shahdara Delhi-110032 changed my name to Tinku Kumar.

NAME CHANGE
I Sunil W/O Omvir Singh R/O. Plot No-434/5, near shishu wala talab mundka Delhi-110041 changed my name to Sunil Kumari.

NAME CHANGE
I DESH RAJ S/O OM PRAKASH R/O H NO-A 523 GALI NO-3 CHANDER LOK COLONY SHAHDARA DELHI-110093 , have changed my name to DESHRAJ SHARMA for all future purpose.

NAME CHANGE
I, MUHAMMAD SAAD REHMANI son of Shakeel Rehmani R/o 4157, Gali Shahtara, Ajmeri Gate, Delhi-110006 have changed my Name from Mohammad Saad Rehmani to Muhammad Saad Rehmani for all future purposes. That my true and exact date of birth is 03/09/1996.

NAME CHANGE
I, HUSSAIN REHMANI son of Shakeel Rehmani R/o 4157, Gali Shahtara, Ajmeri Gate, Delhi-110006 have changed my Name from Mohammad Hussain Rehmani to Hussain Rehmani for all future purposes.

NAME CHANGE
I, No. 14849163P, Rank-HAV Name-SARAVANAN M, Presently residing at NO-12/86 85-175, TUMBIPADI KADUVALAVU, TAMBIPADI, SALEM, TAMIL NADU-636305, have changed my father's name from MANICKAM to MANIKKAM PALANI for all future purposes vide Affidavit dated 13/11/2025 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE
I,Satpal Singh S/O Hayat Singh R/O C-140 , Chandan Vihar, Near Shani Bazar Road , Nihal Vihar, Nangloi, PO: Nangloi, Dist: West Delhi, Delhi - 110041, have changed the name of my minor daughter Aarushi Bisht aged 14 years and she shall hereafter be known as Arushi

NAME CHANGE
I SIMMANT GUPTA S/O SURESH CHANDRA GUPTA R/O H.NO K- 60 GALI NO-6 NEAR SBI BANK LAXMI NAGAR DELHI -110092, I have changed my name to SIMANT GUPTA Permanently

NAME CHANGE
I REEMA KAPOOR W/O MANISH CHOPRA R/O FLAT NO- 4, U/G/F B6 AND B7 D,K ROAD MOHAN GARDEN UTTAM NAGAR DELHI - 110059, I have changed my name to REEMA CHOPRA Permanently

NAME CHANGE
I, BAGARI W/O NISHAR ALI, residing at H NO-460, DEEPAK VIHAR, KHORA, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH 201301. have changed my name to VASGRI for all future purpose.

NAME CHANGE
I, MADHAV SINGH father of NO-17022381L Rank-CFN, Name-MOHAN Presently residing at H NO-36, VPO-KOTRA CHOPRA, TEHSIL-BERASIA, DIST-BHOPAL, MADHYA PRADESH-462101 have changed my name MADHAV SINGH to MADHO SINGH for all future purposes vide Affidavit Dated 13/11/2025 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE
I GAURAV S/O RAJENDER KUMAR R/O A 525 GALI NO-1 PURANI POLICE CHOWKI NABI KARIM SWAMI RAM TIRTH NAGAR DELHI-110055, have changed my name to GAURAV KUMAR for all future purpose.

NAME CHANGE
I, PUSVINDER KAUR Mother of No-19006391X Rank-NK Name-GURPREET SINGH Presently residing at RAIPUR SANI, PO-KOTLA POWER HOUSE, DIST-RUPNAGAR, PUNJAB-140116, have changed my name from PUSVINDER KAUR to PUSHVINDER KAUR for all future purposes vide Affidavit dated 13/11/2025 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE
I, BAHADAR SINGH Father of No-19006391X Rank-NK Name-GURPREET SINGH Presently residing at RAIPUR SANI, PO-KOTLA POWER HOUSE, DIST-RUPNAGAR, PUNJAB-140116, have changed my name from BAHADAR SINGH to BAHADUR SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 13/11/2025 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE
It is for general information that I, PINKI SINGH W /O ROHIT KUMAR Permanent Residing at: AMI, PO: AAMI, DIST: SARAN, BIHAR-841207, Presently Resident at FLATE NO. UG-3, B/SIDE, H.NO 125-B, BAGDOLA VILLAGE, NEAR KRISHNA MANDIR, SECTOR-8 DWARKA, NEW DELHI-110077 declare that name of mine has been wrongly written as PINKI KUMARI in my minor son ANKIT RAJ SINGH aged 14 years in his school Transfer certificate-2234903. The actual name of mine is PINKI SINGH, which may be amended accordingly.

NAME CHANGE
I, Tarun S/o Ranjeet Singh Chauhan R/o 3271, Door Wali Gali, Ram Bazar, Mori Gate, Delhi-110006 have changed my name to Tarun Chauhan.

NAME CHANGE
I Mona Sikka, W/o Sanjeev Sikka, R/o W 19 greater kailash part 2 new delhi 110048, I Have changed my name to Aarti Raxit For all Future purpose

NAME CHANGE
I, SADIA SAYEED W/o Mohd Zafar R/o C-55/7, F/F, Gali No.6, Mandir Wali Gali, Kh.No.181, Chauhan Bangar, Seelampur, Delhi-110053, have changed my name to SADIA permanently

NAME CHANGE
I, ASMA W/o Mohammad Swaleheen R/o H.No.1185, Gali No.39, Main Road, Jafrabad, Seelampur, Delhi-110053, have changed my name to ASMA MALIK permanently

NAME CHANGE
I, DESH RAJ R/o H.No.461, Kashmiri Bagh, Kishan Ganj, Delhi-110007, have changed my minor daughter's name from AVNI to AVNI BADALIA for all future purposes

NAME CHANGE
I, Kamlesh Nagpal W/o Kishan Lal Nagpal R/o A-128, Vivek Vihar Phase-2, Vivek Vihar, Delhi-110095 have changed my name to Kamlesh.

PUBLIC NOTICE
It is for general information that I Tej Bahadur Thapa S/O: Late Bhim Bahadur Thapa, R/O A- 33 /B Freedom Fighter Enclave Ignou Road gate no- 1 Neb Sarai , South Delhi, New Delhi, 110068,declare that name of mine and my father has been wrongly written as Tej Bahadur and Dhin Bahadur in my 10th class educational document. The actual name of mine and my father are TEJ BAHADUR THAPA and BHIM BAHADUR THAPA, respectively which may be amended accordingly

NAME CHANGE
I, Nihal Singh S/O Jagjeet Singh R/O Pilkhana, PO: Pilkhana, Dist: Bulandshahr, Uttar Pradesh -202393, have changed my name and shall hereafter be known as Amrat Singh

NAME CHANGE
I, Prakash Chandra alias Prakash Chand S/O Jaman Ram R/O- 129 GF , Niti Khand -1, Indirapuram, Shipra Sun City , Ghaziabad, Uttar Pradesh -201014, have changed my name and shall hereafter be known as Prakash Chandra

PUBLIC NOTICE
It is for general information that I ZAINAB MANZOOR D/O MANZOOR UL HAQUE R/O H.No- 3675 to 3679 Third Floor, Qazi Apartment, Neta Ji Subhash Marg, PO- Darya Ganj, Sub District- Darya Gani, District: Central Delhi, State- Delhi-110002, declare that name of my mother has been wrongly written as ERAM MANZOOR in my 10th and 12th class Educational Documents. The actual name of my mother is ERAM AMIR which may be amended accordingly.

PUBLIC NOTICE
It is for general information that I SAMIYA MANZOOR D/O MANZOOR UL HAQUE R/O H.No- 3675 to 3679 Third Floor, Qazi Apartment, Neta Ji Subhash Marg, PO- Darya Ganj, Sub District- Darya Gani, District: Central Delhi, State- Delhi-110002, declare that name of my mother has been wrongly written as ERAM MANZOOR in my 10th and 12th class Educational Documents. The actual name of my mother is ERAM AMIR which may be amended accordingly.

PUBLIC NOTICE
Mrs. Madhu Bhatnagar Owner of the Residential Unit no C-501 , 5th floor , in DPS Housing Society through DPS Sehkari Awas Samiti Ltd. , plot no A-100/2 , sector -51 , , in Noida, District Gautam Budha, Nagar, U.P. , Mrs. Madhu Bhatnagar have lost Original allotment letter and possession letter issued By DPS Sahkari Awas Samiti Ltd, In favour of Ms. Renu Saxena, for which complaint lodged to the police. Therefore, by way of this Public Notice it is hereby notified that any person, Attorney and/or entity, firm/company, society and/or member of the Society, Bank, HUF/member of HUF, Financial Institution having any claim, charge, interest, or lien whatsoever with respect to the Said house or otherwise, may notify to undersigned only on his rahulkumargupta 281401@gmail.com with documentary proof within 15 days from the date of this publication of notice, failing which any such claim etc. shall be deemed to be null and void, whereas title shall be deemed to be clear, and marketable without any defect or encumbrance and free to create equitable mortgage
RAHUL KUMAR GUPTA
(ADVOCATE)
Off.: 43B, Third Floor, Patpargang Village, Mayur Vihar Phase-I, Delhi-1
M-NO- 7252922875

NAME CHANGE
I FAISAL JAMAL S/O MUSTHAFA HUSSAIN R/O HOUSE NO. 293, SANT NAGAR, OLD FARIDABAD, FARIDABAD, 121002, HARYANA, HAVE CHANGED MY NAME TO MUNNA

NAME CHANGE
I hitherto known as Gurvinder Singh Chawla alias Gurvinder Singh S/O Surjeet Singh chawla, R/O 75 iind Floor, West Mukherjee Nagar New Delhi North west Delhi Delhi 110009 . have changed my name and shall hereafter be known as Gurvinder Singh Chawla.

NAME CHANGE
I, hitherto known as Vandana D/O Binod Kumar Singh, R/O L-12, Ground floor block-L, mohan garden, rama park, D.K.Mohan Garden, PO: Uttam

पंचायती जमीन पर बनी 50 मकानों की चारदीवारियां तोड़ी

एजेंसी

हिसार। नारनौंद क्षेत्र के गांव राजथल में प्रशासन ने अवैध कब्जों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक मकानों और प्लॉटों की चारदीवारियां ध्वस्त की गईं। पूरी कार्रवाई अधिकारियों की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कार्रवाई के लिए नारनौंद कॉलेज के प्राध्यापक कृष्ण कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। ब्लॉक बीडीपीओ कार्यालय से एसईपीओ विकास सैनी और ग्राम सरपंच प्रतिनिधि अनिल गोदारा भी प्रशासनिक टीम के साथ मौजूद रहे। प्रशासन ने कुछ दिन पहले ही अवैध कब्जा धारकों को नोटिस जारी किए थे। बुधवार दोपहर करीब दो बजे भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अमला गांव राजथल पहुंचा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिकारियों ने पहले निरीक्षण किया और फिर जेसीबी मशीनों से अवैध निर्माणों को ढहाने का काम शुरू किया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह जमीन ग्राम पंचायत की शामलात भूमि थी, जिस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान या चारदीवारी बना ली थी। पंचायत की शिकायत और उच्चाधिकारियों के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। लगभग 50 मकान और प्लॉटों की चारदीवारियां तोड़ी गईं।एसईपीओ विकास सैनी ने बताया कि अवैध कब्जों को हटाने की यह कार्रवाई लंबे समय से लंबित थी। कई बार नोटिस देने के बावजूद कब्जा धारकों ने जमीन खाली नहीं की, जिसके बाद प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा।

मेयर ने किया एक करोड़ चार लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ

हिसार। नगर निगम द्वारा शहर में विकास कार्यों को तेजी से करवाए जा रहे है। इसी कड़ी में वार्ड 4 में लगभग एक करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ मेयर प्रवीण पोपली ने किया। इन कार्यों में मुख्य रूप से सड़कों के निर्माण और मास्टिक लेयर बिछाने के कार्य शामिल हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी। मेयर प्रवीण पोपली ने बुधवार को कहा कि निगम का लक्ष्य शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाना है, ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए और परियोजनाएं तय समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं। इस अवसर पर पार्षद हरि सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, एमई अमित बेरवाल, जेई कुशुल सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने निगम द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों के लिए मेयर का आभार व्यक्त किया और कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से वार्ड की सूरत में बड़ा सुधार आएगा।

गोदाम में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

रोहतक। हरियाणा के रोहतक जिले के प्रताप चौक स्थित पंचमुखी मार्केट पंचमुखी मार्केट में बने गोदाम में आज शार्ट सर्किट से आग लग गई और गोदाम में रखे गैस सिलेंडर को अपनी चपेट में ले लिया। गैस सिलेडरों के फटने से जोर का धमका हुआ, जिससे आसपास के लोग दहल गए। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाडियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि गोदाम में कपडो व चप्पलों का स्टॉक रखा हुआ था। आग लगने से दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। दुकानदारों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस भी मामले की जांच में जुटी है। इस बारे में जांच अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए गए है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने के सही कारणों का पता चल पाएगा ।

अध्यापक पर हमले के विरोध में शिक्षकों ने दिया धरना

जींद। जुलाना क्षेत्र के बुढ़ाखेड़ा लाठर गांव के सरकारी स्कूल में अध्यापक पर हुए हमले के विरोध में शिक्षकों ने स्कूल परिसर में धरना दिया और बच्चों की छुट्टी कर दी गई। शिक्षकों ने मांग की है कि उन्हें सुरक्षा दी जाए। जब तक उन्हें सुरक्षा नही मिलती है तब तक वो स्कूल मे बच्चों को नही पढ़ाएंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को अध्यापक नंद किशोर पर तीन नाबालिग छात्रों द्वारा बर्फ तोडने वाले सुए से हमला किए जाने के बाद से शिक्षकों में भारी रोष है। मंगलवार को बूढ़ा खेड़ा लाठर गांव में तीन नाबालिग छात्रों ने अध्यापक नंद किशोर पर अचानक हमला कर दिया था। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत रोहतक के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद शिक्षकों ने इसकी शिकायत पुलिस और खंड शिक्षा अधिकारी को दी थी लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इसी के विरोध में अध्यापकों ने स्कूल में पढ़ाई कार्य पूरी तरह से ठप कर दिया और स्कूल प्रांगण में धरने पर बैठ गए। उन्होंने प्रशासन से आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। अध्यापकों का कहना है कि जब तक दोषी छात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होतीए तब तक वे कक्षाएं नहीं लेंगे। धरने पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से शिक्षकों में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। उन्होंने प्रशासन से शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कार्यवाहक प्राचार्य जयदीप ने बताया कि एक शिक्षक पर छात्रों द्वारा हमला कर घायल कर दिया। उसी के विरोध में स्टाफ ने धरना शुरू किया है। स्कूल से बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। जब तक आरोपियों पर कार्यवाही नही होती तब तक बच्चों को नही पढ़ाया जाएगा। स्कूल में भय का माहौल बना हुआ है।

हरियाणा सरकार ने शेफाली वर्मा को दिए डेढ करोड़ व ग्रेड ए ग्रेडेशन सर्टिफिकेट

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्व कप विजेता-2025 भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी शेफाली वर्मा को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए 1.50 करोड़ रुपये का चेक व ग्रेड ए ग्रेडेशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। साथ ही हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा क्रिकेटर शेफाली वर्मा को ब्रांड एंबेसडर भी बनाया गया। मुख्यमंत्री ने यह सम्मान चंडीगढ़ आवास पर दिया। इस दौरान शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और क्रिकेटर शेफाली वर्मा के पारिवारिक सदस्य दादा, पिता और भाई मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने उन्हें स्मृति चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शेफाली वर्मा व उसके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा

युवाओं का हब है और हमारी बेटियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर झंडे का मान बढ़ाने का काम किया है। यही नहीं प्रदेश की बेटी ने वर्ल्ड कप के फाइनल में अहम भूमिका निभाकर भारत को वर्ल्ड चैंपियन बनवाया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने परिवार के साथ-साथ प्रदेश व देश के मान को बढ़ाने का काम किया है। यह पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राज्य सरकार खिलाडियों को प्रोत्साहन करने के लिए अनेक योजनाएं बना रही है। क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें वर्ल्ड कप जीतने पर बहुत खुशी हुई। यह सिर्फ हमारी टीम की जीत नहीं बल्कि पूरी महिला क्रिकेटर टीम की जीत है। हरियाणा की मिट्टी में स्पोर्ट्स की भावना है और प्रदेश के सभी लोग स्पोर्ट्स को प्रोत्साहित करते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर बहुत आत्मविश्वास बढ़ा है। साथ ही देश व प्रदेश वासियों को कहा कि हमेशा अच्छी मेहनत करे। राज्य सरकार खिलाडियों को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि आप अपने आप पर विश्वास रखकर मंजिल हासिल करे और अपने माता-पिता का नाम रोशन करे।

फर्जी गेमिंग ऐप से लोगों को मुनाफे का लालच देकर ठगे 23.94 लाख रुपये

एजेंसी

गुरुग्राम। फर्जी गेमिंग ऐप के माध्यम से लोगों मोटा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी से जुआ/सट्टा खिलाकर ठगी करने के चार मेवाती साइबर ठगों को गुरुग्राम पुलिस ने काबू किया है। आरोपियों के कब्जा से वारदात में प्रयोग 14 फर्जी स्टैंप, 23 लाख 94 हजार रुपए तथा एक काली स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है। थाना शहर सोहना के उप-निरीक्षक संदीप ने बताया कि आरोपियों के बैंक खातों का तकनीकी अध्ययन करने पर पता चला कि एक आरोपी के बैंक खाते में लगभग 16 करोड़ का आदान-प्रदान हुआ है। जानकारी के अनुसार 10 नवंबर 2025 को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना शहर सोहना में सूचना दी कि मेवात का साइबर ठग सद्दाम, मोसिम, मोहमद इरशाद व शाहरुख अपने अन्य साथियों के साथ एक कार में सवार होकर भारी मात्रा में नकदी लेकर मेवात जा रहे हैं। ये फर्जी गेमिंग ऐप के माध्यम से लोगों को गेम खिलाते हैं। उनके पैसे गैर कानूनी कार्य में लगाकर करोड़ों रुपए कमाते हैं। सोहना पुलिस थाना उप-निरीक्षक संदीप ने सोहना शहर में अम्बेडकर चौक पर नाकाबंदी करके चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार आती दिखाई दी। गाड़ी की पुलिस ने चेकिंग की तो उसमें चार व्यक्ति सवार मिले। आरोपियों की पहचान सद्दाम (उम्र-32 वर्ष, शिक्षा 12वीं) शाहरुख (उम्र-30 वर्ष, शिक्षा पॉलिटेक्निक, मोसीम (उम्र-30 वर्ष, शिक्षा 12वीं) व मोहम्मद इरशाद (उम्र-33 वर्ष, शिक्षा 10वीं) निवासी गांव चंदेनी जिला नूंह के रूप में हुई।

हरियाणा के पांच जिलों में लिंगानुपात सुधरा

पिछले वर्ष के 904 के मुकाबले 912 पर पहुंचा लिंगानुपात

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार हेतु राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक स्वास्थ्य सेवाएँ निदेशक डॉ.वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि राज्य में पहली जनवरी से 10 नवंबर तक लिंगानुपात 912 दर्ज किया गया है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 904 था। बैठक के दौरान डॉ. वीरेंद्र यादव ने अवैध गर्भपात के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया और अधिकारियों को दोषी पाए जाने वाले डॉक्टरों के लाइसेंस रद्द करने सहित दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि चरखी दादरी के गोपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ को खराब लिंगानुपात के लिए आरोप पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा, नारायणगढ़, मुलाना और चौरमस्तपुर के प्रभारी एसएमओ और पलवल, चरखी दादरी, सिरसा और सोनीपत के सीएमओ को इस संबंध में कारण

> **बैठक में बताया गया कि चरखी दादरी के गोपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ को खराब लिंगानुपात के लिए आरोप पत्र जारी किया गया है।**

बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। डॉ.यादव ने अधिकारियों को एक वर्ष से कम उम्र की सभी अपंजीकृत बच्चियों का पंजीकरण करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए, खासकर उन जिलों में जहां लिंगानुपात में गिरावट देखी जा रही है। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सटीकता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सीआरएस पोर्टल के आंकड़ों को वास्तविक प्रसव रिकॉर्ड के साथ जोड़ा जाए।

उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को चल रहे अवैध गर्भपात के मामलों में दोषसिद्धि दर में सुधार के प्रयासों को मजबूत करने और आवश्यकतानुसार नई अपील दायर करने के निर्देश भी दिए। जिलेवार प्रदर्शन पर प्रकाश डालते हुए बैठक में बताया गया कि फ़तेहाबाद, गुरुग्राम, पंचकूला, पानीपत और रेवाड़ी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जबकि सिरसा, सोनीपत और चरखी दादरी में गिरावट देखी गई है। इन ज़िलों को सतर्कता बढ़ाने, अवैध गर्भपात पर अंकुश लगाने और अपने-अपने लिंगानुपात में सुधार के लिए अल्ट्रासाउंड केंद्रों का समन्वित निरीक्षण करने के सख्त निर्देश दिए गए।

अब सीएलयू के लिए चाहिए केवल तीन दस्तावेज

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा ने निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। राज्य सरकार ने अपने विनियमन-मुक्ति (डीरेग्युलेशन) अभियान के तहत 9 प्रमुख सुधार लागू कर दिए हैं, जबकि 13 अन्य सुधारों को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य वर्ष के अंत तक सभी 23 सुधारों को पूर्ण करना है, जिससे प्रदेश में उद्योग और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव के.के.पाठक और हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में इन सुधारों पर प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में नगर एवं ग्राम आयोजना, श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तुतियां दी।

नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने मिश्रित उपयोग विकास की अनुमति देते हुए ज़ोनिंग को अधिक लचीला बनाया है। भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) प्रक्रिया को

सरल बनाते हुए आवश्यक दस्तावेजों की संख्या 19 से घटाकर केवल तीन कर दी गई है। अब इसके लिए स्वामित्व प्रमाण, परियोजना रिपोर्ट और क्षतिपूर्ति बांड की ही आवश्यकता होगी।

औसत स्वीकृति समय अब घटकर 36 दिन रह गया है। ग्रामीण उद्योगों के लिए न्यूनतम सड़क चौड़ाई को घटाकर 20 फुट करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। हरियाणा भवन संहिता (बिल्डिंग कोड) में संशोधन हेतु सार्वजनिक परामर्श प्रक्रिया जारी है, जिसके अंतर्गत डेटा सेंटरों और आईटी पार्कों के लिए एफएआर (फ्लोर एरिया रेश्यो) बढ़ाने, सेटबैक कम करने तथा औद्योगिक परिसरों में औद्योगिक आवास बनाने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। श्रम विभाग ने कई प्रगतिशील सुधार लागू किए हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों को सशक्त बनाना और उद्योगों को परिचालन सम्बन्धी अधिक स्वतंत्रता प्रदान करना है। अब महिलाओं को फैक्टरियों और दुकानों समेत सभी क्षेत्रों में रात्रि पाली (शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक) में कार्य करने की अनुमति दी गई है। फैक्ट्री बंद करने और छंटनी से संबंधित प्रक्रियाओं को भी सरल एवं तर्कसंगत बनाया गया है।

दिल्ली धमाके के बाद गुरुग्राम में पुलिस, प्रशासन अलर्ट

एजेंसी

गुरुग्राम। दिल्ली के लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास हुए बम ब्लास्ट के बाद गुरुग्राम में पुलिस, प्रशासन अलर्ट हैं। एक तरफ तो पुलिस जिलाभर में सर्च अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों को दबोच रही है, दूसरी तरफ जिला उपायुक्त की ओर से गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अभी से ही धारा 163 लगाकर ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी है। सभी सुरक्षा एजेंसियों मुस्तैद हैं।

पुलिस की ओर से संदिग्ध लोगों की डिटेल खंगाली जा रही हैं। किराएदारों के वेरिफिकेशन व उनकी डिटेल रखनी अनिवार्य कर दी गई है। उपायुक्त अजय कुमार ने साइबर कैफे संचालकों, पीजी, गेस्ट हाऊस, होटलों, मकान मालिकों और अन्य कार्यालयों को अपने किराएदारों, नौकरों, विजिटरों और अतिथियों का रिकॉर्ड उनके आईडी प्रूफ के साथ रखने के आदेश दिए हैं। उपायुक्त अजय कुमार की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 धारा 163 के तहत लगाए गए प्रतिबंध जिले में तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं। ये प्रतिबंध आगामी 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे। डीसी ने



अपने आदेश में जिले में ड्रोन, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, ग्लाइडर, पावर ग्लाइडर, हॉट एयर बैलून, काइट फ्लाइंग और चाइनीज माइक्रो लाइट के प्रयोग पर भी ऐहतियात प्रतिबंध लगा दिया है।आरडब्ल्यूओ से भी मांगी गई हैं जानकारी

पुलिस मुख्यालय की ओर से जिला के सभी पुलिस थानों के एसएचओ को अपने-अपने क्षेत्रों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) से संदिग्ध लोगों की जानकारी देने के लिए तुरंत प्रभाव से मैसेज भेजने के आदेश दिए गए हैं। एसएचओ को स्पष्ट कहा गया है कि वे कॉलोनियों, सोसाइटियों और अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित करें। किराएदारों, नए आए लोगों, असामाजिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों या किसी भी तरह की संदिग्ध हरकत करने वालों की जानकारी लें। कई सोसाइटियों में गेटों पर अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी फुटेज की मॉनिटरिंग बढ़ा दी गई है।घनी आबादी वाले इलाके में चलाया गया सर्चिंग अभियान सुरक्षा के तहत पुलिस द्वारा गुरुग्राम के सभी प्रमुख क्षेत्रों सेक्टर-56, बादशाहपुर, पुराना शहर, सदर बाजार, साइबर सिटी, सोहना रोड, द्वारका एक्सप्रेसवे और पुराने गुरुग्राम की कॉलोनियों में ने सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीमें फील्ड में जाकर जांच भी कर रही है। खासकर जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, नॉर्थ ईस्ट और बंगाल के लोगों के रहने के इलाके खंगाले जा रहे हैं। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देशानुसार शहर के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर एसएचओ की ड्यूटी लगाई गई है। एसएचओ दिन में कई बार यहां का दौरा करते रहेंगें।

शहर के प्रमुख सदर बाजार स्थित जामा मस्जिद, शीतला माता मंदिर, सदर बाजार, रेलवे स्टेशन और बस अड्डा के साथ साथ तमाम मेट्रो स्टेशन पर भी सुरक्षा पुख्ता की गई है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि गुरुग्राम जिला राजधानी दिल्ली की सीमा के साथ लगता है। यहां बड़े पैमाने पर कॉरपोरेट कार्यालय हैं। इसलिए यहां सुरक्षा तंत्र मजबूत होना जरूरी है।

हिसार की दिव्या डूडी को यूनिवर्सिटी में टॉप करने पर मिला गोल्ड मेडल

एजेंसी

हिसार। जिले के गांव फ्रांसी निवासी दिव्या डूडी ने एमआईटी आर्ट डिजाइन एंड टेक्नोलोजी यूनिवर्सिटी पूणे, महाराष्ट्र में बीए एडमिनिस्ट्रेशन में टॉप किया है। इस उपलब्धि पर दिव्या को गोल्ड मेडल दिया गया। उन्हें यह सम्मान यूनिवर्सिटी के 8वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रदान किया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर विश्वनाथ करड़ ने दिव्या की सराहना की। एक साधारण परिवार में जन्मी दिव्या की उपलब्धि पर परिवार तथा गांव में खुशी का माहौल है। दिव्या के पिता बलजीत सिंह डडी व माता बीरमति ने बताया कि दिव्या शुरू से ही पढ़ाई में परिश्रमी रही हैं और परीक्षा परिणाम में

अव्वल स्थान प्राप्त करती रही हैं। उन्होंने अपनी 10वीं व 12वीं की पढ़ाई केएल आर्य डीएवी पब्लिक स्कूल से हासिल की। 12वीं की परीक्षा में दिव्या ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद उनका दाखिला एमआईटी आर्ट डिजाइन एंड टेक्नोलोजी यूनिवर्सिटी में बीए एडमिनिस्ट्रेशन में हो गया। यहां भी दिव्या ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी में टॉप किया। यूनिवर्सिटी में कक्षा प्रतिनिधि के रूप में भी अपनी जिम्मेवारी बखूबी निभाई। बीए एडमिनिस्ट्रेशन के फाइनल ईयर के दौरान ही दिव्या ने कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) का एग्जाम प्रथम बार में ही पास कर लिया और अच्छा रैंक प्राप्त कर आईआईएम उदयपुर में एडमिशन ले लिया। दिव्या आईआईएम उदयपुर की कॉस्टिटयूशनल रि-ड्राफ्टिंग कमेटी की सदस्य भी हैं।

धीरेंद्र शास्त्री बोले,हिंदू एकजुट होंगे तो धमाके नहीं होंगे

'सनातन एकता पदयात्रा' के पांचवें दिन पलवल में उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी

पलवल। बागेश्वर धाम के प्रमुख पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 'सनातन एकता पदयात्रा' पांचवें दिन पलवल जिले के तुमसरा गांव से शुरू हुई। हजारों श्रद्धालुओं के जयकारों और भजन-कीर्तन के बीच यात्रा ने आगे बढ़ते हुए वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इस दौरान धीरेंद्र शास्त्री नीले रंग की पोशाक में नजर आए और साधु-संतों, महिलाओं, युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनके साथ पदयात्रा की। दिल्ली में हाल ही में हुए ब्लास्ट की घटना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। यात्रा के साथ हरियाणा पुलिस की पांच कंपनियां सुरक्षा के लिहाज से तैनात हैं। सुरक्षा कर्मियों ने पूरे मार्ग पर चौकसी बढ़ा दी है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर नजर आया। कई स्थानों पर युवकों ने ट्रक और पेड़ों पर चढ़कर फूल बरसाए, जबकि महिलाएं आरती की थाल लेकर मार्ग के दोनों ओर खड़ी रहीं। यात्रा के बीच में ही धीरेंद्र शास्त्री ने जमीन पर बैठकर ढोल भी बजाया, जिससे माहौल में भक्ति और उल्लास का संगम देखने को मिला। जनसभा को संबोधित करते हुए धीरेंद्र कृष्ण

शास्त्री ने कहा कि 'अगर हिंदू एकजुट होंगे तो देश में धमाके नहीं होंगे। इन घटनाओं में हमेशा एक ही समुदाय के लोगों का नाम क्यों आता है, यह सोचने वाली बात है। अभी आठ लोग मरे हैं, लेकिन अगर हिंदू एक नहीं हुए तो भविष्य में 80 हजार लोग भी मर सकते हैं।' उन्होंने कहा कि 'हिंदू एकता में जितनी देर होगी, संख्या उतनी ही घटती जाएगी। अगर इस देश के 100 करोड़ हिंदू एक साथ खड़े हो जाएं, तो कोई भी दंगा करने वाला घर से बाहर नहीं निकल पाएगा।' उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति को बचाना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। यात्रा आज तुमसरा से प्रारंभ होकर बंचारी गांव तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने दोपहर का भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद यात्रा आगे बढ़कर होडल की नई अनाज मंडी में रात्रि विश्राम करेगी। सोमवार को यात्रा ने लगभग 16 किलोमीटर का सफर तय किया।

हरियाणा में सड़क हादसों के 251 का सुधार लंबित

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा में सड़क हादसों के दौरान होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के लिए पुलिस महानिदेशक पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। दो दिन पहले प्रदेश के सभी थाना प्रभारियों तथा पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने के निर्देश जारी करने के बाद डीजीपी ओपी सिंह ने ब्लैक स्पॉट खत्म करने के लिए राज्य व केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। डीजीपी ने यह पत्र सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर, आईएएस तथा लोक निर्माण (भवन एवं सडक़ें) विभाग, हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल को लिखा है। डीजीपी ओ.पी. सिंह ने पत्र में लिखा है कि हरियाणा पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किए गए विश्लेषण में राज्यभर में कई ऐसे ब्लैक स्पॉट्स की पहचान हुई है जहां कम समय में पांच या अधिक सडक़ दुर्घटनाएं हुई हैं। वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच कुल 474 ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए गए, जिनमें से अब तक 223 स्थलों का सुधार कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 251 ब्लैक स्पॉट्स पर कार्य लंबित है। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर सडक़ सुधार, साइनेज लगाना, सर्विस रोड निर्माण, गति नियंत्रक उपाय और लाइट व्यवस्था में सुधार जैसी इंजीनियरिंग पहलों में देरी के कारण लगातार दुर्घटनाएँ हो रही हैं, जिससे अनावश्यक रूप से जनहानि हो रही है।राज्य सरकार द्वारा सडक़ हादसे के पीड़ितों के लिए डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस और निःशुल्क उपचार की योजना लागू की गई है, जिससे दुर्घटना के तुरंत बाद घायल व्यक्तियों को समय पर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जा सके। वर्ष 2020 से 2025 की अवधि में हरियाणा में कुल 413 ब्लैक स्पॉट्स विभिन्न वर्षों में चिन्हित किए गए हैं। इनमें से लगभग 183 ब्लैक स्पॉट्स लंबित हैं, जिन पर प्राथमिकता के आधार पर सुधार कार्य जारी है।

बढ़ते प्रदूषण के कारण कक्षा 5 तक के स्कूल बंद, ऑनलाइन या हाइब्रिड मॉडल से पढ़ाई

एजेंसी

पंचकूला । हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के जिलों में बढ़ते वायु प्रदूषण के स्तर को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत गंभीर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के कारण कक्षा 5 तक की कक्षाओं के लिए स्कूल में आना बंद करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्देश माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा सभी संबंधित उपायुक्तों को भेजा गया है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि एनसीआर क्षेत्र के उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में वायु गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति का आकलन करना होगा। यदि एक्यूआई स्तर गंभीर श्रेणी में बना रहता है, तो सरकारी और निजी स्कूलों में प्री-प्राइमरी से कक्षा 5 तक की ऑफलाइन कक्षाएं तत्काल प्रभाव से बंद कर दी जाएंगी। इसके स्थान पर स्कूलों को ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड में पढ़ाई जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं, बशर्ते ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध हो। निर्देश में यह भी जोर दिया गया है कि वायु गुणवत्ता का आकलन करते समय शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को अलग-अलग देखा जाए। कई बार शहरी इलाकों में एक्यूआई अधिक

खराब होता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर हो सकती है। इसलिए जिले में सभी जगह स्कूल बंद करने की बजाय लचीलापन रखा गया है। उपायुक्तों को अपने जिलों के सभी ब्लॉकों से वायु गुणवत्ता डेटा एकत्रित कर संकलित रिपोर्ट तैयार करनी होगी। सरकार का मुख्य उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है। बढ़ता स्मॉग, धूल और जहरीली गैसों का मिश्रण छोटे बच्चों के फेफड़ों और श्वसन तंत्र पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि 10 साल से कम उम्र के बच्चे प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसलिए स्कूल बंद करना और घर से पढ़ाई कराना एक सुरक्षित विकल्प है।

स्कूल प्रबंधनों को तत्काल प्रभाव से ऑनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था करनी होगी। जहां इंटरनेट या डिवाइस की कमी है, वहां हाइब्रिड मॉडल अपनाया जा सकता है। अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की गई है कि वे बच्चों को बाहर खेलने या स्कूल आने से रोकें।

अखिलऑपरेशन ट्रैक डाउन: हरियाणा पुलिस ने 1631 अपराधियों को किया गिरफ्तार, 319 कुख्यात बदमाशों पर शिकंजा

एजेंसी

चंडीगढ़ । हरियाणा पुलिस ने अपराध के खिलाफ अपने सबसे बड़े अभियान 'ऑपरेशन ट्रैक डाउन' में अब तक की सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के नेतृत्व में चल रहे इस राज्यव्यापी मिशन के तहत अब तक कुल 1,631 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 319 कुख्यात और अंतरराज्यीय अपराधी शामिल हैं। 'ऑपरेशन ट्रैक डाउन' हरियाणा पुलिस की वह पहल है, जिसका लक्ष्य राज्य में सक्रिय वांछित, फरार, इनामी और आदतन अपराधियों को पकड़कर कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाना है। यह अभियान पुलिस की खुफिया जानकारी, तकनीकी क्षमता और फील्ड समन्वय का बेहतरीन उदाहरण बन गया है। अंबाला पुलिस ने अंतरराज्यीय ईरानी गैंग के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना गुलाम अब्बास उर्फ रिहाना रजवी, मोहम्मद खान, अकबर मियां शेख और असदुल्ला खान उर्फ कालिया शामिल हैं। यह गिरोह देशभर में सोना और हीरे की चोरी व ठगी की 105 से अधिक वारदात में शामिल रहा है। पुलिस ने इनके पास से चार मोबाइल, चार सिम कार्ड और दो स्कूटी बरामद की हैं। इन बरामदगी से यह स्पष्ट होता है कि यह गिरोह देश के कई राज्यों में फैले नेटवर्क के जरिए सक्रिय था। सिरसा जिले की डबवाली पुलिस ने नशा तस्करी के नेटवर्क पर करारा वार किया है। पुलिस ने 256.13 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत करीब सवा करोड़ रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में तीन अंत

डीएचएल समूह भारत में करेगा 1 अरब यूरो का निवेश

मुंबई वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीएचएल समूह ने 2030 तक भारत में करीब 1 अरब यूरो निवेश करने की घोषणा की है। यह कदम कंपनी की रणनीति 2030- त्वरित सतत विकास योजना का हिस्सा है और भारत को एक प्रमुख विकास बाजार के रूप में दर्शाता है। डीएचएल का लक्ष्य भारत में अपने ग्राहकों के लिए विश्वसनीय और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स सेवाओं का विस्तार करना है। कंपनी का यह बहु-स्तरीय निवेश कार्यक्रम जीव विज्ञान और स्वास्थ्य सेवा, नई ऊर्जा, ई-कॉमर्स और डिजिटलीकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में केंद्रित होगा।

महिंद्रा और मनुलाइफ ने भारत में जीवन बीमा संयुक्त उद्यम की घोषणा की

शुरुआती पांच वर्षों में प्रत्येक शेयरधारक 1,250 करोड़ का निवेश करेगा

नई दिल्ली महिंद्रा एंड महिंद्रा ने गुरुवार को कनाडा की जीवन बीमा कंपनी मनुलाइफ के साथ 50:50 अनुपात में जीवन बीमा संयुक्त उद्यम स्थापित करने की घोषणा की। दोनों साझेदारों की ओर से इस नए उद्यम में 3,600-3,600 करोड़ रुपये का निवेश होगा। शुरुआती पांच वर्षों में प्रत्येक शेयरधारक 1,250 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कुल पूंजी प्रतिबद्धता दोनों कंपनियों के लिए 7,200 करोड़ रुपये तक है। यह संयुक्त उद्यम महिंद्रा और मनुलाइफ की भारत में मौजूदा उपस्थिति को मजबूत करेगा और देश के तेजी से बढ़ते जीवन बीमा बाजार में ग्राहकों की वित्तीय भलाई बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। महिंद्रा समूह की ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गहरी वितरण क्षमताएं और निष्पादन उत्कृष्टता इस विस्तार को सफल बनाने में मदद करेंगी। महिंद्रा समूह के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि जीवन बीमा व्यवसाय में यह कदम वित्तीय सेवा क्षेत्र के व्यापक विस्तार की दिशा में तार्किक है। यह संयुक्त उद्यम दोनों कंपनियों के लिए भारत में जीवन बीमा क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनाने और ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी बाजारों में वित्तीय समावेशन बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है।

प्रेस्टीज एस्टेट्स का मुनाफा 95 फीसदी बढ़कर 457.4 करोड़ हुआ

कंपनी की कुल आय में 11 फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने जुलाई-सितंबर तिमाही में शानदार वित्तीय परिणाम दर्ज किए। कंपनी का मुनाफा 457.4 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 234.6 करोड़ रुपये था। यह करीब 95 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान कंपनी की कुल आय भी बढ़कर 2,697.8 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल यह 2,423.8 करोड़ रुपये थी, यानी लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि। प्रेस्टीज ग्रुप के चेयरमैन ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही विशेष रूप से उत्साहजनक रही। मजबूत बिक्री गति और बढ़िया नकदी प्रवाह ने ग्राहकों और निवेशकों के बीच कंपनी के ब्रांड में विश्वास बनाए रखा। चेयरमैन ने कहा कि कंपनी का फोकस समय पर प्रोजेक्ट्स पूरा करने, पूंजी का विवेकपूर्ण आवंटन करने और प्रमुख विकासशील बाजारों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर रहेगा। देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक प्रेस्टीज ग्रुप लगातार स्थिर और मजबूत प्रदर्शन के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

केंद्रीय कैबिनेट ने महत्वपूर्ण खनिजों की रॉयल्टी दरों में संशोधन किया

सरकार ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों पर रॉयल्टी दरें तय की

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली धमाके की निंदा के साथ ही कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मुख्य निर्णय के तहत कैबिनेट ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम और जिरकोनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की रॉयल्टी दरें तर्कसंगत बनाने को मंजूरी दी। यह कदम क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के अंतर्गत लिया गया। केंद्रीय कैबिनेट ने ग्रेफाइट, सीजियम, रुबिडियम और जिरकोनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों पर रॉयल्टी दरें तय कर दी हैं। कैबिनेट ने यह फैसला क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के तहत लिया है। इस फैसले से इन खनिजों के ब्लॉक की नीलामी तेज होने की संभावना है। इससे लिथियम, टंगस्टन, दुर्लभ पृथ्वी तत्व और नाइओबियम जैसे दूसरे महत्वपूर्ण खनिजों का भी फायदा होगा। संशोधित रॉयल्टी दरों के अनुसार, सीजियम और रुबिडियम, प्रत्येक पर उत्पादित अयस्क में निहित संबंधित धातु के औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) के आधार पर 2 प्रतिशत रॉयल्टी लगेगी।

कैबिनेट के अनुसार जिरकोनियम पर एएसपी की 1 प्रतिशत रॉयल्टी दर होगी, जबकि ग्रेफाइट पर 80 प्रतिशत या उससे अधिक स्थिर कार्बन वाले अयस्क के लिए एएसपी का 2 प्रतिशत और 80 प्रतिशत से कम स्थिर कार्बन वाले अयस्क के लिए 4 प्रतिशत रॉयल्टी दर लागू होगी। दरअसल, सरकार का मानना है कि ग्रेफाइट पर एड वेरोरम (बाजार मूल्य के अनुसार) रॉयल्टी तय करने से अलग-अलग ग्रेड के ग्रेफाइट के मार्केट रेट के हिसाब से रॉयल्टी कनेक्शन होगा। इससे घरेलू उत्पादन तो बढ़ेगा ही, साथ ही आयात पर निर्भरता भी कम होगी। सप्लाई चेन की परेशानियां भी घटेंगी और नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

रिन्यू करेगी आंध्र प्रदेश में 82,000 करोड़ का नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश

अमरावती आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने गुरुवार को कहा कि कार्बन मुक्त समाधान पेश करने वाली कंपनी रिन्यू राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में 82,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। आईटी मंत्री ने बताया कि यह निवेश सोलर इंजन और वेफर निर्माण, परियोजना विकास, हरित हाइड्रोजन और अणु प्रौद्योगिकी जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में होगा। 16 मई को अनंतपुर जिले में रिन्यू ने 22,000 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला रखी थी। इसमें 4.8 गीगावाट क्षमता का हाइब्रिड फार्म और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली शामिल है। मंत्री ने कहा कि पांच साल बाद राज्य लौटकर यह घोषणा करना गर्व की बात है कि रिन्यू पूरी नवीकरणीय ऊर्जा श्रृंखला में निवेश कर रही है।

सेबी में हितों के टकराव और खुलासे के नियमों में बड़ा बदलाव प्रस्तावित

नई घोषणा : सभी वरिष्ठ अधिकारियों को करना होगा पूर्ण खुलासा

नई दिल्ली भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में हितों के टकराव और खुलासे (के नियमों में बड़े बदलाव प्रस्तावित हैं। उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के अनुसार सेबी के निदेशक मंडल और वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी सभी संपत्तियों, देनदारियों, ट्रेडिंग गतिविधियों और संबंधित पक्षों के साथ संबंधों की घोषणा कई चरणों में करनी होगी- नियुक्ति, सालाना, प्रमुख घटनाओं और पद छोड़ने के समय। समिति ने सुझाव दिया कि बोर्ड या वरिष्ठ पदों के आवेदकों को किसी भी वास्तविक, संभावित या अनुमानित हितों के टकराव का खुलासा करना अनिवार्य होगा, जिसमें वित्तीय और गैर-वित्तीय मामलों दोनों शामिल हैं। इसके अलावा 'परिवार' की परिभाषा को व्यापक बनाया जाएगा। इसमें पति/पत्नी, आश्रित बच्चे, कानूनी अभिभाव्य के तहत आने वाले व्यक्ति और अन्य आर्थिक रूप से आश्रित रिश्तेदार शामिल होंगे। समिति ने वरिष्ठ अधिकारियों के नए निवेशों को पेशेवर रूप से प्रबंधित पूल्ड योजनाओं तक सीमित करने और व्यक्तिगत पोर्टफोलियो का 25 फीसदी तक ही निवेश की अनुमति देने का सुझाव दिया। यह प्रतिबंध उनके जीवनसाथी और आर्थिक रूप से आश्रित परिवार पर भी लागू होगा। अंशकालिक सदस्यों को इस निवेश सीमा से छूट दी जा सकती है, लेकिन वे अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी पर ट्रेडिंग नहीं कर सकेंगे। समिति की अध्यक्षता पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त प्रत्यूष सिन्हा ने की, जबकि उपाध्यक्ष थे इंजेती श्रीनिवास। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने मार्च 2025 में समिति का गठन किया। इसका उद्देश्य सेबी में पारदर्शिता बढ़ाना, हितों के टकराव के प्रबंधन को मजबूत करना और लोगों का भरोसा कायम करना है।

शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को मुनाफावसूली हावी होने से हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। आज दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही बाजार पर दबाव पड़ा जिससे बाजार ऊपर नहीं आ पाया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरो वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 12.16 अंकों की हल्की बढ़त के साथ ही 84,478.67 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 3.35 अंक की हल्की तेजी के साथ 25,879.15 पर बंद हुआ। दिन के दौरान बैंकिंग शेयरों में तेजी रही को और निफ्टी बैंक ने नया ऑल-टाइम हाई 58,615.95 बनाया। हालांकि, बाद में इसमें गिरावट आई और यह 107.30 अंक करीब 0.18 फीसदी की मजबूती के साथ 58,381.95 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक के शेयरों को लाभ हुआ जबकि जोमैटो, एमएंडएम, टाटा स्टील, बीईएल, टीसीएस, एचयूएल, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा और एसबीआई के शेयर गिरे। आज लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में कमजोरी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 210.25 अंक या 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ 60,692.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 66.80 अंक या 0.37 फीसदी की कमजोरी के साथ 18,183.65 पर था।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही को बाजार हल्की बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स शुरुआती सत्र में 84,525.89 अंक पर खुला, लेकिन जल्दी ही लाल निशान में चला गया। सुबह शुरुआत के बाद यह 98.19 अंक की गिरावट के साथ 84,368.32 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी मजबूत शुरुआत के बाद गिरावट में आ गया और 13.45 अंक फिसलकर 25,862.35 पर कारोबार करता दिखा। वहीं वैश्विक बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में गुरुवार को मिश्रित रुख देखने को मिला।

जापान का निक्केई 225 0.4 फीसदी बढ़ा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.3 फीसदी ऊपर रहा, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.2 फीसदी गिरा। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। डाउ जोन्स 0.68 फीसदी चढ़ा, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.26 फीसदी गिरा और एसएंडपी 500 लगभग सपाट बंद हुआ।

एनटीपीसी कोयला गैसीकरण और परमाणु ऊर्जा में करेगी प्रवेश

अगले 3-4 साल में हर साल 50-100 लाख टन सिंथेटिक गैस का उत्पादन करने की योजना

नई दिल्ली

सरकारी बिजली उत्पादन कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अगले 3-4 साल में हर साल 50-100 लाख टन सिंथेटिक गैस का उत्पादन करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि गैस उत्पादन की लागत लगभग 10-12 डॉलर प्रति मिलियन मीट्रिक ब्रिटिश थर्मल यूनिट होगी। अधिकारी ने कहा कि गैस की कीमत वर्तमान में मिलने वाली तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आसपास रखी जाएगी और खरीदार तलाशने में कोई समस्या नहीं होगी। एनटीपीसी उत्पादन के लिए अपने कोयले का उपयोग करेगी और उत्पादित गैस या तो घरेलू बाजार में बेची जाएगी या कंपनी के अपने संयंत्रों में उपयोग होगी। कोयला गैसीकरण परियोजना के लिए कंपनी प्रौद्योगिकी सलाहकार लाने पर भी विचार कर रही है, और इस वित्त वर्ष 2025-26 में इसके लिए निविदाएं जारी करने की योजना है। सरकार ने कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने के लिए 2030 तक 10 करोड़ टन गैसीकरण का लक्ष्य तय किया है और 8,500 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन दिया है।

इस पहल से प्राकृतिक गैस का देश के ऊर्जा मिश्रण में हिस्सा वर्तमान 6त्न से बढ़ाकर 2030 तक 15 फीसदी करने का लक्ष्य पूरा होगा। एनटीपीसी ने हाल ही में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी कदम रखा है।

देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें घोषित

चंडीगढ़ सबसे सस्ता शहर, पेट्रोल 94.30 और डीजल 82.45 रुपए प्रति लीटर

नई दिल्ली राष्ट्रीय तेल कंपनियों (ओएमसी) ने गुरुवार को सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल के ताजा रेट जारी किए। इन कीमतों का निर्धारण अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमत, रुपये-डॉलर का विनिमय दर, एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और राज्यों के वैट के आधार पर किया जाता है। चूंकि हर राज्य का वैट अलग होता है, इसलिए पेट्रोल और डीजल के दाम भी राज्यों में भिन्न होते हैं। नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए और डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर जबकि हैदराबाद में पेट्रोल 107.46 रुपए और डीजल 95.70 रुपए प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए और डीजल 92.34 रुपए, बेंगलुरु में पेट्रोल 02.92 और डीजल 89.02, और कोलकाता में पेट्रोल 103.94 और डीजल 90.76 प्रति लीटर दर्ज किया गया। चंडीगढ़ सबसे सस्ता शहर रहा, जहां पेट्रोल 94.30 और डीजल 82.45 रुपए प्रति लीटर है।

भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 7 फीसदी बढ़ेगी: रेटिंग एजेंसी

2026 और 2027 में भारत की वृद्धि लगभग 6.5 फीसदी रहने का अनुमान

नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने गुरुवार को अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक में 2025 में भारत की अर्थव्यवस्था 7 फीसदी बढ़ने का अनुमान लगाया है। 2024 में यह दर 6.7 फीसदी थी। एजेंसी का कहना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि को मजबूत बुनियादी ढांचे पर खर्च और ठोस घरेलू उपभोग से समर्थन मिल रहा है। हालांकि निजी क्षेत्र अभी पूंजीगत व्यय को लेकर सतर्क है। 2026 और 2027 में भारत की वृद्धि लगभग 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है। अमेरिका में कुछ भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी शुल्क के बावजूद निर्यातकों ने अन्य बाजारों में निर्यात बढ़ाने में सफलता हासिल की है। सितंबर में कुल निर्यात 6.75 फीसदी बढ़ा, जबकि अमेरिका को निर्यात में 11.9 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। मूडीज ने कहा कि निर्यात और घरेलू बाजार का विविधीकरण भारत की स्थिर आर्थिक वृद्धि में मदद करेगा। एजेंसी ने यह भी कहा कि कम मुद्रास्फीति के बीच मौद्रिक नीति तटस्थ से उदार बने रहने की संभावना है। इससे आर्थिक वृद्धि को अतिरिक्त समर्थन मिलेगा। मूडीज के अनुसार चीन की अर्थव्यवस्था 2025 में 5 फीसदी बढ़ेगी, लेकिन 2027 तक यह वृद्धि धीरे-धीरे 4.2 फीसदी तक घट सकती है। वैश्विक जीडीपी की वृद्धि दर 2025 में 2.6 फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2024 की 2.9 फीसदी दर से कम है। 2026 और 2027 में यह क्रमशः 2.5 फीसदी और 2.6: फीसदी रहने की संभावना है।

निर्यातकों को राहत, कैबिनेट से 45,060 करोड़ की दो योजनाएं मंजूर



निर्यात संवर्धन मिशन और ऋण गारंटी योजना से एमएसएमई को मिली मजबूती

नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने से उत्पन्न चुनौतियों का सामना कर रहे निर्यातकों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कुल 45,060 करोड़ रुपये की दो प्रमुख योजनाओं को मंजूरी दी, जिनका उद्देश्य भारतीय निर्यात क्षेत्र को सहायता, सुरक्षा और नई प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करना है।

इन योजनाओं में 25,060 करोड़ रुपये का निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) और 20,000 करोड़ रुपये की निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना (सीजीएसई) का विस्तार शामिल है।

यह घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रतिनिधियों की हालिया बैठक के एक सप्ताह बाद की गई, जिनमें अमेरिकी शुल्क से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र शामिल थे। निर्यात संवर्धन मिशन वित्त वर्ष 2031 तक लागू रहेगा और इसका मकसद भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करना है।

यह दो उप-योजनाओं निर्यात प्रोत्साहन और निर्यात दिशा के माध्यम से लागू किया जाएगा। इनके तहत ब्याज सहायता, निर्यात फैक्टरिंग, ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए क्रेडिट कार्ड, नए बाजारों में विस्तार हेतु ऋण सहायता और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएँ दी जाएंगी।वहीं ऋण गारंटी योजना (सीजीएसई) के विस्तार से एमएसएमई निर्यातकों को वित्तीय जोखिम से सुरक्षा मिलेगी और उन्हें सस्ते ऋण तक आसान पहुंच प्राप्त होगी।

फिर तेजी से भाग सकता हैं सोना, संस्थागत और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी जारी

मुंबई

सोना फिर दुनिया भर के निवेशकों का पसंदीदा सुरक्षित निवेश बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, सोना अभी भी मजबूत स्थिति में है और इसकी कीमत 4,368 से लेकर 4,600 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक जाने की उम्मीद है, जबकि नीचे 3,890 और 3,510 डॉलर पर सपोर्ट रहेगा। अक्टूबर में सोने की कीमत 4,368 डॉलर तक पहुंची थी, इसके बाद यह महीने के अंत तक थोड़ा गिरकर 4,000 डॉलर के नीचे आ गई। यह गिरावट पिछले एक महीने में अमेरिकी डॉलर के 1.4 प्रतिशत मज़बूत होने की वजह से हुई। लेकिन जानकारों का मानना है कि लंबे समय में सोने का रुझान अब भी ऊपर की ओर है, क्योंकि संस्थागत और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी लगातार बनी हुई है, और डॉलर पिछले एक साल में कमजोर हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वी यूरोप और पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और तनाव की वजह से लोग अपना पैसा सुरक्षित जगह, यानी सोने में लगा रहे हैं। इसके अलावा, पिछले एक साल में अमेरिकी डॉलर की कीमत करीब 8 प्रतिशत तक गिर गई है, जिससे सोना और दूसरी चीजें (कमोडिटीज) महंगी हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक सोने से जुड़े फंड्स में लगभग 65 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। इनमें से 20 अरब डॉलर सिर्फ पिछले तीन महीनों में लगाए गए हैं। दुनिया के कई केंद्रीय बैंक अब अपने विदेशी भंडार में डॉलर की हिस्सेदारी कम करके सोना खरीद रहे हैं, ताकि आर्थिक अनिश्चितता से बच सके। रिपोर्ट कहती है कि यह एक नया निवेश रुझान है, जहां देश और बड़े संस्थान अब अमेरिकी बॉन्ड और डॉलर के बजाय दूसरे विकल्प ढूंढ रहे हैं, क्योंकि उन्हें सरकारी कर्ज, बढ़ती महंगाई और वैश्विक तनाव की चिंता है।

एनएफआरए में कार्य विभाजन को लेकर सरकार तैयार कर रही नई रूपरेखा

नई दिल्ली

सरकार नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) में कार्यों के विभाजन पर विचार कर रही है। वर्तमान में एनएफआरए का कार्यकारी निकाय (अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य) सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता है, जिसमें ऑडिट की समीक्षा और अनुशासनात्मक कार्रवाई शामिल है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि कार्यों का विभाजन न होने से पूर्वाग्रह और निष्पक्षता पर सवाल उठ सकते हैं। अदालत ने इसे " सीज़र से सीज़र की पत्नी को अपील" की स्थिति के समान बताया। रेगस्ट्रीट लॉ एडवाइजर्स के वरिष्ठ पार्टनर व सेबी के एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि भारत का नियामक ढांचा नियंत्रण और संतुलन के सिद्धांत से भटक गया है। जब एक संस्था नियम बनाती और निर्णय भी लेती है, तो जवाबदेही और न्याय प्रभावित होता है। उन्होंने जोर दिया कि अन्य नियामक, जैसे भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और सेबी, जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने वाले कार्यों को अलग रखते हैं। एनएफआरए ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की।



अदालत ने अंतरिम आदेश में एनएफआरए को कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दी, लेकिन अंतिम आदेशों पर रोक लगा दी जब तक अपील का निर्णय नहीं हो जाता।

ऋण के जाल में फंसे देशों से भारत के राज्यों को मिलती है सीख

प्रहलाद सबनानी

विभिन्न राज्यों के वित्तीय घाटे की स्थिति एवं प्रवृत्ति पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर इस पर रोक लगने का समय अब आ गया है। उत्पादक कार्यों पर सब्सिडी दी जाय तो ठीक है परंतु यदि यह लोक लुभावन वायदों को पूरा करने पर दी जा रही है तो इन पर अब अंकुश लगाया जाना चाहिए।

वैश्विक स्तर पर कई विकासशील एवं अविकसित देशों पर लगातार बढ़ रहे ऋण के दबाव के चलते इन देशों की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव स्पष्टतः दिखाई दे रहा है। इन देशों द्वारा अपने नागरिकों को लम्बे समय तक मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराना जारी रखा गया है एवं यहां की सरकारों द्वारा अपने आय के साधनों में पर्याप्त वृद्धि नहीं की गई है। नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं को ऋण लेकर भी जारी रखना अब इन देशों के लिए आत्मघाती निर्णय साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है, और आज यह देश दिवालिया होने के मुहाने पर खड़े हैं तथा इन्हें अपना सामान्य प्रशासन चलाने के लिए खर्च करने हेतु भी ऋण लेना पड़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक आंकलन के अनुसार, अक्टूबर 2025 में वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद का 98.9 प्रतिशत सार्वजनिक ऋण बकाया है, जो वर्ष 2030 तक 102.3 प्रतिशत तक बढ़ जाने की सम्भावना है। विभिन्न देशों के सार्वजनिक ऋण, आय से अधिक खर्च करने की प्रवृति, अधिक ब्याज दर, आय में कम वृद्धि होना, आदि कारकों के चलते लगातार बढ़ता जा रहा है। विकासशील एवं अविकसित देश अपनी आय में वृद्धि नहीं कर पाते हैं परंतु, उन्हें अपने नागरिकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए खर्च लगातार बढ़ाते रहना होते हैं। इन्हीं कारणों के चलते श्रीलंका, अर्जेंटीना, सूडान, ग्रीस, मालदीव, सेनेगल, आदि देशों में तो आर्थिक आपातकाल की घोषणा करनी पड़ी थी एवं विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थानों द्वारा इन देशों की मदद के लिए आगे आना पड़ा था, अन्यथा यह देश लगभग दिवालिया घोषित होने की स्थिति में पहुंच गए थे। वर्ष 2025 में विश्व के प्रथम 10 देशों में, जिनका ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत सबसे अधिक है, शामिल हैं- जापान (229.6 प्रतिशत), सूडान (221.5 प्रतिशत), सिंगापुर (175.6 प्रतिशत), ग्रीस (146.7 प्रतिशत), बहरीन (142.5 प्रतिशत), इटली (136.8 प्रतिशत), मालदीव (131.8 प्रतिशत), अमेरिका (125 प्रतिशत), सेनेगल (122.9 प्रतिशत) एवं फ्रान्स (116.5 प्रतिशत)। ग्रीस, घाना, हैती, मोजांबीक, पाकिस्तान, जाम्बिया, फिलिपींस, श्रीलंका, कीन्या, अर्जेंटीना, आदि देशों द्वारा अधिक मात्रा में लिए गए ऋण के चलते इनकी वित्तीय स्थिति डावांडोल हो चुकी है। इन देशों द्वारा अपने खर्चों को

व्यवस्थित तरीके से नहीं किया गया था एवं केवल जनता को मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराना लम्बे समय तक जारी रखा गया था तथा साथ में आय बढ़ाने के साधनों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। इससे इन देशों का बजटीय घाटा लगातार बढ़ता रहा तथा मजबूरी में इन्हें अपने साधारण सरकारी कामकाज चलाने के लिए भी ऋण लेते रहना पड़ा है। वर्ष 2001 में युगांडा में वित्तीय संकट खड़ा हो गया था एवं उस समय पर युगांडा अपने सामान्य खर्चों को जारी रखने के स्थिति में भी नहीं था।

भारत में भी कुछ राज्य 'फ्रीबी' के नाम पर कुछ ऐसी योजनाएं चला रहे हैं जिनके अंतर्गत राज्य की जनता के बिजली एवं पानी के बिल समय समय पर माफ किये जा रहे हैं। किसानों, बुजुर्गों एवं मातृशक्ति के बैंक खातों में सीधे ही कुछ राशि प्रति माह जमा की रही है। जबकि, इन राज्यों की वित्तीय स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि इनके बजट इस अतिरिक्त खर्च को वहन कर सकें। कुछ राज्य तो आज मजबूरी में इन योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए बाजार से ऊंची ब्याज दर पर ऋण भी लेने लगे हैं। जिसका प्रभाव इन राज्यों की वित्तीय स्थिति पर विपरीत रूप से पड़ रहा है। यदि समय पर ये राज्य नहीं चेते एवं इन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं किया तो ये राज्य अपने भारी भरकम ऋणों पर ब्याज अदा करने में चूक करने की ओर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर तौर पर जब राज्यों की आर्थिक स्थिति की चर्चा होती है तो इसका असर राज्यों के विकास और इन राज्यों में निवास कर रहे नागरिकों के जीवन पर भी पड़ता है। लोकलुभावन राजनीति इन राज्यों की वित्तीय स्थिति को बहुत बुरे तरीके से प्रभावित कर रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन में भी राज्यों की वित्तीय स्थिति को लेकर कई गंभीर पहलु और सवाल खड़े किए गए हैं। विशेष रूप से पंजाब, केरल, झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल आदि राज्य बढ़ते कर्ज के बोझ तले दबे जा रहे हैं और इन राज्यों की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है। हाल ही के समय में पंजाब, केरल, राजस्थान, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की वित्तीय सेहत बहुत बिगड़ी है।

सभी राज्यों की वित्तीय सेहत का विस्तार से आकलन करने पर ध्यान में आता है कि कई राज्यों द्वारा अनियंत्रित रूप से चलाई जा रही मुफ्त योजनाओं, लोकलुभावन घोषणाओं, अत्यधिक सब्सिडी देने एवं पुरानी पेंशन योजना बहाली से इन राज्यों की वित्तीय सेहत बहुत बुरी तरह से बिगड़ रही है। राज्य, विशेष रूप से सत्ता प्राप्त करने के उद्देश्य से, कई लोकलुभावन घोषणाएं करते हैं जैसे कि बिजली एवं पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का वादा, उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान करने का वादा आदि जिसका सीधा असर राज्य की माली हालत पर पड़ता है। पंजाब की आर्थिक स्थिति पूर्व में ही बहुत गम्भीर अवस्था में पहुंच चुकी है फिर वहां नई सरकार ने किए गए चुनावी वादे अर्थात मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के अपने वादे पर कार्य करना शुरू कर दिया है जिससे पंजाब की स्थिति निश्चित रूप से और अधिक बिगड़ने जा रही है और पंजाब को ऋण की किश्त एवं ऋणों पर ब्याज अदा करने हेतु भी ऋण लेना पड़ रहा है। किन परिस्थितियों में, कितने प्रकार की, कितनी और किस स्तर तक लोक लुभावन घोषणाएं की जानी चाहिए, इस सम्बंध में अब नियम बनाने का समय आ गया है। वैसे यदि ऋण को उत्पादक कार्यों पर खर्च किया जाय तो अधिक ऋण-सकल घरेलू अनुपात अपने आप में बुराई नहीं है परंतु जब ऋण लेकर इसे अनुत्पादक कार्यों जैसे मुफ्त बिजली एवं मुफ्त पानी उपलब्ध कराने जैसे कार्यों पर खर्च किया जाता है तो इसका राज्य की आर्थिक व्यवस्था पर बहुत ही बुरा असर पड़ता है। चुनावों के वादे पूरे करने के लिए राज्यों द्वारा ऋण लिए जा रहे हैं। इन्हीं कारणों के चलते पंजाब की आर्थिक हालत आज बहुत ही दयनीय स्थिति में पहुंच गई हैं। देश के कई राज्य आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि इन राज्यों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक मदद यदि समय पर नहीं पहुंचाई जाती तो इन राज्यों की स्थिति भी आर्जेंटीना, श्रीलंका अथवा ग्रीस जैसी बनती दिखाई देती। कुछ राज्यों की स्थिति तो यह है कि इनके रोजमर्रा के खर्चे चलाने के लिए उनकी कुल आय का 90 प्रतिशत भाग इन खर्चों पर उपयोग हो जाता है जिसके परिणाम स्वरूप राज्य के विकास कार्यों पर खर्च करने को कुछ बचता ही नहीं है। अब इन राज्यों की आय कैसे बढ़े? इन राज्यों द्वारा लगातार की जा रही लोक लुभावन घोषणाओं के कारण इन राज्यों के खर्चे लगातार अनियंत्रित रूप से बढ़ते जा रहे हैं। इस तरह के खर्चों को करने के लिए नित नए ऋण लिए जा रहे हैं और इन ऋण राशि का उपयोग उत्पादक कार्यों में नहीं लगा पाने के कारण ये राज्य अपनी आय में वृद्धि भी नहीं कर पा ररही हैं। इस प्रकार ये राज्य 'डेट ट्रैप' की स्थिति में फंसते जा रहे हैं। आय का 25 से 30 प्रतिशत भाग ऋण का ब्याज भुगतान करने में ही खर्च हो रहा है। पंजाब तो अब आर्थिक मदद के लिए केंद्र सरकार से लगातार गुहार लगा रहा है। इसी तरह राजस्थान, केरल, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की स्थिति भी बिगड़ रही है। अगर राज्य पूंजीगत खर्च नहीं कर रहे हैं तो अपना भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं। इस प्रकार तो भविष्य में इन राज्यों की विकास दर भी रुक जाने वाली है।

संपादकीय

आतंकवाद के डाक्टर

परिस्थितिजन्य तफसील से यह स्पष्ट हो चुका है कि दिल्ली विस्फोट 'आतंकी हमला' ही था। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सामान्य धमाके में साजिशकार नहीं होते। बुधवार को प्रधानमंत्री की ही अध्यक्षता में कैबिनेट की सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। अक्सर यह युद्ध और आतंकी हमले के बाद ही बुलाई जाती है। इस समिति में प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, विदेश मंत्री, वित्त मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदि होते हैं। युद्ध की स्थिति में तीनों सेना प्रमुखों को भी बुलाया जाता है। गृह सचिव और आईबी निदेशक भी बैठक में सम्मिलित होते हैं। दिल्ली विस्फोट की जांच 'राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी' (एनआईए) को सौंपी गई है, जिसे आतंकी हमलों की गहन जांच की विशेषज्ञता हासिल है। इस संदर्भ में फरीदाबाद की 'अलफलाह यूनिवर्सिटी' आतंकवाद के नए अड्डे के तौर पर उभरी है। फरीदाबाद के गांवों से जो 2900 किग्रा. विस्फोटक रसायन बरामद किया गया था, उसकी भूमिका भी साफ हो गई है। जो डॉ. उमर मुहम्मद कार-विस्फोट में मारा गया है, वह इसी मेडिकल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर था। वह जिस तरह मरा है, उसे हम एक नए किस्म का 'फिदायीन बॉम्बर' मान सकते हैं, क्योंकि उसकी कार में विस्फोटक था और उसी ने उसे सक्रिय किया होगा! जांच से बिल्कुल पारदर्शी स्पष्ट हो जाएगा। उमर कश्मीर के पुलवामा के कोइल गांव का निवासी था। विस्फोटक रसायन वाला आतंकी डॉ. मुजम्मिल शकील भी इसी गांव का रहने वाला था। वह इस आतंकी यूनिवर्सिटी में ही एसोसिएट प्रोफेसर था। तीसरा डॉ. सज्जाद अहमद भी पुलवामा का था। अलफलाह यूनिवर्सिटी में ही 45 वर्षीया डॉ. शाहीन सईद पदस्थ थी और एमबीबीएस, एमडी स्तर की फार्मकोलॉजी विशेषज्ञ थी। वह जैश-ए-मुहम्मद के सरगना आतंकी मसूद अजहर और उसकी बहन सादिया के नेतृत्व में आतंकी संगठन की महिला विंग 'जमात उल मोमिनात' की भारत में मुखिया थी। उसे संगठन में 'जेहादी औरतों' की भर्ती का जिम्मा दिया गया था। उसके भाई डॉ. परवेज को भी उप्र एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। 38 वर्षीय डॉ. आदिल कश्मीर के काजीकुंड का निवासी था और सहारनपुर, उप्र में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर था। यदि कश्मीर के नौगाम में जैश के धमकी वाले पोस्टर नहीं लगते, तो शायद आतंकवाद के 'डॉक्टर मॉड्यूल' का पदार्फाश न होता! इस गिरोह के 8 आतंकियों में 4 डॉक्टर कश्मीरी, 2 उप्र के हैं और दो मौलवी-इमाम शामिल हैं। सभी पुलिस की गिरफ्त में हैं। उमर विस्फोट में भस्म हो चुका है।

चिंतन-मनन

सफलता का मार्ग

संग्रह की वृत्ति बहिमरुखता का लक्षण है। साधक क्षणजीवी होता है। अतीत की स्मृति और भविष्य की चिंता वह करता है जो आत्मस्थ नहीं होता। वर्तमान में जीना आत्मस्थता का प्रतीक है। एक साधक कल की जरूरत को ध्यान में रखकर संग्रह नहीं करता, पर एक व्यवसायी सात पीढ़ियों के लिए पूरी व्यवस्था जुटाने में संलग्न रहता है। यह बात सही है कि साधक अशरीरी नहीं होता, शरीर की अपेक्षाओं को वह गौण नहीं कर सकता; पर दैहिक अपेक्षाओं को लेकर वह मूढ़ नहीं हो सकता। उसका विवेक जागृत रहता है। वह अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है और आकांक्षाओं पर नियंत्रण रखता है।

कभी-कभी साधक के जीवन में भी स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति जाग सकती है। प्रश्न उठता है कि इन वृत्तियों का उत्स क्या है? कौन-सी अभिप्रेरणा इन्हें उभरने का अवसर देती है? मेरे अभिमत से इन तीन संस्कारों का उद्भव तीन आकारों से होता है। वे तीन आकार हैं- अहं, अश्रम और असंतोष। स्वच्छंदता की मनोवृत्ति वहीं सक्रिय होती है, जहां अहंकार का नाग फन उठाए रखता है। अहंवादी व्यक्ति स्वयं को सब कुछ समझता है। उसे अपने सामने अन्य सभी लोग बौने दिखाई देते हैं। ऐसी स्थिति में वह न तो किसी से मार्गदर्शन ले सकता है और न किसी के नियंत्रण में रह सकता है।

सुविधावाद का भाव वहां विकसित होता है जहां व्यक्ति श्रम से जी चुराता है, अपनी क्षमता का उपयोग नहीं करता और पुरुषार्थ में विश्वास नहीं करता। अश्रम का बीज ही आगे जाकर सुविधावाद के रूप में पल्लवित होता है। इस दृष्टि से साधना के साथ श्रमशीलता की युति आवश्यक है। संग्रह वृत्ति का बीज है असंतोष। जिस व्यक्ति को पदार्थ में संतोष नहीं होता, वह संग्रह करने की बात सोचता है। जिस समय जैसा पदार्थ उपलब्ध होगा, उसी से आवश्यकता की पूर्ति हो जाएगी- यह विधायक चिंतन असंतोष की जड़ को काट सकता है और संग्रह की मनोवृत्ति को बदल सकता है। साधना की सफलता स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति में नहीं है।

बचपन के रंगों में रचा-बसा था नेहरू जी का जीवन दर्शन

श्वेता गोयल

जब प्रधानमंत्री बने बच्चों के खेल के साथी... भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की शख्सियत से भला कौन परिचित नहीं होगा। बच्चों से उन्हें इतना लगाव था कि उन्हें प्यार से 'बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू' कहा जाने लगा था। अपने कोट की जेब पर हमेशा प्रेम का प्रतीक गुलाब का फूल लगाए रहने वाले जवाहरलाल नेहरू बच्चों से इतना स्नेह करते थे कि आज भी वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री से पहले 'चाचा नेहरू' के रूप में ही अधिक याद किए जाते हैं। बच्चों के प्रति पंडित नेहरू के इस विशेष लगाव को देखते हुए ही सन् 1956 से उनके जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाने का निश्चय किया गया था और तभी से पंडित नेहरू का जन्मदिवस (14 नवंबर) बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जब उनके जन्मदिवस को 'बाल दिवस' के रूप में मनाने का निश्चय किया गया था, तब नेहरू जी ने कहा था, 'मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि मेरे देश के बच्चों ने मेरे जन्मदिन को ही 'अपना दिन' बना लिया है। इससे ज्यादा इज्जत और खुशी की बात भला मेरे लिए और क्या हो सकती है कि मेरे मुल्क के बगीचे के इन कोमल फूलों और कोंपलों ने मुझे अपना इतना स्नेह दिया है। मेरी यही कामना है कि इन सबको फलने-फूलने का पर्याप्त अवसर मिले।'

पं. जी के जीवनकाल के अनेक ऐसे संस्मरण एवं किस्से उद्धृत किए जा सकते हैं, जो उनकी महान शख्सियत और बच्चों के प्रति उनका अपार स्नेह बयान करते हैं। एक बार नेहरू जी बाल मंदिर देखने गए थे, जहां तीन से पांच साल तक के बच्चे पढ़ते थे। उस समय सभी बच्चे नाच-गाने में मग्न थे। जब पंडित जी वहां पहुंचे और दूर बैठकर बच्चों का नाच-गाना देखने लगे तो एक चार वर्षीया बालिका उनके पास आई और बड़े अनुरोधपूर्वक कहा कि आप भी हमारा साथ दीजिए। पहले तो पंडित जी काफी ना-नुकूर करते रहे। उन्होंने बच्चों को यह कहकर बहलाने का प्रयास भी किया कि इस बार तो नहीं लेकिन अगली बार तुम्हारे साथ जरूर नाचूंगा लेकिन जब उस बच्ची ने जिद पकड़ ली तो आखिर पंडित जी को उस छोटी सी बच्ची के आगे झुकना पड़ा और इतने विशाल देश के प्रधानमंत्री होते हुए भी उन बच्चों की खुशी के लिए उनके साथ वे बच्चा बनकर नाचे।

जब दीवाली का मौका होता तो वे अपने नाती राजीव और संजय के बाल मित्रों को आनंद भवन बुलाते और उनके साथ दीवाली मनाते हुए कहते कि बच्चों आतिशबाजी चलाकर दीपावली मनाओ और खुशियां बांटो। जो बच्चे पटाखे चलाते हुए डरते, उन्हें कहते कि जो बच्चे इन छोटे-छोटे पटाखों से ही डर जाएंगे, वे आगे चलकर देश के बहादुर सिपाही कैसे बनेंगे? कभी-कभी वह इलाहाबाद में दीवाली की रात बाहर का नजारा देखने निकल पड़ते और रास्ते में गरीब बच्चों को भी मिठाईयां, नए कपड़े और पटाखे देते हुए उनके साथ पटाखे चलाने लगते।

एक बार उन्हें किसी जरूरी काम से दीवाली पर मास्को जाना पड़ा। उस समय तक वहां दीवाली के मौके पर पटाखे नहीं चलाए जाते थे लेकिन पंडित जी की दीवाली तो बच्चों के साथ पटाखे चलाए बिना अधूरी थी। इसलिए उन्होंने वहां भी बच्चों से पटाखे मंगवाए और काफी बच्चों को एकत्रित कर उनके साथ पटाखे चलाने लगे। वहां के बच्चे पटाखों की रंग-बिरंगी रोशनी और धूमधड़ाके से बहुत प्रभावित हुए और खुशी से झूम उठे। उसके बाद से मास्को में भी हर साल दीवाली के मौके पर पटाखे चलाने का दौर शुरू हो गया।

नेहरू जी छोटे थे, तब की एक घटना है। एक बार मैदान में कुछ बच्चे गेंद से खेल रहे थे। खेलते-खेलते गेंद उछलकर लकड़ी के एक खोल में जा गिरी। खोल का मुंह छोटा था, इसलिए बच्चों से बहुत कोशिश के बाद भी गेंद नहीं निकल पा रही थी। जब नेहरू जी ने बच्चों की परेशानी को देखा तो उनसे रहा न गया। उन्होंने उन बच्चों से दो बाल्टी पानी मंगवाया और पानी लकड़ी के उस खोल में भर दिया। फिर क्या था, पानी भरते ही गेंद पानी में ऊपर आ गई और उन्होंने गेद निकालकर बच्चों को दे दी। सभी बच्चे बालक जवाहरलाल की बुद्धिमत्ता से बहुत प्रभावित हुए।

बच्चों के साथ-साथ देश और जनता से भी नेहरू जी बहुत प्यार करते थे और यही कारण था कि अधिकांश देशवासी भी उनसे उतना ही स्नेह करते थे और उन्हें आदर-सम्मान देते थे, जितना बच्चे देते थे। 74 वर्ष की आयु में 27 मई 1964 को पंडित जी स्वर्ग सिधार गए लेकिन अपने निधन से पूर्व अपनी वसीयत में उन्होंने लिखा, 'मेरे मरने के बाद मेरी अस्थियां देश के उन खेतों में बिखेर दी जाएं, जहां भारत का किसान अपना पसीना बहाता है ताकि वे देश की मिट्टी में मिल जाएं।' ऐसे थे बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू!

(लेखिका डेढ़ दशक से अधिक समय से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय शिक्षाविद हैं)

साजिश :जिंदगी बचाने वाले डॉक्टर कैसे बने आतंक के सौदागर?

मनोज कुमार अग्रवाल

लालकिला विस्फोट साजिश मामले में उच्च शिक्षित छह डॉक्टरों के नाम जुड़ जाने के बाद कई मिथक टूट रहे हैं जैसे अशिक्षा और बेरोजगारी आतंकवाद को जन्म देती है आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। इस मामले में शिक्षित और लाखों मासिक की तनख्वाह पाने वाले सभी मुस्लिम दहशतगर्दी की साजिश से जुड़े मिले हैं। सवाल है कि इन्हें कौन रेडिक्क्लाइज (उग्र कट्टरपंथी) बना रहा है? जिंदगी देने वाले डॉक्टर ही दहशत फैलाने का औजार कैसे बन गए? ये कौन सी मजहबी तालीम है जो उच्च शिक्षित एम डी डॉक्टर्स का भी ब्रेनवॉश कर उन्हें दहशत फैलाने के नापाक मंसूबों से जोड़ देती है? पिछले कुछ दिनों से देश के अलग-अलग शहरों में आतंकियों की गिरफ्तारी और विस्फोटक सामग्रियों की बरामदी के बीच सोमवार शाम को लाल किले के पास जोरदार धमाका होना इस बात का प्रमाण है कि संभवत आतंकियों ने इस घटना को बौखलाहट में अंजाम दिया है, लेकिन इसके साथ यह भी साबित होता है कि आतंकी देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी जड़े जमा चुके है। आतंक का जाल पूरे देश में फैल चुका है। दिल्ली में लाल किले के पास हुए जोरदार धमाके में 12 लोगों की मौत और दो दर्जन से ज्यादा लोगों का घायल होना काफी दुःखद और हृदयविदारक घटना है, क्योंकि यह विस्फोट इतना भयानक था कि लोगों के चिथड़े उड़ गए। धमाके की वजह साफ नहीं है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने इस संबन्ध में कुछ नहीं कहा है, लेकिन माना जा रहा है कि आतंकियों ने ही अपने नापाक मनसूबों को अंजाम दिया है।

संभवत दिल्ली में विस्फोट कर आतंकी पूरे देश में यह संदेश देना चाह रहे हैं कि तमाम गिरफ्तारियों के बीच उनका मनोबल गिरा नहीं है। दिल्ली, जो देश की प्रशासनिक और राजनीतिक धुरी है, में लाल किले जैसा ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक स्थान पर धमाका होना, सीधे-सीधे देश की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया एजेंसियों को चुनौती है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल, शोपियां, फरीदाबाद और सहारनपुर में व्यापक छापेमारी चल रही थी और सात संदिग्धों की गिरफ्तारी के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। इसलिए यह मानना तर्कसंगत होगा कि यह धमाका आतंकियों की बौखलाहट में की गई कार्रवाई हो सकती है, लेकिन इसकी भयावहता इस बात में है कि यह दिखाता है कि नेटवर्क अब भी सक्रिय और संगठित है। आंकड़े और घटनास्थल की विस्तृत जानकारी ने यह संकेत दिया है कि यह कोई साधारण विस्फोट या हमला नहीं था, बल्कि लंबी परतों में फैला एक नेटवर्क चल रहा था। देश में विभिन्न स्थानों से कुल मिलाकर लगभग तीन टन के आसपास विस्फोटक पदार्थ और संबंधित सामग्री बरामद हुई है, और मामला एक व्हाइट कलर आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा बताया जा रहा है यानी प्रोफेशनल्स, छात्र और नागरिक का भी शामिल होना समझ को झकझोर देता है। सबसे स्तब्ध करने वाली बात यह है कि जिन लोगों पर संदेह हुआ उनमें मेडिकल डॉक्टर भी शामिल थे। रिपोर्ट बताती ताती हैं कि अनंतनाग के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज से एके-47 राइफल बरामद की गई और दो-तीन डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद यहीं से छानबीन आगे बढ़ी। जिन डॉक्टरों का नाम सामने आया है, उनमें अब जिन्हें हिरासत में लिया गया जिस कार में विस्फोट किया गया उसे भी एक डॉक्टर उम्र चला रहा था कुल छह डॉ के नाम सामने आ चुके हैं। इस से पता चल रहा है कि कैसे ईमानदार पेशेवर आड़ लेकर संवेदनशील स्थानों और सामाजिक विश्वास के ऊपर से भी आतंकी गतिविधियों को संचालित किया जा सकता है। इससे पहले गुजरात से तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं। आतंकियों ने हमले की तैयारी के लिए अहमदाबाद, लखनऊ और दिल्ली जैसे शहरों की रेकी की थी और आतंकी घटनाओं से इन्हें दहलाने की साजिश भी रची थी। आतंकियों के मुताबिक अहमदाबाद के भीड़भाड़ वाले इलाकों का नक्शा तैयार किया गया था। वहीं लखनऊ में आरएसएस के कार्यालय को भी निशाना बनाने के मंसूबे थे। दिल्ली में आतंकियों की नजरें आजादपुर मंडी इलाके पर थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आतंकी राइसिन नामक जहर बना रहे थे जिससे हजारों लोगों को जान से मारने की तैयारी थी। पुलिस पूछताछ में एक अहम खुलासा यह भी हुआ था कि आतंकवादी आजाद शेख एक हफ्ते तक जम्मू-कश्मीर में रहा था, जहां पर उसने कुछ संवेदनशील इलाकों की जानकारियां भी जुटाई थीं। आतंकियों ने हर जगह पर मौसम, शहरी बनावट और ट्रैफिक की पुख्ता जानकारी जुटाई थी। सभी आतंकी पाकिस्तान से संपर्क में थे और अपने आकाओं के इशारों पर काम कर रहे थे। पाकिस्तानी आकाओं के इशारों पर ही आतंकियों ने भारत में बड़े नरसंहार की योजना रची थी। वह लोगों को राइसिन नाम का जहर देकर मारने की प्लानिंग कर रहे थे। आतंकी अहमद सैयद कई दिनों से राइसीन पॉइजन इकट्ठा कर रहा था, ताकि मंसूबों को अंजाम दिया जा सके। निःसंदेह यह दौर बहुआयामी चुनौतियों का है। एक ओर केंद्र तथा राज्य एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई और अंतर-एजेंसी समन्वय का जो नमूना हमें इन छापों से दिखा, वह सराहनीय है, सही सूचना-इंटेलिजेंस के भरोसे तेजी से छापे हुए गए और संभावित बड़े हादसों को रोका गया। दूसरी ओर यह भी स्पष्ट है कि हमारी जांच-विधान, संस्थागत निगरानी और पंजीकरण तंत्र में ऐसे षड्यंत्रों को पकड़ने-समेत रोकने के लिए और सुधार की जरूरत है। आज जिस तरह से आतंकवाद का चेहरा परिवर्तित हो रहा है, निःसंदेह वह भयभीत करने वाला है। लेकिन इससे कल होशियार होना भी आसान है, क्योंकि जब हमें पता चल गया है कि डॉक्टर, प्रोफेशनल्स, छात्र संघ, कहीं-कहीं सामान्य दिखने वाला व्यक्ति भी हमारी सुरक्षा व्यवस्था के लिए खतरा बन सकता है, तो हमें सिर्फ चिन्ता नहीं करनी, बल्कि सटीक कार्रवाई करनी होगी। आतंक को मात देने का समय अब है। हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना, बल्कि आगे बढ़ना है, सामूहिक रूप से, सतर्क रूप से, अडिग रूप से। मगर इतना तय है कि लाल किले के पास धमाका कोई साधारण घटना नहीं है, यह एक तरह से देश पर हमला है। यह हम सबको यह याद दिलाता है कि आतंक का जाल अब हमारी गलियों, विश्वविद्यालयों, डिजिटल चैट ग्रुपों और वित्तीय तंत्रों में घुस चुका है। अब यह युद्ध सिर्फ सैनिकों या पुलिस का नहीं, बल्कि नागरिक समाज, तकनीकी संस्थानों, शिक्षकों, और नीति निमार्ताओं सहित हम सबका है। हमें एक ऐसे भारत का निर्माण करना होगा जहां सुरक्षा सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि विश्वास, शिक्षा, न्याय और एकता से सुनिश्चित की जाए। आतंकवाद को हराने का अर्थ सिर्फ आतंकियों को मारना नहीं, बल्कि उस मानसिकता को खत्म करना है जो उन्हें जन्म देती है। इसके लिए सबसे पहले खुफिया एजेंसियों को देश में फैले आतंक के जाल को तोड़ना होगा और यह काम सभी केंद्र और राज्य एजेंसियों को मिलकर करना होगा। यह काम आम नागरिकों के सहयोग के लिए बिना संभव नहीं है। देश के राजनीतिक पार्टियों को भी चाहिए कि इस विषय पर राजनीति नहीं करते हुए सरकार का साथ दें। आतंकवाद पर किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं हो। हकिकत यह है कि भारत का हर नागरिक, सुरक्षा संस्था और राज्य प्रशासन मिलकर इस खतरे को तब तक नहीं जीत सकते जब तक हम इसके स्त्रोत, नेटवर्क, लॉजिक और सहयोगियों तक पहुंच नहीं पाते। हमें एक रणनीति के साथ काम करना होगा, जहां आतंक सिर्फ दवाया नहीं जाए, बल्कि जड़ से उखाड़ दिया जाए। सभी के सहयोग से ही देश में फैले आतंक के जाल को तोड़ा जा सकता है लेकिन उच्च शिक्षित डाक्टरों का आतंकी तंजीम से जुड़न बेहद चौकाने वाला और गहन चिंता का विषय है।

संक्षिप्त समाचार

तुर्की का मिलिट्री विमान जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त, 20 जवानों की मौत की आशंका

अंकारा, एजेंसी। तुर्की का एक सैन्य मालवाहक विमान अजरबैजान की सीमा के निकट जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में चालक दल सहित 20 सैन्यकर्मी सवार थे। तुर्की और जॉर्जिया के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है, लेकिन हताहतों की सटीक संख्या के बारे में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। तुर्की के समाचार चैनलों पर दिखाए गए वीडियो फुटेज में विमान को तेजी से नीचे गिरते हुए और सफेद धुएं के गुबार के साथ दुर्घटनाग्रस्त होते देखा गया। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की कि यह सी-130 विमान अजरबैजान से उड़ान भरकर तुर्की लौट रहा था, जब यह हादसे का शिकार हो गया। राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और 'मृतकों' के प्रति संवेदना जाहिर की, जिससे संकेत मिलता है कि कई लोगों की जान जा चुकी हो सकती है। मंत्रालय के अनुसार, विमान में 20 सैन्यकर्मी सवार थे, जिनमें चालक दल के सदस्य भी शामिल थे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अजरबैजान और जॉर्जिया के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से खोज व बचाव अभियान शुरू कर दिया है। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने कहा कि दुर्घटना सिग्नाघी नगरपालिका क्षेत्र में घटी, जो अजरबैजान सीमा के करीब स्थित है। विभाग ने मामले की जांच भी आरंभ कर दी है। एर्दोगन ने कहा कि वे इस हादसे से 'बहुत दुखी' हैं और प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति व्यक्त करते हैं। बता दें कि सी-130 हरक्यूलिस विमान अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन द्वारा विकसित चार इंजन वाला टर्बोप्रॉप सैन्य परिवहन विमान है। इसे छोटे और अपर्याप्त रनवे से आसानी से उड़ान भरने व उतरने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका प्राइमरी कार्य माल ढोना, सैनिकों और उपकरणों का परिवहन करना है। इसके अलावा, इसे गनशिप, हवाई हमले और टोही अभियानों में भी इस्तेमाल किया जाता है।

मालाबार युद्धाभ्यास में शामिल हुआ ऑस्ट्रेलिया, चीन की चुनौती से निपटने में जुटे क्वाड देश

कैनबरा, एजेंसी। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में भारत, जापान और अमेरिका संयुक्त युद्धाभ्यास मालाबार में शिरकत कर रहे हैं। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया भी इसमें शामिल हो गया। मालाबार युद्धाभ्यास 10 नवंबर को शुरू हुआ था और 18 नवंबर तक चलेगा। ऑस्ट्रेलिया के युद्धाभ्यास में शामिल होने के बाद अब क्वाड के चारों सदस्य देश मालाबार युद्धाभ्यास का हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि 'रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी का हैंड्ष्ट श्रेणी की फ्रिगेट एचएमएएस बालाराट और रॉयल ऑस्ट्रेलियन एअर फोर्स के पी-8ए पोसायडन मेरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट मालाबार युद्धाभ्यास में हिस्सा लेंगे। पोसायडन गुआम के एंडरसन एअर फोर्स बेस से संचालित होगा।' ऑस्ट्रेलिया के चीफ ऑफ जॉइंट ऑपरेशन वाइस एडमिरल जस्टिन जोंस ने बताया कि मालाबार युद्धाभ्यास बढ़ती क्षेत्रीय साझेदारी और लगातार बदलती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने की अहमियत बताता है। मालाबार युद्धाभ्यास की शुरुआत साल 1992 में हुई थी। पहली बार अमेरिका और भारत ने इस युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया। बाद में जापान और ऑस्ट्रेलिया भी इसमें शामिल हो गए। ये चारों देश ही क्वाड संगठन का हिस्सा है। ऐसे में मालाबार युद्धाभ्यास क्वाड देशों का युद्धाभ्यास बन गया है। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन की चुनौती लगातार बढ़ रही है। ऐसे में चीन की चुनौती से निपटने, हिंद प्रशांत क्षेत्र में नौवहन के मुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मालाबार युद्धाभ्यास अहम है। युद्धाभ्यास में भाग ले रहे ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के जहाज के कमांडर डीन यूरेन ने कहा कि यह हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के सदस्य देशों के बीच अंतरसंचालन को बेहतर करने का यह बेहतरीन अवसर है। क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ युद्धाभ्यास से हम हिंद प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होंगे।

चीन का 758 मीटर लंबा नया होंगची ब्रिज ढहा, उद्घाटन के 44 दिन बाद हादसा

बीजिंग, एजेंसी। चीन के सिचुआन प्रांत में हाल ही में शुरू हुआ होंगची ब्रिज आंशिक रूप से ढह गया। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाया गया था और इसकी लंबाई करीब 758 मीटर है। सोमवार दोपहर पुल के आसपास की पहाड़ी ढलानों और सड़कों पर दरारें दिखाई दीं। पहाड़ की जमीन खिसकने लगी तो प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से पुल को तत्काल बंद कर दिया। मंगलवार दोपहर हालात और बिगड़ गए। पहाड़ी से भारी मात्रा में मिट्टी खिसकने के बाद पुल का एक हिस्सा टूटकर ढह गया। अब तक किसी के घायल होने या मौत की सूचना नहीं मिली है। वीडियो में धूल का गुबार उठता दिखाई देता है और पुल के खंभे टूटकर नीचे पत्थरों और नदी में गिरते नजर आते हैं। यह पुल इसी साल पूरा हुआ था।

सादरिस्ट का बहिष्कार, कम वोटिंग और कड़ी सुरक्षा; क्या संदेश दे रहा है बगदाद का जनादेश?

बगदाद, एजेंसी। इराक में मंगलवार को संसदीय चुनाव हुए, जो कड़ी सुरक्षा और एक बड़े राजनीतिक गुट के बहिष्कार से प्रभावित रहे। मतदान के दौरान हिंसा की सिर्फ एक बड़ी घटना सामने आई, जो कि उत्तरी शहर किर्कुक में दो दलों के समर्थकों के बीच झड़प में दो पुलिसकर्मी मारे गए। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, पंजीकृत मतदाताओं में से 55% ने वोट डाला, लेकिन कुल 32 मिलियन योग्य मतदाताओं में से सिर्फ 21.4 मिलियन ने ही मतदाता कार्ड बनवाए, जो 2021 के चुनाव में 24 मिलियन से कम है।

बता दें कि यह चुनाव ऐसे समय में हुआ है जब क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में बड़े बदलाव हुए हैं। उदाहरण के तौर पर गाजा और लेबनान में युद्ध, इस्राइल-ईरान संघर्ष और सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन जैसे घटनाक्रमों के बीच। ऐसे में अमेरिका भी इराक सरकार पर ईरान समर्थक सशस्त्र गुटों के प्रभाव को कम करने का दबाव बना रहा है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने कहा कि यह चुनाव जनता की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2003 के बाद सिर्फ एक प्रधानमंत्री को ही दोबारा मौका मिला है।



सादरिस्ट मूवमेंट का बहिष्कार : प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र के नेतृत्व वाला सादरिस्ट मूवमेंट इस चुनाव से दूर रहा। 2021 में इस गुट ने सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं, लेकिन सरकार गठन पर सहमति न बनने के बाद उसने संसद से इस्तीफा दे दिया और अब पूरे राजनीतिक सिस्टम का बहिष्कार कर रहा है। सदर सिटी (बगदाद के बाहरी इलाके) में सुरक्षा बेहद कड़ी थी, सड़कों पर बख्तरबंद गाड़ियां और विशेष बलों की तैनाती थी। वहां एक बड़ा बैनर लगा था, जिसमें अल-सद्र सैन्य वर्दी में हथियार लिए नजर आ रहे थे, साथ में लिखा था- मेरे लोग सदर सिटी में बहिष्कार कर रहे हैं। खास बात ये रही है कि मतदान केंद्र खुले तो थे, लेकिन लगभग खाली रहे। एक केंद्र, जहां 3,300 मतदाता पंजीकृत थे, वहां कुछ घंटों में केवल 60 लोगों ने वोट डाला। केंद्र के निदेशक अहमद अल-मुसावी ने कहा कि सादरिस्ट बहिष्कार का बड़ा असर पड़ा है। पहले लंबी कतारें लगती थीं, अब सन्नाटा है। स्थानीय निवासी सबीह दाखिल ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि शायद नए नेता जीवन स्तर सुधारें। जबकि दूसरे निवासी राफिद अजील ने कहा कि यह सरकार भ्रष्ट है, पहले भी भ्रष्ट थी, आगे भी वैसी ही होगी।

किर्कुक में तनाव और हिंसा, समझिए कारण : मतदान से पहले रात में किर्कुक में हिंसा भड़क उठी। यहां अरब, कुर्द, शिया और तुर्कमान समुदाय रहते हैं और यह इलाका लंबे समय से क्षेत्रीय विवाद का केंद्र रहा है। रात 2 बजे के करीब दो गुटों में झगड़ा हुआ जो बाद में गोलीबारी में बदल गया। इसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए और दो नागरिक घायल हुए। 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, झगड़ा कुर्द पार्टी (पीयूके) और इराकी तुर्कमान फ्रंट के समर्थकों के बीच हुआ। सुबह तक स्थिति शांत हुई और धीरे-धीरे लोग वोट डालने पहुंचे। हालांकि, कई मतदाताओं ने राजनीतिक उदासीनता जताई। 60 वर्षीय नूरअदीन सालेह ने कहा, 'हम सिर्फ चेहरों को बदलते हैं, बाकी कुछ नहीं बदलता। अस्सीरी अल्पसंख्यक की बैन बहनम ने भी कहा, 'उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं, लेकिन फिर भी हम वोट डालने आते हैं।

भ्रष्टाचार और कानूनी विवाद : मतदान से पहले भ्रष्टाचार और वोट खरीदने के कई आरोप लगे। सुरक्षा बलों ने पिछले हफ्ते 46 लोगों को गिरफ्तार किया, जो अवैध रूप से वोटर कार्ड खरीद-बेच रहे थे। उनके पास से 1,841 कार्ड बरामद हुए।इराक के सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल के प्रमुख ने भी कहा कि चुनाव की तारीख संवैधानिक नहीं है, क्योंकि इसे पहले 24 नवंबर तय किया गया था, बाद में बदलकर 12 नवंबर कर दिया गया।

कंबोडिया और थाईलैंड में फिर छिड़ेगी जंग? थाई सेना ने रद्द किया ट्रंप का शांति समझौता

बैंकॉक, एजेंसी। थाईलैंड की सेना ने मंगलवार को कंबोडिया पर विवादित सीमा क्षेत्र में नई बारूदी सुरंगें बिछाने का आरोप लगाया। थाईलैंड ने दावा किया कि इन बारूदी सुरंगों के चलते उसके कई सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीमा पर लैंडमाइन्स बिछाए जाने को थाईलैंड ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रस्तावित शांति समझौते का उल्लंघन बताया। थाईलैंड की सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल विनथाई सुवारी ने बयान जारी करते हुए कहा कि फोरेंसिक अधिकारियों ने सोमवार (10 नवंबर,2025) को कंथारलक जिले में बारूदी सुरंगों वाले क्षेत्र की जांच-पड़ताल की। इस दौरान अधिकारियों को धमाके से बना एक गड्ढा और तीन अन्य बारूदी सुरंगों का पता चला। सीमा पर गश्त के दौरान 4 थाई सैनिक घायलथाई सेना की ओर से सोमवार को जारी बयान में कहा गया था कि सीमा पर गश्त करने के दौरान लैंडमाइन पर पैर पड़ने की वजह से चार सैनिक घायल हो गए। इनमें से एक सैनिक ने अपना पैर भी गंवा दिया। बैंकॉक पोस्ट के मुताबिक मेजर जनरल विनथाई ने कहा, ''इस तरह की घटना संघर्ष को कम करने में कंबोडिया के दोहरे रवैये को दर्शाता है। ये शत्रुता को भी दर्शाता है, जो संयुक्त रूप से माने गए समझौते का भी उल्लंघन है। कंबोडिया ने आरोपों को किया खारिज कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार की देर रात थाईलैंड के आरोपों को खारिज कर दिया। कंबोडिया की ओर से कहा गया कि कंबोडिया के गृह युद्ध के दौरान की एक पुरानी बारूदी सुरंग में धमाके की वजह से सोमवार को थाई सैनिक घायल हुए। कंबोडिया की ओर से कहा गया कि उसकी ओर से सीमा पर कोई भी नई लैंडमाइंस नहीं बिछाई गई हैं, जो आम नागरिकों के लिए खतरा बनें। थाईलैंड पर कंबोडिया ने जड़ा ये आरोप कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय ने शांति समझौते की शर्तों और जेनेवा कन्वेंशन का सख्ती से पालन करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्रालय ने थाईलैंड की ओर से कंबोडिया के साथ तमाम गतिविधियां सस्पेंड करने पर भी चिंता जताई। इसमें विवादित सीमा क्षेत्र से बड़े हथियारों को हटाने और कंबोडियाई युद्धबंदियों को छोड़े जाने पर सहमति बनी थी।

संयुक्त राष्ट्र चीफ गुटेरस ने दिल्ली धमाके पर दुख जताया, जांच की मांग की

वाशिंगटन, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने नई दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार धमाके में जान गंवाने वालों के प्रति दुख जताया है। उनके प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि भारत सरकार और लोगों के लिए हम संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना की पूरी तरह जांच जरूरी है।

मंगलवार को हुई इस घटना में 12 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हुए। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता से इस मामले और इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बारे में सवाल पूछे गए थे। इस्लामाबाद के हमले पर उन्होंने कहा कि महासचिव इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। गुटेरस ने कहा कि आतंकवाद और हिंसा की हर घटना की कड़ी निंदा की जानी चाहिए और दोषियों को सज़ा मिले। इसके लिए पूरी जांच होनी चाहिए। इस्लामाबाद में मंगलवार को एक आत्मघाती हमलावर ने पुलिस वाहन के पास खुद को उड़ा लिया। इस हमले में 12 लोगों की मौत और 36 लोग घायल हुए।

जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह के बिना चुनाव नहीं: बांग्लादेश की इस्लामी पार्टी : ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने मंगलवार को फरवरी में प्रस्तावित आम चुनाव का कड़ा विरोध किया और कहा कि जब तक जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह कर उसे 'कानूनी आधार' नहीं दिया जाता, तब तक चुनाव नहीं हो सकता। ढाका में अपने सात इस्लामी सहयोगियों के साथ आयोजित एक रैली में जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने कहा, इस देश के स्वतंत्रता-प्रेमी लोगों का एक ही संदेश है-आम चुनाव से पहले एक राष्ट्रीय जनमत संग्रह होना चाहिए। यह रैली जमात की ताकत दिखाने का एक प्रयास मानी जा रही है।

11 साल बाद हमास ने इस्राइल को लौटाया सैनिक का शव, अंतिम संस्कार में उमड़ी हजारों की भीड़

यरुशलम, एजेंसी। मध्य इस्राइल में मंगलवार (11 नवंबर,2025) को 11 साल बाद गाजा से लौटे इस्राइली सैनिक के शव के अंतिम संस्कार में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सैनिक के अंतिम संस्कार के दौरान हाथों में इस्राइल का झंडा लिए हुए भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इसके चलते श्मशान और आस-पास की तमाम गलियां जाम हो गईं। लेफ्टिनेंट हैदर गोल्डिन का अंतिम संस्कार उनके परिवार वालों के लिए भावुक कर देने वाला पल था। दरअसल, लेफ्टिनेंट के परिवार ने उनके शव को वापस इस्राइल लाने के लिए एक बड़ा सार्वजनिक अभियान चलाया था। हमास ने 9 नवंबर, 2025 को उनके शव का अवशेष इस्राइल को वापस भेजा। वहीं 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के हमले में चार बंधकों के शवों को गाजा ले जाने के

बाद इस्राइल के साथ युद्ध छिड़ गया था। ये शव अभी भी गाजा में ही हैं। 2014 में इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम के एलान के दो घंटे बाद 23 साल के गोल्डिन की मौत हो गई थी। कई वर्षों तक गोल्डिन और एक अन्य सैनिक ओरॉन शॉल के पोस्टर इस्राइल की गलियों में दिखते थे। वहीं, उनके परिवारों की ओर से शवों को वापस लाने के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इस्राइली सेना की ओर से बहुत पहले साफ कर दिया गया था कि गोल्डिन की हत्या हो चुकी है और सबूत के तौर पर सुरंग में उसकी खून से सनी शर्ट बरामद की गई थी। बीते वर्षों में गोल्डिन के शव की पहचान होने के बाद उनके परिजनों ने कई बार निराशा जाहिर की। परिजनों ने कहा था कि उनके बेटे का शव न इस्राइली सेना और न ही कोई अन्य वापस लेकर आया। इसे एक तरह से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना के तौर पर देखा गया। वहीं, नेतन्याहू ने हालिया कैबिनेट बैठक में कहा, ''इस्राइली सैनिक का शव हमास के कब्जे में लंबे समय तक रहने से परिवार को बहुत पीड़ा झेलनी पड़ी। अब वे उसका अंतिम संस्कार कर सकेंगे।'' गौरतलब है कि ओरॉन शॉल का शव साल की शुरुआत में ही इस्राइल वापस आ गया था। गोल्डिन के परिजनों ने नाराजगी जताते हुए कहा, ''हैदर जंग लड़ने गया था और इस्राइली सेना ने उसे छोड़ दिया। इस्राइली सेना ने हमारे और उसके मानवीय अधिकारों को खत्म कर दिया।'' गोल्डिन के शव को वापस लाने की शुरुआती कोशिशों में दर्जनों फलस्तीनी मारे गए थे। फलस्तीन की ओर से इसे अंधाधुंध गोलीबारी बताया गया था। गोल्डिन के शव को पाने के लिए इस्राइल ने हैनीबेल प्रोटोकॉल लागू किया था। इसके तहत इस्राइली सेना को भारी हथियार और सैन्यबल के इस्तेमाल की छूट मिलती है। गोल्डिन की तलाश में इस्राइली सेना ने गाजा शहर में भीषण गोलीबारी और एयरस्ट्राइक की थीं, जिनमें 110 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। 2016 में भारी आलोचना के बाद हैनीबेल प्रोटोकॉल को रद्द कर दिया गया था। 2014 में हुई इस्राइल और हमास की जंग में 2200 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी।

एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रंप; कहा- अमेरिका को चाहिए टैलेंट, सिर्फ बेरोजगारों पर निर्भर नहीं रह सकते

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अब तक के सख्त रुख से पीछे हटते हुए कहा है कि देश को विदेशी कुशल लोगों की जरूरत है। उन्होंने माना कि अमेरिका केवल लंबे समय से बेरोजगार बैठे लोगों पर निर्भर रहकर अपनी इंडस्ट्री और टेक्नोलॉजी को आगे नहीं बढ़ा सकता। एक समाचार चैनल को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए, लेकिन हमें यह टैलेंट भी लाना होगा। अमेरिका को दुनिया में आगे बनाए रखने के लिए ये जरूरी है।'

नई वीजा नीति में बड़ा बदलाव : इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने सितंबर महीने में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद एच-1बी वीजा आवेदन की फीस में बड़ा इजाफा किया गया। अब नए वीजा के लिए 1,500 डॉलर की जगह 1 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 83 लाख रुपये) फीस देनी होगी। यह नियम 21 सितंबर के बाद दाखिल किए गए सभी नए आवेदन या 2026 की वीजा लॉटरी में शामिल होने वालों पर लागू होगा। हालांकि, जो लोग पहले से वीजा पर हैं या जिनके आवेदन पहले दिए गए हैं, वे इस नए नियम से प्रभावित नहीं होंगे।

हर बेरोजगार को नहीं सिखाया जा सकता मिसाइल बनाना : जब इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि अमेरिका में पहले से काफी प्रतिभाशाली लोग हैं, तो ट्रंप ने कहा, 'नहीं, ऐसा नहीं है। कुछ खास स्किल्स ऐसी हैं जो हमारे पास नहीं हैं। आप बेरोजगारों को सीधा नहीं कह सकते कि 'चलो, अब मिसाइल बनाना सीखो।' उन्हें ट्रेनिंग और अनुभव चाहिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने जॉर्जिया राज्य का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां एक ह्युंडई बैटरी फैक्ट्री में जब दक्षिण कोरिया से आए कुशल मजदूरों को वापस भेजा गया, तो उत्पादन में भारी दिक्कतें आईं। उन्होंने कहा, 'बैटरियां बनाना बहुत जटिल और खतरनाक काम है। कई विस्फोट की घटनाएं होती हैं। कोरिया से आए लोग इस काम में माहिर थे और वहीं से अमेरिकी कर्मचारियों को सिखा रहे थे। जब उन्हें भेज दिया गया, तो पूरी व्यवस्था ठप हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उनके पुराने रुख से बिल्कुल अलग माना जा रहा है। पहले ट्रंप विदेशी कामगारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते रहे हैं और कहते थे कि इससे अमेरिकी नौकरियां छिनती हैं। लेकिन अब उन्होंने खुद कहा है कि 'देश में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करने में कई साल लगेंगे। तब तक हमें विशेषज्ञों को लाना ही होगा।

सुप्रीम कोर्ट का एसएनएपी फूड सहायता पर रोक का आदेश जारी, शटडाउन के बीच अब कैसे गहराया भूख का संकट?

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन के चलते अब भूख का संकट गहरा होता दिख रहा है। कारण है कि एक तरफ जहां शटडाउन के जल्दी खत्म होने की बात खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। तो दूसरी ओर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी) यानी खाद्य सहायता योजना के पूर्ण भुगतान पर लगी अस्थायी रोक को कुछ और दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अदालत का यह आदेश गुरुवार रात तक प्रभावी रहेगा। यह फैसला ऐसे समय आया है जब संकेत मिल रहे हैं कि सरकारी शटडाउन जल्द खत्म हो सकता है और इससे करोड़ों लोगों को मिलने वाली फूड सहायता बहाल हो सकती है।

SNAP कार्यक्रम के तहत करीब 4.2 करोड़ अमेरिकी नागरिकों को खाने-पीने की चीजें खरीदने में मदद मिलती है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से राज्यों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ राज्यों में लाभार्थियों को पूरा मासिक राशन मिल चुका है, जबकि कुछ को आंशिक या बिल्कुल नहीं मिला। अदालत ने फिलहाल कोई बड़ा कानूनी फैसला देने से परहेज करते हुए स्थिति को अस्थायी रूप से यथावत रखा है।

जरूरतमंदों की बढ़ी मुश्किलें, समझिए कैसे : अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में कुछ लोगों को नवंबर का पूरा लाभ मिल गया, लेकिन कई लोगों को अब तक कुछ नहीं मिला। 41 वर्षीय जिम मलियार्ड जो अपनी बीमार पत्नी और बेटी की देखभाल करते हैं, उन्होंने बताया कि उन्हें पिछले दो हफ्तों से 350 डॉलर की मासिक एसएनएपी सहायता नहीं मिली। अब उनके पास सिर्फ 10 बचे हैं और परिवार चावल व इंस्टेंट नूडल्स पर गुजारा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर रात खर्च गिनता हूं ताकि परिवार का पेट चल सके। चिंता मेरी सबसे बड़ी दुश्मन बन गई है। इस संकट के बीच कई आम नागरिक मदद के लिए आगे आए हैं। न्यूयॉर्क की शिक्षिका एशली ऑक्सेनफोर्ड ने अपने घर के सामने 'लिटिल फूड पैंट्री' लगाई ताकि जरूरतमंद पड़ोसियों को खाना मिल सके। बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने शटडाउन के कारण अक्तूबर के बाद एसएनएपी फंडिंग रोकने का निर्णय लिया था, जिससे देशभर में मुकदमे शुरू हो गए। कुछ अदालतों ने सरकार को कम से कम आंशिक भुगतान करने का आदेश दिया, जिसके बाद प्रशासन ने 65प्रतिशत तक लाभ देने की बात मानी।

राजील में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के दौरान प्रदर्शन-झड़प, जानें क्यों नाराज हैं आदिवासी समुदाय

बेलेम, एजेंसी। ब्राजील के अमेजन शहर बेलेम में चल रहे संयुक्त राष्ट्र के जलवायु सम्मेलन (कॉप30) के मुख्य स्थल पर मंगलवार को कुछ प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कुछ देर के लिए सुरक्षा घेरा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें पीछे धकेल दिया। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मियों को मामूली चोटें आईं।

ब्राजील और संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा टीम ने की कार्रवाई : मामले में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन संगठन ने एक बयान में कहा, 'आज शाम, कुछ प्रदर्शनकारियों ने मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा बैरियर तोड़ दिए, जिससे दो सुरक्षा कर्मियों को हल्की चोटें आईं और स्थल को मामूली नुकसान हुआ। ब्राजील और संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा टीम ने तय प्रोटोकॉल के अनुसार तुरंत कार्रवाई की। फिलहाल स्थल पूरी तरह सुरक्षित है और सम्मेलन की बातचीत सामान्य रूप से जारी है।

झड़प से पहले क्या हुआ था : घटना उस समय हुई जब दिन का सत्र समाप्त हो रहा था और लोग सम्मेलन स्थल से बाहर निकल रहे थे। प्रदर्शनकारियों में कुछ लोग पीली टी-शर्ट में थे, जबकि कुछ आदिवासी समुदाय के पारंपरिक वस्त्र पहने हुए थे। ग्लोबल यूथ गठबंधन के युवा समन्वयक अगस्टिन ओकान्या, जो मौके पर मौजूद थे, ने बताया कि प्रदर्शनकारी शुरू में नाच-गाकर नारे लगा रहे थे। वह भी उनके साथ चलने लगे क्योंकि उनके कुछ दोस्त आदिवासी समूह में थे। ओकान्या के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं था कि पहले किसने सुरक्षा घेरा तोड़ा, लेकिन जैसे ही गार्डों ने दरवाजे बंद करने की कोशिश की और अतिरिक्त सुरक्षा बुला ली, स्थिति बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि कुछ लोग 'वे हमारे बिना हमारे लिए फैसले नहीं कर सकते' के नारे लगा रहे थे। यह नारा इस बात का प्रतीक था कि आदिवासी समुदाय

महसूस करते हैं कि जलवायु वार्ताओं में उनकी भागीदारी को नजरअंदाज किया जा रहा है।

मौके पर मची अफरातफरी : जब टकराव बढ़ा, तो दोनों पक्षों के कुछ लोगों ने पास रखे छोटे प्लास्टिक के बक्सों से एक-दूसरे को मारना शुरू कर दिया। ओकान्या ने बताया कि एक सुरक्षा कर्मी के सिर में चोट लगी और दो-तीन लोगों के शरीर पर चोट के निशान थे।

आदिवासी समुदायों की नाराजगी क्यों? : ओकान्या ने कहा कि कई आदिवासी समुदाय नाराज हैं क्योंकि सरकार और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां जलवायु सम्मेलन के लिए 'एक नया शहर खड़ा करने' में भारी धन लगा रही हैं, जबकि उनके क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और जंगलों की सुरक्षा जैसी बुनियादी जरूरतें अब भी अधूरी हैं। उन्होंने कहा, 'ये लोग बुरे नहीं हैं। वे हताश हैं, अपनी जमीन और नदी की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं।' ओकान्या ने चेतावनी दी कि अगर दुनिया जलवायु संरक्षण पर सिर्फ बातें करती रही और ठोस कदम नहीं उठाए, तो इस तरह की घटनाएं आगे भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा, 'यह घटना बस एक छोटी झलक है, अगर हमने धरती को बचाने की बातों को यूं ही टालते रहे, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं।

खांसी या पेटदर्द, ठंड में अमरूद खाने से मिलते हैं ये 15 फायदे

अमरूद में विटामिन सी और शर्करा काफी मात्रा में होती है। अमरूद में पेक्टिन की मात्रा भी बहुत अधिक होती है। अमरूद को इसके बीजों के साथ खाना अत्यंत उपयोगी होता है, जिसके कारण पेट साफ रहता है। अमरूद का उपयोग चटनी, जेली, मुरब्बा और फल से पनीर बनाने में किया जाता है। आइए जानते हैं कि आखिर ठंड में अमरूद खाने के क्या फायदे हो सकते हैं।

अमरूद के सेवन से दूर होती हैं ये बीमारियां...

पेटदर्द में आराम

अमरूद के पेड़ की पत्तियों को बारीक पीसकर काले नमक के साथ चाटने से लाभ होता है। अमरूद के फल की फुगनी (अमरूद के फल के नीचे वाले छोटे पत्ते) में थोड़ा-सी मात्रा में सेंधा नमक मिलाकर गुनगुने पानी के साथ पीने से पेट दर्द समाप्त होता है। यदि पेट दर्द की शिकायत हो तो अमरूद की कोमल पत्तियों को पीसकर पानी में मिलाकर पीने से आराम होता है।

अपच में उत्तम औषधि

अपच, अग्निमान्द्य और अफारा के लिए अमरूद बहुत ही उत्तम औषधि है। इन रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को 250 ग्राम अमरूद भोजन करने के बाद खाना चाहिए। जिन लोगों को कब्ज न हो तो उन्हें खाना खाने से पहले खाना चाहिए।

बवासीर रोग करे दूर

सुबह खाली पेट 200-300 ग्राम अमरूद नियमित सेवन करने से बवासीर में लाभ मिलता है। कुछ दिनों तक रोजाना सुबह खाली पेट 250 ग्राम अमरूद खाने से भी बवासीर ठीक हो जाती है। बवासीर को दूर करने के लिए सुबह खाली पेट अमरूद खाना उत्तम है। मल-त्याग करते समय बांयें पैर पर जोर देकर बैठें। इस प्रयोग से बवासीर नहीं होती है और मल साफ आता है। पके अमरुद खाने से पेट की कब्ज खत्म होती है, जिससे बवासीर रोग दूर हो जाता है।

कब्ज में फायदा

तरोताजा बड़े-बड़े अमरूद लेकर उसके छिलके निकालकर टुकड़े कर लें और पानी में उबालें। जब अमरूद आधे पककर नरम हो जाएं, तब नीचे उतारकर कपड़े में डालकर पानी निकाल लें। उसके बाद उससे 3 गुना शक्कर लेकर चासनी बनाएं और अमरूद के टुकड़े उसमें डाल दें। फिर उसमें इलायची दानों का चूर्ण और केसर डालकर मुरब्बा बनाएं। ठंडा होने पर मुरब्बे को चीनी-मिट्टी के बर्तन में भरकर, उसका मुंह बंद करके थोड़े दिन तक रख छोड़े। यह मुरब्बा 20-25 ग्राम की मात्रा में रोजाना खाने से कब्जियत दूर होती है।

खांसी में लाभ

एक कच्चे अमरूद को लेकर चाकू से उसका गूदा निकाल लेते हैं। फिर इस अमरूद में पिसी अजवायन तथा पिसा कालानमक 6-6 ग्राम भर देते हैं। इसके बाद अमरूद पर कपड़ा लपेटकर उसमें गीली मिट्टी का लेप लगाकर आग में भून लेते हैं पकने के बाद इसके ऊपर से मिट्टी और कपड़ा हटाकर अमरूद को पीस लेते हैं। इसे आधा-आधा ग्राम की मात्रा में शहद के साथ मिलाकर सुबह-शाम रोगी को चटाने से काली खांसी में लाभ होता है।

जल्द घाव भरना

अमरूद की कोमल पत्तियां उबालकर पीने से पुराने दस्त ठीक होते है। दस्तों में आंव आती रहे, आंतों में सूजन आ जाएं, घाव हो जाए तो 2-3 महीने 250 ग्राम अमरूद रोजाना खाने से दस्त में लाभ होता है। अमरूद में-टैनिक एसिड होता है, जिसका काम घाव भरना है। इससे आंतों के घाव भरकर आंते स्वस्थ हो जाती हैं।

अमरूद कब हो सकता है हानिकारक?

शीत प्रकृति वालों को और जिनका आमाशय कमजोर हो, उनके लिए अमरूद हानिकारक होता है। बारिश के सीजन में अमरूद के अंदर सूक्ष्म धागे जैसे सफेद कीड़े पैदा हो जाते हैं जिसे खाने वाले व्यक्ति को पेट दर्द, अफारा, हैजा जैसे विकार हो सकते हैं। हालांकि ठंड में ताजे अमरूद खाना फायदेमंद होता है, लेकिन यदि कुछ दिन तक पुराने हो जाए तो नहीं खाना चाहिए। इसके बीज सख्म होने से आसानी से नहीं पचते और यदि ये एपेन्डिक्स में चले जाए, तो रोग पैदा कर सकते हैं। अत: इनके बीजों के सेवन से बचना चाहिए।

15 फायदे

- अमरूद हाई एनर्जी फ्रूट है, जिसमें भरपूर मात्रा में विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। ये तत्व हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होते हैं।
- अमरूद में पाया जाने वाला विटामिन बी-9 शरीर की कोशिकाओं और डीएनए को सुधारने का काम करता है।
- अमरूद में मौजूद पोटैशियम और मैग्नीशियम दिल और मांसपेशियों को दुरुस्त रखकर उन्हें कई प्रकार की बीमारियों से बचाता है।
- अगर आप अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना चाहते हैं तो अमरूद का सेवन करना बहुत फायदेमंद होगा।
- अमरूद के नियमित सेवन से सर्दी जुकाम जैसी समस्याओं के होने का खतरा भी कम हो जाता है।
- अमरूद में पाया जाने वाला विटामिन ए और ई आंखों, बालों और त्वचा को पोषण देता है।
- अमरूद में मौजूद लाइकोपीन नामक फाइटो न्यूट्रिएंट्स शरीर को कैंसर और ट्यूमर के खतरे से बचाने में सहायक होते हैं।
- अमरूद में बीटा कैरोटीन होता है, जो शरीर को त्वचा संबंधी बीमारियों से बचाता है।
- अमरूद का नियमित सेवन करने से कब्ज की समस्या में राहत मिलती है।
- फल के साथ ही अमरूद की पत्तियों का सेवन मुंह के छालों को दूर करने में कारगर होता है।
- अमरूद का रायता, चटनी, अचार और शेक खाने का स्वाद बढ़ा देते हैं।
- अमरूद मेटाबॉलिज्म को सही रखता है, जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर नियंत्रित रहता है।
- कच्चे अमरूद में पके अमरूद की अपेक्षा विटामिन सी अधिक पाया जाता है। इसलिए कच्चा अमरूद खाना ज्यादा फायदेमंद होता है।
- अमरूद में फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है, इसलिए यह डायबिटिज के मरीजों के लिए बहुत अच्छा होता है।
- थायरॉइडनॉर्मल थायरॉइड में भी डॉक्टर अमरूद खाने की सलाह देते हैं।

रेसिपी

मशरूम करी

सामग्री

- **मशरूम:** 200 ग्राम
- **प्याज**
- **टमाटर:** 2 बारीक कटा
- **लहसुन:** 2
- **अदरक :** 1/2 इंच कद्दूकस किया हुआ
- **लाल मिर्च पाउडर:** 1/2 छोटा टी स्पून
- **तेल:** 1 बड़ा टीस्पून
- **काजू:** 15
- **हरा धनिया :** 1 बड़ा टीस्पून
- **नमक:** स्वाद के अनुसार

विधि

काजू को गरम पानी में 10 मिनट भिगोकर पेस्ट बना लें। मशरूम को धोकर उसका डंठल काट लें। एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और मशरूम डालकर 3 मिनट पकाएं। इन्हें अलग रख दें। कढ़ाई में थोड़ा और तेल डालें और फिर प्याज डालकर गोल्डन होने तक भून लें। फिर अदरक, लहसुन डालकर भून लें। अब टमाटर, लाल मिर्च और नमक डालें। टमाटर नरम होने तक पका लें। फिर काजू पेस्ट डाल कर 3 मिनट तक पका लें। इसमें मशरूम और गर्म मसाला डालकर 2 मिनट पका लें। अब हरा धनिया डालकर गॉर्निश करें और सर्व करें।

लहसुन मशरूम सूप

सामग्री

- **बटन मशरूम:** 200 ग्राम
- **बारीक कटा लहसुन:** 8 कलियां
- **अजवाइन:** 1/2 चम्मच
- **बारीक कटा हरा प्याज:** 1/2 कप
- **वेजिटेबल स्टॉक:** 1 लीटर
- **ऑलिव ऑयल:** 2 चम्मच
- **धनिया पत्ती:** 4 चम्मच
- **नीबू के टुकड़े:** 2
- **नमक:** स्वादानुसार
- **काली मिर्च पाउडर:** स्वादानुसार

विधि

मशरूम को अच्छे से साफ करके धो लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। लहसुन को भी छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। पैन में दो चम्मच तेल गर्म करें और उसमें लहसुन और अजवाइन डालें। एक मिनट बाद पैन में कटा हुआ हरा प्याज डालें। दो-तीन मिनट तक पकाएं। मशरूम को पैन में डालें और मध्यम आंच पर पकाएं। पांच से दस मिनट तक पकाएं। नमक, काली मिर्च और उबली सब्जियों का पानी मिलाकर एक उबाल आने दें और उसके बाद मध्यम आंच पर पकाएं। गैस ऑफ करें और मिश्रण को हल्का ठंडा होने दें। हैंड ब्लेंडर की मदद से अच्छी तरह से मिलाएं। सर्व करने से पहले एक बार सूप को गर्म करें। धनिया पत्ती और नीबू के टुकड़े से सजाकर सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। --कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

काकुरो पहेली - 2647



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 2646 का हल



हंसी के फूव्वारें

एक सज्जन ने अपने मित्र को बतलाया, 'यह सोने का कप मैंने दौड़ में फर्स्ट आने के कारण प्राप्त किया है.'

'बहुत खूब, तुम्हारे पीछे कितने लोग थे?' मित्र ने पूछा.

'तीन.... .एक कप का मालिक और दो सिपाही.' उन सज्जन ने उत्तर दिया.

□ □ □

एक पोस्टमैन रिटायर हुआ तो उसकी विदाई के मौके पर सबने उससे खास अनुभव के बारे में पूछा. उसने झिझकते हुए कहा-कृपा करके मेरी पेंशन डाक से न भेजे.

□ □ □

दो लड़के जूस पी रहे थे. एक लड़के की उदास शक्ल देखकर दूसरे ने इसका कारण पूछा तो पहले लड़के ने जवाब दिया, 'मैं इसलिए उदास हूं कि मेरा आधा गिलास खाली हो चुका है, मगर तुम क्यों खुश हो?'

दूसरा चहककर बोला-'इसलिए कि मेरा आधा गिलास अभी तक भरा हुआ है.'

□ □ □

मियाँ ने बीवी को एक पत्रिका में प्रकाशित चित्र सहित दिखाते हुए कहा, 'यह पूरा परिवार कांच खानेवाला है.'

'तुमसे तो ठीक है.' बीवी बोली, 'तुम तो दिन भर दिमाग चाटते रहते हो.'

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 2647



बायें से दायें:-

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2646

चा	ल	बा	ज		चा	ला	क		जा
ह		रि		आ	ह		र्ज		ल
त	ला	श		र	त	न		प्या	सा
	वा		रा	जू		ज	ख्म		ज
रा		तु	म		जो	र		ना	
म	स्ती		क	ह	र		अ	स्ति	त्व
अ		जीं	स		दा	वा		क	
व	क्त		म	द	र		दा		अं
ता		हे		र्द		फि	दा		जा
र	ह	मा	न		रो	जा		धू	म

शब्द पहेली - 2647



बाएँ से दाएँ

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

ऊपर से नीचे

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

शब्द पहेली -2646 का हल

अ	मा	न	त		अ		बी	र	ब	ल
	ला		वा		म	हि	मा		ल	व
म			य	की	न		र			कु
त	क	ली	फ		चै	त्र		क	ल	श
वा		ड		रा	न		गै		ह	
ला	प	र	वा	ह		का	र	गु	जा	री
	र		दा		अ	स्त		मा		मा
प्र	ख	र		पा	प		म	न	च	ला
जा			शा		ह	न	न			गू
प	र		पि	ह	र		ह		शा	
ति	जा	र	त		ण		र	ह	म	त

सुडोकू

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

सीबीआई ने मानव तस्करी कर साइबर अपराध में शामिल कराने वाले दो एजेंटों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने म्यांमार स्थित साइबर क्राइम कैंपों में भारतीय नागरिकों की तस्करी से जुड़े दो मामलों में कार्रवाई करते हुए दो एजेंटों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार, हाल ही में भारत सरकार ने म्यांमार से साइबर गुलामी में फंसे कई भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने में सफलता पाई थी। जांच के दौरान एजेंसी को कई ऐसे एजेंटों के बारे में जानकारी मिली जो विदेशी स्कैम नेटवर्क के लिए काम कर रहे थे। इन्हीं में से दो एजेंट, सोयल अख्तर और मोहित गिरी, जो राजस्थान और गुजरात से पीड़ितों को म्यांमार ले गए थे, उन्हें भारत लौटते समय गिरफ्तार किया गया। जांच में यह सामने आया है कि बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय गिरोह ऊंची तनख्वाह और आकर्षक नौकरियों का झांसा देकर थाईलैंड के रास्ते म्यांमार ले जाता है। वहां उन्हें बंधक बनाकर साइबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्ट स्कैम, निवेश ठगी और रोमांस फ्रॉड जैसी गतिविधियों में जबरन शामिल किया जाता है। सीबीआई के अनुसार पीड़ितों को धमकाकर और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर साइबर अपराधों में मजबूर किया जाता है। इन लोगों को आमतौर पर 'साइबर गुलाम' कहा जाता है। एजेंसी ने बताया कि वह इस पूरे नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने और इसमें शामिल अंतरराष्ट्रीय गिरोहों की पहचान के लिए आगे की जांच कर रही है।

औद्योगिक कॉरिडोर में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सीएसआईआर और एनआईसीडीसी के बीच समझौता

नई दिल्ली। देश में औद्योगिक विकास को वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार से जोड़ने के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के साथ राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास निगम (एनआईसीडीसी) ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर हस्ताक्षर विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन कार्यरत सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी और एनआईसीडीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजत कुमार सैनी की उपस्थिति में नई दिल्ली स्थित सीएसआईआर मुख्यालय में किए गए। इस अवसर पर डॉ. विभा मल्होत्रा साहनी, प्रमुख, प्रौद्योगिकी प्रबंधन निदेशालय (सीएसआईआर) और विकास गोयल, महाप्रबंधक (कॉरपोरेट रणनीति और विपणन, एनआईसीडीसी) ने दस्तावेज़ों का आदान-प्रदान किया। वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे। इसके तहत स्मार्ट शहरों में अनुसंधान केंद्र, औद्योगिक नवाचार हब और प्रौद्योगिकी इनक्यूबेटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे उद्योग, शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। साझेदारी के अंतर्गत औद्योगिक स्वचालन, जैव प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत सामग्री, डिजिटल निर्माण, रोबोटिक्स, एयरोस्पेस, अवसंरचना अभियांत्रिकी, रसायन, औषधि निर्माण, चिकित्सीय उपकरण, वैज्ञानिक यंत्र, कृषि प्रसंस्करण और सतत विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

'ब्लू इकॉनॉमी' भारत-मॉरीशस के सतत विकास का नया मार्गः डॉ. जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच ब्लू इकॉनॉमी यानी महासागर आधारित अर्थव्यवस्था दोनों देशों के सतत विकास और साझा समृद्धि का नया आधार बन सकती है। मत्स्य पालन, महासागर तकनीक और जल लवण हटाने (डिसैलिनेशन) जैसे क्षेत्र भारत-मॉरीशस साझेदारी के नए मोर्चे हैं, जो दोनों समुद्री देशों के लिए आर्थिक वृद्धि और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करेंगे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीडीजी) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मॉरीशस के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित किया। यह दल 10 से 15 नवंबर तक आयोजित दूसरे क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग ले रहा है। मार्च 2025 में हुए दीर्घकालिक सहयोग समझौते के तहत भारत अगले पांच वर्षों में मॉरीशस के 500 अधिकारियों को प्रशिक्षित करेगा। वर्तमान दल में 14 मंत्रालयों के 17 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, जिनका नेतृत्व डॉ. धनंजय कावोल, सीनियर चीफ एक्जीक्यूटिव,मॉरीशस सार्वजनिक सेवा और प्रशासनिक सुधार मंत्रालय कर रहे हैं। जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत का अनुभव समुद्री संसाधन प्रबंधन और महासागर तकनीक के क्षेत्र में मॉरीशस की विकास यात्रा में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत ने'डीप ओशन मिशन' और लक्षद्वीप में डिसैलिनेशन तकनीक के माध्यम से समुद्री जल को पीने योग्य बनाकर जल संकट का समाधान किया है।

दिल्ली विस्फोट के बाद कारवार सीबर्ड नौसैनिक अड्डे की बढ़ा दी गई सुरक्षा

कैरावर। दिल्ली विस्फोट के बाद देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जिले के संवेदनशील और रणनीतिक क्षेत्रों कैगा परमाणु ऊर्जा संयंत्र, सीबर्ड नौसेना बेस और घनी आबादी वाले सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। देश के सबसे बड़े नौसैनिक अड्डे, कारवार स्थित सीबर्ड परियोजना क्षेत्र में सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। नौसेना कर्मियों और कर्मचारियों के अलावा किसी और का प्रवेश वर्जित है। सख्त आगंतुक पास भी लागू किए गए हैं तथा वर्तमान में किसी भी नए आगंतुक को प्रवेश की अनुमति नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्ग तथा परियोजना क्षेत्र की सीमा पर सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।नौसेना और तटरक्षक बल ने समुद्र में गश्त शुरू कर दी है। समुद्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए रडार निगरानी।

निर्यात मिशन को मंजूरी, छोटे उद्योगों को मिलेगा लाभ

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अगले पांच वर्षों के लिए 25,060 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ देश के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करने हेतु निर्यात संवर्धन मिशन को मंज़ूरी दी है। निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) निर्यात प्रतिस्पर्धा को मज़बूती देने के लिए केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित किया गया था। यह मिशन विशेष रूप से एमएसएमई, पहली बार निर्यात करने वाले और श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) को आज मंज़ूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में एक प्रेस वार्ता में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह मिशन निर्यात संवर्धन के लिए एक व्यापक, लचीला और डिजिटल रूप से संचालित ढाँचा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ईपीएम कई अलग-अलग योजनाओं से एक एकल, परिणाम-आधारित और अनुकूल रणनीतिक बदलाव का प्रतीक है जो वैश्विक व्यापार चुनौतियों और निर्यातकों की उभरती ज़रूरतों का तेज़ी से जवाब दे सकता है। ईपीएम के तहत, हाल ही में वैश्विक टैरिफ वृद्धि से प्रभावित क्षेत्रों, जैसे वस्त्र, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और समुद्री उत्पादों को प्राथमिक आधार पर सहायता प्रदान की जाएगी। ये हस्तक्षेप निर्यात ऑर्डरों को बनाए रखने, रोज़गारों की रक्षा करने और नए भौगोलिक क्षेत्रों में विविधीकरण को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। वे सभी प्रक्रियाओं - आवेदन से लेकर संवितरण तक - का प्रबंधन मौजूदा व्यापार प्रणालियों के साथ एकीकृत एक समर्पित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से करेगा।

इस मिशन से एमएसएमई के लिए किफायती व्यापार वित्त तक पहुँच को सुगम बनेगी। अनुपालन और प्रमाणन सहायता के माध्यम से निर्यात बढ़ेगा और भारतीय उत्पादों के लिए बाज़ार पहुँच और दृश्यता में सुधार होगा। साथ ही गैर-पारंपरिक ज़िलों और क्षेत्रों से निर्यात को बढ़ावा देना और विनिर्माण, रसद और संबद्ध सेवाओं में रोज़गार सृजन करना भी मिशन का उद्देश्य है।

ईपीएम एक सहयोगात्मक ढाँचे पर आधारित है जिसमें वाणिज्य विभाग, एमएसएमई मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और वित्तीय संस्थानों, निर्यात संवर्धन परिषदों, कमोडिटी बोर्डों, उद्योग संघों और राज्य सरकारों सहित अन्य प्रमुख हितधारक शामिल हैं। ईपीएम प्रमुख निर्यात सहायता योजनाओं जैसे ब्याज समकारी योजना (आईईएस) और बाजार पहुँच पहल (एमएआई) को समेकित करता है, और उन्हें समकालीन व्यापार आवश्यकताओं के अनुरूप बनाता है। सरकार के अनुसार यह मिशन दो एकीकृत उप-योजनाओं के माध्यम से संचालित होगा। निर्यात प्रोत्साहन - ब्याज अनुदान, निर्यात फैक्टरिंग, संपार्श्विक गारंटी, ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए क्रेडिट कार्ड और नए बाजारों में विविधीकरण के लिए ऋण वृद्धि सहायता जैसे विभिन्न साधनों के माध्यम से एमएसएमई के लिए किफायती व्यापार वित्त तक पहुँच में सुधार पर केंद्रित है। निर्यात दिशा - गैर-वित्तीय सक्षमताओं पर केंद्रित है जो बाजार की तत्परता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाती हैं, जिसमें निर्यात गुणवत्ता और अनुपालन सहायता, अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग, पैकेजिंग और व्यापार मेलों में भागीदारी, निर्यात भंडारण और रसद, अंतर्देशीय परिवहन प्रतिपूर्ति, और व्यापार खुफिया और क्षमता निर्माण पहलों के लिए सहायता शामिल है।

भारत के भविष्य पर वैश्विक निवेशकों का भरोसा बरकरार : मनोहर लाल

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वैश्विक निवेशक समुदाय भारत के भविष्य को लेकर पूरा विश्वास रखता है। ऊर्जा परिवर्तन, शहरी अवसंरचना विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना और डिजिटल नेटवर्क विस्तार जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। मनोहर लाल ने यहां यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के सदस्यों और प्रमुख अमेरिकी व्यावसायिक प्रतिनिधियों से मुलाकात की। बैठक के दौरान उन्होंने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं और निवेश आधारित नवाचारों पर चर्चा की, जो देश के ऊर्जा, आवास और

शहरी क्षेत्रों में समावेशी विकास को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ साझा विकास, साझा जिम्मेदारी और साझा भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। चर्चा के दौरान ग्रीन हाइड्रोजन की सुलभता, ऊर्जा संचरण क्षेत्र में भारत-अमेरिका सहयोग, भारत से सौर मॉड्यूल निर्यात और डेटा केंद्रों को विश्वसनीय बिजली आपूर्ति जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान यूएसआईएसपीएफ प्रतिनिधिमंडल में जॉन चेम्बर्स (संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेसी2 वेंचर्स तथा अध्यक्ष, यूएसआईएसपीएफ), डॉ. मुकेश आघी (अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूएसआईएसपीएफ), प्रभाकर राघवन (गूगल के प्रमुख तकनीकी विशेषज्ञ), जैक पी. विलियम्स (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एक्सॉन मोबिल) और विक्रांत कपूर (समूह अध्यक्ष, रिन्यू) मौजूद रहे।

130वें संविधान संशोधन विधेयक के लिए जेपीसी का गठन

एजेंसी

नई दिल्ली। संसद में पेश संविधान (130वां संशोधन) विधेयक-2025, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक-2025 और केंद्रशासित प्रदेश शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार के लिए 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष ने भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य शामिल किए गए हैं। समिति में भाजपा के साथ-साथ कुछ अन्य दलों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं, जबकि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके ने इसमें शामिल न होने का निर्णय लिया है। वहीं शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (शरद गुट) और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के सदस्य समिति में शामिल किए गए हैं। समिति संविधान संशोधन से जुड़े उन प्रावधानों की जांच करेगी जिनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री के 30 दिन से अधिक जेल में रहने की स्थिति में पद

पर बने रहने को लेकर विधेयक के मसौदे पर पुनर्विचार किया गया है। समिति अपनी रिपोर्ट संसद को प्रस्तुत करेगी। लोकसभा के प्रमुख सदस्यों में रविशंकर प्रसाद, भर्तृहरि महताब, बृजमोहन अग्रवाल, सुप्रिया सुले, हरसिमरत कौर बादल, असदुद्दीन ओवैसी, इंद्रा हांग सुब्बा और अन्य शामिल हैं। राज्यसभा से बृजलाल, उज्ज्वल निकम, नीरज शेखर, सुधा मूर्ति, के. लक्ष्मण समेत कई वरिष्ठ सदस्य समिति का हिस्सा हैं।

पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ के बाद लॉरेंस गैंग के दो गुर्गे पकड़े, दो पिस्तौल बरामद

एजेंसी

चंडीगढ़। गैंगस्टर विरोधी टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने एसएएस नगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान के दौरान अंबाला-डेरा बस्सी हाईवे के घग्गर पुल पर हुई गोलीबारी के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विदेशी गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों से जुड़े दो गुर्गों को गिरफ्तार करके बड़ी गैंगस्टर साज़िश को नाकाम कर दिया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार गुर्गों की पहचान मोहाली के मोटेमाजरा निवासी शरणजीत सिंह और खिजरगढ़, ज़ीरकपुर (मोहाली)निवासी अमन कुमार निवासी के रूप में हुई है। शरणजीत सिंह वर्तमान में टंगौरी (मोहाली) में रह रहा था। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो .32 बोर की पिस्तौलें और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा उनका बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल को भी ज़ब्त कर लिया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों अपराधी पिछले महीने राजपुरा में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल थे। उन्होंने कहा कि गोल्डी ढिल्लों ने इन्हें पंजाब में एक कारोबारी को निशाना बनाने का कार्य सौंपा था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी)

एजीटीएफ प्रमोद बान ने बताया कि विदेशी गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों इस वर्ष अक्टूबर में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के एबॉट्सफ़ोर्ड शहर में एक भारतीय मूल के उद्योगपति की दिनदहाड़े हुई हत्या का भी मास्टरमाइंड था। डीआईजी एजीटीएफ गुरमीत सिंह चौहान ने कहा कि गिरफ्तार दोनों अपराधियों का आपराधिक रिकॉर्ड है और अमन के खिलाफ हथियारों से संबंधित अपराधों में दो एफआईआर दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरमनदीप हंस एसपी (ग्रामीण) मनप्रीत सिंह के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो सक्रिय गुर्गों की गतिविधियों के बारे में खुफिया सूचना प्राप्त हुई थी। एसएसपी ने कहा कि सतर्कता के साथ कार्रवाई करते हुए डीएसपी डेरा बस्सी बिक्रमजीत बराड़ के नेतृत्व में एजीटीएफ और एसएएस नगर पुलिस की संयुक्त टीमों ने गिरफ्तारी की है।

जापान के ओकायामा विश्वविद्यालय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को दी मानद डी.लिट की उपाधि

एजेंसी

कोलकाता। महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जापान के ओकायामा विश्वविद्यालय ने मानद डी.लिट की उपाधि से सम्मानित किया है। कोलकाता के अलीपुर स्थित धनधान्य ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने यह सम्मान 'मां, माटी, मानुष' को समर्पित किया।

कार्यक्रम के मंच से ममता बनर्जी ने जापान और बंगाल के बीच ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'जापान शांति, सद्भाव और संस्कृति का प्रतीक है। ओकायामा विश्वविद्यालय का यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है। विश्वविद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए मेरी शुभकामनाएं हैं। ' मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल और जापान के विश्वविद्यालय एक साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे दोनों देशों के शिक्षक और विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले सात वर्षों से जापान के प्रतिनिधि बंगाल के उद्योग सम्मेलन में भाग ले रहे हैं और उम्मीद जताई कि आगामी

'विश्व बंगाल उद्योग सम्मेलन' में ओकायामा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। ममता ने अपने संबोधन में कहा कि 'रवींद्रनाथ ठाकुर, स्वामी विवेकानंद, रासबिहारी बोस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महान भारतीयों का जापान से गहरा संबंध रहा है। इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता।' उन्होंने यह भी बताया कि शांतिनिकेतन में जापान के सहयोग से एक इकाई कार्यरत है, जो दोनों देशों के सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जापानी प्रतिनिधियों ने स्वयं उन्हें समारोह में आने का आमंत्रण दिया था। ममता ने कहा, 'मुझे कहा गया कि यदि आप जापान नहीं आएंगी तो हम भारत आएंगे।

ऐसे स्नेहपूर्ण आमंत्रण को कैसे ठुकराया जा सकता है? यह राजनीतिक नहीं, बल्कि एक मानवीय संबंध है। ' उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे अगले वर्ष जापान का दौरा करेंगी। राज्य में औद्योगिक प्रगति का उल्लेख करते हुए ममता ने कहा कि 'मित्सुबिशी, टाटा, जाइका जैसे कई विदेशी समूह बंगाल में निवेश कर रहे हैं। सिलिकॉन वैली और वेबेल-फूजी जैसी कंपनियां मिलकर काम कर रही हैं। जापान ने हिरोशिमा और नागासाकी जैसी त्रासदी के बाद भी जिस तरह खुद को पुनर्निर्मित किया, वह दुनिया के लिए प्रेरणादायक है। '

सीबीआई ने एमसीडी के कनिष्ठ अभियंता को 10 लाख की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नजफगढ़ जोन में तैनात एक कनिष्ठ अभियंता को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार, यह मामला 11 नवंबर को दर्ज किया गया था, जिसमें नजफगढ़ जोन के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोप है कि इन अभियंताओं ने शिकायतकर्ता से लगभग तीन करोड़ रुपये के लंबित बिलों को पास करने के एवज में 25 लाख 42 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई ने 11 नवंबर को जाल बिछाकर आरोपी कनिष्ठ अभियंता को शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये रिश्वत की पहली किस्त लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। एजेंसी ने इसके बाद आरोपितों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें भारी मात्रा में नकदी, आभूषण और संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए। मामले में नामजद अभियंताओं में कार्यपालक अभियंता आरसी शर्मा, सहायक अभियंता नवीन कौल और कनिष्ठ अभियंता अजय बब्बरवाल शामिल हैं। इनमें अजय बब्बरवाल को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

सड़क परिवहन मंत्रालय ने विशेष अभियान में रिकॉर्ड, 18,616 फाइलों की समीक्षा की

एजेंसी

नई दिल्ली। सड़क परिवहन मंत्रालय ने अक्टूबर में चले स्पेशल अभियान के तहत 18,616 पुरानी फाइलें सुलझाईं, 15 हजार से ज्यादा ऑफिस, हाई-वे, टोल प्लाजा, बस स्टॉप, ढाबे, फ्लाईओवर पर सफ़ाई अभियान चलाया। साथ ही 1,147 शिकायतों और 522 अपीलों में से 99 फीसदी सुलझाईं। मंत्रालय के अनुसार, अभियान के तहत 18,616 पुरानी फाइलों की समीक्षा कर रिकॉर्ड प्रबंधन में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया।

मंत्रालय और उसकी एजेंसियों ने 15 हजार से अधिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया, जिनमें कार्यालय, निर्माण स्थल, राष्ट्रीय राजमार्ग, टोल प्लाजा, बस स्टॉप, ढाबे और फ्लाईओवर शामिल थे। जन शिकायतों (1,147) और अपीलों (522) के निस्तारण में 99 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त हुआ, जबकि 730 लंबित सांसद संदर्भों में से 671 यानी 92 प्रतिशत और प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त 13 में से 10 संदर्भों का समाधान किया गया। अभियान के दौरान 220 वर्ग फुट से अधिक कार्यालय क्षेत्र खाली कराया गया और 640 किलोग्राम से अधिक कबाड़ का

निपटान किया गया।

स्थान प्रबंधन और सौंदर्यीकरण के भी कार्य किए गए। नवाचार के रूप में 'गंदे राष्ट्रीय राजमार्ग शौचालय की रिपोर्ट करें और इनाम पाएं' योजना शुरू की गई। इससे नागरिकों को स्वच्छता निगरानी से जोड़ा गया। अभियान की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा मंत्रालय के सचिव ने की। नोडल अधिकारी ने सभी एजेंसियों से निरंतर संपर्क बनाए रखा। वरिष्ठ अधिकारियों ने फील्ड निरीक्षण किए, जिनमें कार्यालय परिसरों, कचरा प्रबंधन, टोल प्लाजा, फ्लाईओवर, गड्ढों और प्रकाश व्यवस्था की स्थिति की जांच की गई।

अब से जारी होने वाले सभी ई-पासपोर्ट होंगेः विदेश मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब से जारी होने वाले सभी पासपोर्ट, ई-पासपोर्ट होंगे, जिनमें रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) चिप और एंटीना लगे होंगे, ताकि नागरिकों की जानकारी अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) के मानकों के अनुसार सुरक्षित रहे। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम पीएसपी वी2.0 के साथ जुड़ा एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो देशभर में पासपोर्ट सेवाओं को आधुनिक, सुरक्षित और तेज़ बनाने की दिशा में उठाया गया है। विदेश मंत्रालय ने अपने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी वी2.0), ग्लोबल पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (जीपीएसपी वी2.0) और ई-पासपोर्ट के सफल क्रियान्वयन की घोषणा की। इन पहलों से पासपोर्ट सेवाएं अब और अधिक तेज़, पारदर्शी और डिजिटल रूप से एकीकृत हो गई हैं।

हमेशा से देश को राह दिखाने वाला राज्य रहा है गुजरात : योगी

एजेंसी

एकता नगर (गुजरात)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुजरात सदैव से देश को राह दिखाने वाला राज्य रहा है। भगवान श्रीकृष्ण उप्र से इस धरा पर आए और द्वारिकाधीश बनकर धर्म की स्थापना के कार्य को आगे बढ़ाया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने इसी धरा से आर्यसमाज के बड़े आंदोलन को बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया था। इस धरा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वाधीनता के अगुआ के रूप में देकर आजादी का मार्ग प्रशस्त किया था। यह भारत की अखंडता के शिल्पी लौहपुरुष सरदार पटेल की भी पावन धरा है। गुजरात भगवान सोमनाथ, नागेश्वर नाथ की पावन धरा है। यह भारत की आध्यात्मिक और विरासत की भूमि है। स्वाधीनता आंदोलन को स्वदेशी से स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने वाली धरा है। इस पावन धरा को हर भारतीय नमन करता है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी प्रतिनिधिमंडल के साथ गुजरात के एकता नगर के दौरे पर रहे। वे यहां भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'भारत पर्व-2025' में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी देखा। सीएम स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भी पहुंचे और लौहपुरुष को नमन किया।

भारत की एकता की प्रतिमूर्ति है स्टैच्यू ऑफ यूनिटीः योगी ने कहा कि 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के



दर्शन का अवसर मिला था। उस समय कुछ दिन पूर्व ही प्रधानमंत्री ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। पिछले सात वर्ष में यहां परिवर्तन हुआ है। विरान जगह को विश्व पर्यटन के व्यस्त डेस्टिनेशन के रूप में कैसे स्थापित किया जा सकता है, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और सरदार सरोवर के तट पर हुआ विकास का यह कार्य दिखाता है। आज दूसरी बार इसके दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत की एकता की प्रतिमूर्ति है। यह पीएम मोदी के विजन का परिणाम है। उनकी विजनरी लीडरशिप में भारत विरासत को सम्मान दे रहा है और विराट व्यक्तित्व के अनुरूप महापुरुषों के गौरवशाली कार्यों को भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्रबिंदु बना रहा है।

पीएम मोदी ने देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने का विजन दियाः सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश में विरासत, विकास व गरीब कल्याण की परंपरा को बढ़ाकर वर्तमान पीढ़ी को न केवल नई प्रेरणा दी, बल्कि देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने का विजन भी दिया है। पीएम मोदी काशी से संसद में प्रतिनिधित्व करते हैं। काशी में काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद वहां प्रतिवर्ष 11 से 12 करोड़ श्रद्धालु आ रहे हैं। अयोध्या में कई पीढ़ियां राम मंदिर बनने की आस लेकर चली गईं, लेकिन उसे मोदी जी ने संभव करके दिखाया और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया। आज अयोध्या सुंदरतम नगरियों में से एक हो गई। वहां प्रतिवर्ष छह से 8 करोड़ श्रद्धालु-पर्यटक आकर दर्शन कर रहे हैं।

मथुरा-वृंदावन हो या उत्तराखंड में केदारनाथ पुरी व बद्रीनाथ का पुनरोद्धार, मध्य प्रदेश में महालोक हो या देश के अंदर अलग-अलग स्थानों पर भारत की विरासत को सम्मान, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। किसानों, युवाओं, श्रमिकों, आधी आबादी की आकांक्षाओं के अनुरूप भारत का समग्र विकास हो रहा है। भारत आज तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी आस्था के साथ विरासत के सम्मान का महत्वपूर्ण उदाहरण है। हर भारतवासी इसके लिए पीएम मोदी का आभार प्रकट करता है। भारत की अखंडता के शिल्पी थे सरदार वल्लभ भाई पटेलः सीएम योगी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की अखंडता के शिल्पी थे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लाल किले के पास हुए विस्फोट पर शोक प्रस्ताव पारित किया

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली स्थित लाल किले के पास 10 नवंबर की शाम हुए कार विस्फोट को एक घृणित आतंकवादी कृत्य करार देते हुए गहरा शोक व्यक्त किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि बैठक की शुरुआत में मंत्रिमंडल ने इस आतंकवादी घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता है। मंत्रिमंडल ने दुनिया भर की कई सरकारों द्वारा व्यक्त एकजुटता और समर्थन के लिए भी अपनी सराहना व्यक्त की। मंत्रिमंडल ने प्रतिकूल परिस्थितियों में साहस और करुणा के साथ काम करने वाले अधिकारियों,

सुरक्षा एजेंसियों और नागरिकों की समय पर और समन्वित प्रतिक्रिया की सराहना की। मंत्रिमंडल ने पारित अपने प्रस्ताव में कहा कि राष्ट्र ने एक जघन्य आतंकी घटना देखी है, जो देश विरोधी ताकतों द्वारा की गई है। इस विस्फोट में कई लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए हैं। मंत्रिमंडल ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रस्ताव में कहा गया कि सरकार इस बर्बर और कायराना कृत्य की कड़ी निंदा करती है तथा आतंकवाद के सभी स्वरूपों और रूपों के प्रति अपनी शून्य सह

भारत दक्षिण अफ्रीका पहला टेस्ट आज से

कोलकाता (एजेंसी)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार से यहां पहला क्रिकेट टेस्ट मैच ऐतिहासिक ईडन गार्डन के मैदान पर खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीम जीत के इरादे से उतरेंगी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) को देखते हुए भी ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। इस मैच से आक्रमक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत वापसी करेंगे। वह इंग्लैंड दौरे में अंगूठे में हुए फ्रैक्चर के बाद से ही टीम से बाहर थे। ऐसे में सभी की नजरें उनके उपर रहेंगी। इसके अलावा भारत ए की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले ध्रुप जुरेल भी इस मैच में खेलेंगे।

इस मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीकी टीम के तेज ओर स्पिन आक्रमण का सामना करना होगा। इस मैदान पर स्पिनरों को सहायता मिलती है जिसका लाभ दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर उठाना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका गेंदबाजी आक्रमण की धार इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। दक्षिण अफ्रीकी के पास अधिकतर समय अच्छे तेज गेंदबाज रहे हैं पर इस बार टीम स्पिनरों के भरोसे है। पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में उसने सीरीज 1-1 से ड्रॉ खेली थी। उसमें उसके मुख्य स्पिनरों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरान मुथुस्वामी ने 39 में से 35 विकेट लिए थे।

वहीं भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का तरीका उपमहाद्वीप के गेंदबाजों के समान है। उन्होंने कहा, 'उनके पास चार स्पिनर हैं जिनमे से वे तीन को उतार सकते हैं। ऐसा लग रहा है कि हम उपमहाद्वीप की किसी टीम के खिलाफ खेलने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'हमने इस पर बात की है। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन वाली सीरीज से सबक लिया है। दक्षिण अफ्रीकाा के गेंदबाज हार्मर भी 1000 प्रथम श्रेणी विकेट ले चुके हैं और भारत के हालात को जानते हैं।

दस साल पहले हाशिम अमला की कप्तानी में इस गेंदबाज ने दो टेस्ट खेलकर चेतेश्वर पुजारा, रोहित शर्मा और रिधिमान साहा के विकेट लिए थे। एक दशक बाद भी वह उतने ही चतुर गेंदबाज हैं। उन्होंने रावलपिंडी में में 8 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई और सीरीज ड्रॉ भी कराई। वहीं केशव महाराज सबसे सटीक और आक्रामक स्पिनरों में से एक हैं। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों और दक्षिण अफ्रीका के

स्पिनरों के बीच मुकाबला रोमांचक होना तय है।

ईडन की पिच से स्पिनरों का पहले भी सहायात मिलती रही है। वहीं बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि यह टर्निंग पिच नहीं होगी। इससे जसप्रीत बुमराह को सहायता मिल सकती है। बुमराह आम तौर पर शुरूआत में मूवमेंट और बाद में रिवर्स स्विंग देने वाली पिच पर भारत के तुरप का इक्का साबित हो सकते हैं। भारतीय टीम इस मैच में दो तेज गेंदबाजों को उतार सकता है और घरेलू मैदान होने से युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी इसमें अवसर मिल सकता है।

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम से यहां सभी को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उसने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था वेस्टइंडीज की कमजोर टीम को 2-0 से हराने पर उसे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में अधिक लाभ नहीं मिला है । ऐसे में वह इस सीरीज मे जीत चाहेगी। ऋषभ इस सीरीज से वापसी करते हुए अच्छी बल्लेबाजी करना चाहेंगे। उनके अलावा जुरेल के बतौर बल्लेबाज खेलने से भी भारत का मध्यक्रम मजबूत हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 16 विकेट लेने वाले वॉशिंगटन सुंदर भी इस सीरीर में अंतर पैदा करेंगे। वहीं दूसरी ओर तेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी एडेन मात्करम, रियान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स , काइल वेरेने , डेवाल्ड ब्रेविस पर निर्भर करेगी। इसके अलावा टीम के पास कोर्बिन बोश, वियान मूल्डर, मार्को यानसेन जैसे अच्छे खिलाड़ी हैं। कुल मिलाकर ये मुकाबला रोमांचक रहना तय है

टीमें इस प्रकार हैं

भारत - शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साइ सुदर्शन, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, देवदत्त पडिक्कल

दक्षिण अफ्रीका - तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मात्करम, रियान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स , काइल वेरेने , डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हमजा, टोनी डि जोर्जी, कोर्बिन बोश, वियान मूल्डर, मार्को यानसेन, केशव महाराज, सेनुरान मुथुस्वामी , कैगिसो रबाडा, साइमन हार्मर

दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लॉरा बनी आईसीसी की अक्टूबर महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट को अच्छे प्रदर्शन और कप्तानी के लिए अक्टूबर माह के प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से सम्मानित किया है। वोल्वार्ड्ट ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के दौरान वोल्वार्ड्ट ने न केवल सबसे अधिक रन बनाए, बल्कि अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान इस खिलाड़ी ने आठ मैचों में 470 रन बनाये और उनका औसत रहा 67.14 वहीं स्ट्राइक रेट 97.91 रहा है।

वोल्वार्ड्ट ने महिला विश्व कप 2025 में आठ मैचों में कुल 470 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक और एक शतक लगाया है। वोल्वार्ड्ट ने अपने प्रदर्शन से कई मैचों में टीम को जीत दिलायी। शुरुआती मैचों में टीम की हार के बाद भी उसके फाइनल तक के सफर में इस खिलाड़ी के अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। हर मैच में उन्होंने रन बनाए और टीम को मजबूत किया। इस क्रिकेटर ने 67.14 की औसत और 97.91 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं।

वोल्वार्ड्ट ने कहा, 'महिला क्रिकेट के लिए यह एक ऐतिहासिक आयोजन था, और भारत में विश्व कप प्रदर्शन के बाद यह सम्मान मिलना मेरे लिए गर्व व सम्मान की बात है। टूर्नामेंट में कई शानदार मैच हुए और खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। यह सम्मान मेरे लिए बहुत महत्व रखता है।' उन्होंने कहा कि भले ही टीम खिताब नहीं जीत सकी पर वह अपनी टीम की आक्रामक भावना और निरंतरता पर गर्व का अनुभव करता है। 'हमें पूरा भरोसा है कि अगला विश्व कप खिताब अब हमारी टीम जीतेगी।'

वोल्वार्ड्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के 143 गेंदों पर 169 रन बनाये। उनकी इस पारी के बल पर ही टीम पहली बार महिला विश्व कप फाइनल में पहुंची। यह पारी न केवल टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक रही, बल्कि उनके करियर का भी मील का पत्थर साबित हुई।

लखनऊ सुपर जाइंट्स से रिलीज हो सकते हैं शार्दुल ठाकुर, इस टीम के लिए खेलेंगे आईपीएल 2026

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ एक ऑलकैश ट्रेड डील के तहत समझौता कर लिया है। बताया गया है कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने IPL को अपनी रुचि के बारे में जानकारी दी है और जरूरी औपचारिकताओं के पूरा होते ही इस सौदे को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी। यह नया बदलाव दर्शाता है कि शार्दुल IPL के इतिहास में एक अद्वितीय कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। यह उनके IPL करियर का तीसरा ट्रांसफर होगा। 2017 में राइजगिं पुणे सुपरजायंट ने उन्हें किंग्स इलेवन पंजाब (जो अब पंजाब किंग्स है) से अधिग्रहित किया था। इसके बाद 2023 के सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स से अपने साथ शामिल किया था। यह ध्यान देने योग्य है कि दोनों बार यह व्यापार पूरी तरह से ऑल कैश डील पर आधारित था। ठाकुर 2025 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे और काउंटी चैम्पियनशिप में ऐसेक्स से जुड़ने वाले थे, लेकिन LSG ने उन्हें मोहसिन खान के रिप्लेसमेंट के तौर पर उनके बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए में चुना था। उस समय स्स्त्र के मेंटॉर जहीर खान का यह फैसला अच्छा निवेश साबित हुआ था। ठाकुर ने IPL 2025 के शुरुआती दो मैचों में छह विकेट लिए थे। हालांकि इसके बाद उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और उन्होंने कुल 10 मैचों में 13 विकेट लिए। साथ ही उनकी इकॉनमी रेट 11.02 रही। मुम्बई इंडियंस की टीम में फिर से शामिल होना उनके लिए घर वापसी जैसा होगा। ठाकुर 2010 से 2012 तक मुंबई टीम के सपोर्ट बोलर रहे थे और घरेलू क्रिकेट में मुंबई टीम के कप्तान भी रह चुके हैं।

डफी की कहर बरपाती गेंदबाजी, न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को धोकर 3-1 से सीरीज जीती

डुनेडिन (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में पांच मैचों की टी20 सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ, मिशेल सैंटनर की अगुवाई वाली टीम ने सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। चौथा टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद 2-1 की अजेय बढ़त हासिल करने के बाद, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने कीवी टीम को जोरदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने तीन विकेट जल्दी चटकाए और विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। वेस्टइंडीज का स्कोर महज 2.4 ओवर में 21/4 हो गया। इसके बाद, वेस्टइंडीज वापसी नहीं कर सका और केवल 140 रन ही बना सका। डफी ने 4-35 के प्रभावशाली गेंदबाजी आंकड़े दर्ज किए, जबकि रोस्टन चेस 32 गेंदों में 38 रन बनाकर मेहमान टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। रोमारियो शेफर्ड ने भी अंत में बढ़त हासिल की और 22 गेंदों में 36 रन बनाकर वेस्टइंडीज को अंत में

सम्मानजनक स्कोर दिया। न्यूजीलैंड ने तेजी से लक्ष्य का पीछा किया। सलामी बल्लेबाज टिम रॉबिन्सन और डेवोन कॉनवे ने शानदार शुरुआत की और सिर्फ सात ओवर में 69 रन बनाकर मैच को वेस्टइंडीज की पहुंच से दूर कर दिया। रॉबिन्सन ने आक्रामक 45 रनों के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया, जबकि कॉनवे ने धैर्यपूर्वक पारी को संभाला, 47 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाई। मार्क चैपमैन ने 13 गेंदों में तेजी से 21 रन जोड़कर गति बनाए रखी। दोनों टीमें अब तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में आमने-सामने होंगी, जहाँ वेस्टइंडीज़ को अल्ज़ारी जोसेफ, शमर जोसेफ, रेमन सिमंड्स और जेडियाह ब्लेड्स की चोटों के कारण सेवाएँ नहीं मिलेंगी। पहला एकदिवसीय मैच रविवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जाएगा। संक्षिप्त स्कोर- वेस्टइंडीज़- 18.4 ओवर में 140-10 (रोस्टन चेज़ 38, रोमारियो शेफर्ड 36, जैकब डफी 4-35) और न्यूज़ीलैंड- 15.4 ओवर में 141-2 (डेवोन कॉनवे 47*, टिम रॉबिन्सन 45, शमर स्प्रिंगर 1-8)।

सिंगापुर के जिया हेंग को हराकर जापान मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

कुमामोतो (जापान) ।भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने 39 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-13, 21-11 से हराया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। लक्ष्य ने पहले गेम में 8-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद तेह ने कुछ देर के लिए 10-9 की मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी ने फिर बढ़त बना ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच 14-13 के स्कोर तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन इसके बाद लक्ष्य ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और जल्द ही 5-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इंटरवल तक 11-3 की बढ़त बनाकर अपने प्रतिद्वंदी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी और आसानी से मैच जीता। भारत के एक अन्य खिलाड़ी एचएस प्रणय का सामना डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा।

भारतीय सरजमीं पर जीतना विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बाद दूसरे नंबर पर होगा : बावुमा

कोलकाता। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा के लिए भारत को उसकी सरजमीं पर हराने की संभावना विशेष महत्व रखती है और उनका कहना है कि दो टेस्ट मैच की श्रृंखला जीतना लगभग इस साल के शुरू में मिली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत के बराबर ही होगा। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के तीन दौरों में लगातार सात टेस्ट गंवाए हैं और उनकी आखिरी जीत 2010 में नागपुर में रही थी। लेकिन बावुमा का मानना है कि 2023 में कोच शुक्री कॉनराड के कार्यभार संभालने के बाद से इस टीम को टेस्ट श्रृंखला में हार का सामना नहीं करना पड़ा है और अब उनकी टीम इतनी परिपक्व और आत्मविश्वास से भरी है कि वह कड़ी चुनौती पेश करके भारत में अब तक की अपनी दूसरी श्रृंखला जीत सकती है। ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले बावुमा ने कहा, 'मुझे लगता है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतना काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन मुझे लगता है कि भारत में जीतना इसके बाद दूसरे नंबर पर होगा। यह ऐसा कुछ है जो हम लंबे समय से ऐसा नहीं कर पाए हैं। इसलिए महत्वाकांक्षा के मामले में यह निश्चित रूप से ऊपर है।' बावुमा ने कहा, 'हम चुनौती की गंभीरता को समझते हैं। इसलिए हम इसकी अहमियत जानते हैं।' दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। दोनों टीमों को देखते हुए यह रोमांचक होना चाहिए। भारतीय टीम में शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन थोड़े कम अनुभवी भी हैं। इसी तरह हमारी टीम भी है, हमारे खिलाड़ी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से मुकाबला करना चाहते हैं।'

कप्तानी के लिए अच्छी पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलना जरुरी नहीं : अक्षर पटेल

-लोगों को अपनी धारणा बदलनी होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम के स्पिर ऑलराउंडर व दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा है कप्तानी को लेकर एक ऐसी धारणा बन गयी है जो सही नहीं है पर ये कई साल से चली आ रही अक्षर के अनुसार लोग मानते है कि अच्छी पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलना कप्तानी के लिए जरुरी है। वहीं केवल इस आधार पर किसी को कप्तानी के लिए अयोग्य मान लेते हैं जो अंग्रेजी नहीं बोल पाता। अक्षर कप्तानी को लेकर लोगों की इस धारणा से नाराज है। उन्होंने कहा कि कप्तानी के लिए किसी खिलाड़ी की पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलने की क्षमता को लोग वरीयता देते हैं पर क्रिकेट से जुड़े कौशल को नहीं देखते हैं। अक्षर ने कहा, 'लोग कहना शुरू कर देते हैं- ओह, वह कप्तानी मटैरियल नहीं है, वह अंग्रेजी नहीं बोलता है। वह कैसे बात करेगा? ये है, वो है।' साथ ही कहा, अरे, कप्तान का काम सिर्फ बात करना थोड़े होता है। कप्तान का काम खिलाड़ी को जानना होता है और उससे उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करना होता है। ये जानना होता है। उसकी ताकत क्या है, उसकी कमजोरी क्या है, ये समझना होता है। कप्तान को पता होता है कि हमारे पास ये खिलाड़ी है और मुझे उससे कैसे अच्छा प्रदर्शन लेना है। इसके अलावा मैच के हालात के अनुसार किये गेंदबाजी देनी है। अक्षर ने आगे कहा, 'लेकिन नहीं, हम कहते हैं कि पर्सनैलिटी चाहिए, अच्छा इंग्लिश बोलना चाहिए। धारणा लोगों की अपनी सोच के आधार पर बनी है। मैंने इस साल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की और मुझे बहुत सारी तारीफ मिली। मुझे लगता है कि आगे भी ऐसा और भी होगा और आने वाले समय में अभी और ज्यादा बदलाव आएंगे।' उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी व्यक्तिगत सोच और नजरिए को बदलने की जरूरत है। ये सोचना बंद कीजिए कि उसकी पर्सनैलिटी अच्छी है, वह इंग्लिश बोल सकता है तो वह कैप्टन मटैरियल है।

गुजरात छोड़ मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगे वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर, मुंबई इंडियंस ने खर्च किए 2.6 करोड़

नई दिल्ली । गुजरात टाइटन्स ने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड को आईपीएल 2026 से पहले दो करोड़ 60 लाख रुपए में मुंबई इंडियंस (MI) को 'ट्रेड' किया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'गुजरात टाइटन्स द्वारा 2.6 करोड़ रुपए में खरीदे गए रदरफोर्ड अपनी मौजूदा फीस पर मुंबई इंडियन्स में शामिल होंगे।' वेस्टइंडीज के इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड उनके नाम है। उन्होंने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आंद्रे रसेल के साथ 139 रन की साझेदारी की थी। रदरफोर्ड ने अब तक 23 आईपीएल मैच खेले हैं। इससे पहले उन्होंने 2019 में दिल्ली कैपिटल्स और 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह 2020 में मुंबई इंडियन्स और 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा थे लेकिन उन सत्र के दौरान एकादश का हिस्सा नहीं बन पाए।

आईपीएल2026 से पहले मोहम्मद शमी त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में

नई दिल्ली (एजेंसी)। मोहम्मद शमी, जो हाल ही में भारतीय टीम में चयन न होने के कारण चर्चा में हैं, 2026 के आईपीएल सीजन से पहले त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज के लिए कई फ्रेंचाइजी रुचि दिखा रही हैं, और हो सकता है कि उन्हें उनमें से किसी एक के साथ ट्रेड कर दिया जाए।

हाल ही में पता चला है कि सनराइजर्स हैदराबाद मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो अपने 12 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में लंबे समय तक भारतीय आक्रमण का अगुआ रहा है, जिसमें 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय शामिल हैं, को लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा खरीदा जा रहा है और दिल्ली कैपिटल्स भी उतनी ही उत्सुकता दिखा रही है। अब देखना यह होगा



कि एसआरएच प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। अगर यह सौदा होता है, तो यह एकतरफा होगा।

नीलामी पूल में शामिल होने की भी संभावना है, लेकिन पूरी तरह से नकद लेन-देन वाला विकल्प ज़्यादा संभावित लगता है। शमी को जेद्दा में हुई पिछली मेगा नीलामी में एसआरएच ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन मामूली रहा - 56.17 के निराशाजनक औसत और 11.23 के इकॉनमी रेट से सिर्फ छह विकेट, जबकि उनके करियर के आंकड़े क्रमशः 28.19 और 8.63 रहे हैं।

उन्होंने कुल 119 आईपीएल मैचों में 133 विकेट लिए हैं, जिनमें से ज़्यादातर विकेट उन्होंने 2022 और 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए दो शानदार सीजन के दौरान लिए थे, जब उन्होंने कुल मिलाकर 48 विकेट (क्रमशः 20 और 28) लिए थे। चोट के कारण वह पूरे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए। दिल्ली कैपिटल्स की शमी में कितनी गहरी दिलचस्पी है, इसका अंदाज़ा सौरव गांगुली की इस तेज गेंदबाज पर हालिया टिप्पणियों से लगाया जा सकता है। 'मुझे यकीन है कि चयनकर्ता नजर रख रहे हैं और मोहम्मद शमी और चयनकर्ताओं के बीच बातचीत चल रही है। लेकिन अगर आप मुझसे पूछें, तो फिटनेस और कौशल के मामले में, यह वही मोहम्मद शमी है जिसे हम जानते हैं।'

दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन के सदस्य गांगुली ने कुछ दिन पहले मीडिया में कहा था, 'इसलिए, मुझे वास्तव में कोई कारण नहीं दिखता कि वह भारत के लिए टेस्ट मैच, वनडे क्रिकेट और टी20 क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते। क्योंकि यह कौशल बहुत बड़ा है।' शमी ने इस साल मार्च में दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, और उनकी फिटनेस की स्थिति एक गर्म विषय बन गई, जिसमें मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और खुद खिलाड़ी सार्वजनिक रूप से बयानबाजी में शामिल रहे। शमी ने इस सीजन में बंगाल के लिए प्रथम श्रेणी मैचों में अपनी फिटनेस साबित की है और पिछले तीन रणजी मैचों में 15 विकेट लिए हैं।

2026 सत्र के लिए बोल्ट और दीपक चाहर को रिटेन नहीं करेगी मुम्बई इंडियंस : हेडन

नई दिल्ली ।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र में मुंबई इंडियंस की टीम तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर को बाहर कर देगी। हेडन ने कहा, 卐मुंबई इंडियंस के पास एक संतुलित अंतिम ग्यारह है पर इसके बाद भी उसे जीत के लिए उसे कुछ कठिन फैसले लेने होंगे, जिसमें न्यूजीलैंड के बोल्ट को रिलीज करना भी शामिल है।卐 बोल्ट को पिछले सत्र में मुंबई की टीम ने 12.50 करोड़ में खरीदा था और उन्होंने सीजन में कुल 22 विकेट लिए थे। बोल्ट पावर प्ले में अपनी कसी हुई गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में टीम के लिए उन्हें बाहर करना कठिन फैसला होगा। ये भी हो सकता है कि मुंबई उन्हें मिनी निलामी में कम कीमत पर खरीदे। बोल्ट के अलावा मुंबई इंडियंस से दीपक चाहर भी बाहर होंगे। हेडन का मानना है कि चाहर को रिलीज कर टीम कम पैसों में किसी अच्छे तेज गेंदबाज को नीलामी में शामिल कर सकती है। चाहर को मुंबई की टीम ने आईपीएल 2025 में 9.25 करोड़ में खरीदा था पर वह टीम के लिए फायदेमंद नहीं रहे। वह सत्र में केवल 11 विकेट ले पाए थे। इसी को देखते हुए हेडन का मानना है कि चाहर को रिलीज किया जाएगा जिससे मिनी नीलामी में किसी युवा खिलाड़ियों को बैक अप के तौर पर खरीदा जा सके। पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस का पिछला सत्र अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में वह इस बार टीम संयोजन में कमी नहीं रखना चाहेगी।



सानिया मिर्जा का खुलासा, तलाक के बाद गहरे डिप्रेशन में चली गई थी, पैनिक अटैक भी आए

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने पहली बार अपने जीवन के सबसे कठिन दौर के बारे में खुलासा किया है। शोएब मलिक से तलाक के बाद सानिया गहरे डिप्रेशन और पैनिक अटैक से जूझ रही थीं। इस मुश्किल समय में बॉलीवुड डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान ने उनकी भावनात्मक रूप से मदद की और उन्हें फिर से खड़ा होने की ताकत दी। अपने नए यूट्यूब शो ÷सर्विंग इट अप विद सानिया÷ के पहले एपिसोड में सानिया ने बताया कि कैसे फराह ने उन्हें जीवन के सबसे नाजुक पलों से उबरने में साथ दिया।

तलाक के बाद बिखर गई थीं सानिया मिर्जा

सानिया मिर्जा ने साल 2010 में पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक से शादी की थी। इस रिश्ते ने शुरुआत से ही दोनों देशों में खूब सुर्खियां बटोरीं। 2018 में दोनों एक बेटे के माता-पिता बने, लेकिन साल 2024 में शोएब मलिक ने पाकिस्तानी अभिनेत्री सना जावेद से शादी कर ली, जिससे यह रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इस टूटे रिश्ते का असर सानिया पर गहराई से पड़ा। उन्होंने बताया कि तलाक के बाद उन्हें पैनिक अटैक आने लगे और वे लंबे समय तक डिप्रेशन में रहीं। उस दौर को सानिया ने अपनी जिंदगी का 'सबसे बुरा समय' बताया।

फराह खान बनीं मुश्किल वक्त में सहारा

अपने नए टॉक शो 'सर्विंग इट अप विद सानिया' के पहले एपिसोड में सानिया ने फराह खान के साथ बातचीत में इस घटना का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा, 'मैं कैमरे पर यह नहीं बताना चाहती, लेकिन एक वक्त ऐसा था जब मैं बुरी तरह टूट गई थी। आप (फराह खान) मेरे सेट पर आई थीं और उसके बाद मुझे एक लाइव शो में जाना था। मैं कांप रही थी। अगर आप वहां नहीं आतीं, तो शायद मैं वह शो नहीं कर पाती। आपने मुझसे कहा था, 'चाहे कुछ भी हो, तुम यह शो करोगी।' सानिया की इन बातों से यह साफ़ झलकता है कि फराह खान ने उस कठिन समय में उनके लिए एक भावनात्मक स्तंभ का काम किया।

फराह खान ने याद किया वो दिन

फराह खान ने भी उस घटना को याद करते हुए बताया कि सानिया को परेशान देखकर वे खुद भी घबरा गई थीं। उन्होंने कहा, 'मुझे उस दिन शूटिंग करनी थी, लेकिन जब मैंने सानिया को उस हालत में देखा तो सब कुछ छोड़कर भागी चली आई। मैं पजामा और चप्पल में वहां पहुँची, क्योंकि मुझे उनकी चिंता थी।' फराह ने बताया कि सानिया को देखकर उन्हें एहसास हुआ कि दोस्ती सिर्फ अच्छे वक्त में नहीं, बल्कि मुश्किल घड़ी में साथ खड़े होने का नाम है।

सिंगल मदर के रूप में सानिया की ताकत की सराहना

फराह खान ने बातचीत के दौरान सानिया की सिंगल मदर के रूप में भूमिका की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'अकेले बच्चे की परवरिश करना आसान नहीं है। आपको काम भी करना पड़ता है और एक मां के तौर पर बेटे को समय भी देना पड़ता है। यह दोगुनी मेहनत का काम है, लेकिन सानिया इसे खूबसूरती से निभा रही है।'



सानिया आज अपने बेटे इजहान मिर्जा मलिक की परवरिश अकेले कर रही हैं और वे अपने पेशेवर जीवन में भी सक्रिय हैं।

120 बहादुर में अपने किरदार को लेकर काफी एक्साइटेड हैं राशि खन्ना

रजनीश घई निर्देशित फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर एक फौजी के किरदार में नजर आएंगे। यह कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें फरहान के अलावा राशि खन्ना भी हैं। फिल्म में अपने किरदार को लेकर वह काफी एक्साइटेड हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर डिटेल्स शेयर किए।

राशि खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'वो युद्ध के मैदान में नहीं गईं, लेकिन उसने हर दिन युद्ध को जिया। मैंने इस किरदार को अपने मन में बसाया है। यह उन महिलाओं के लिए है, जो खामोशी से प्यार करती हैं। जो देश के सैनिकों का घर संभालती हैं। यह महिलाएं गर्व और दर्द को एक साथ समेटे हुए हैं।' बताते चलें कि फिल्म के मुख्य किरदार शैतान सिंह भाटी की पत्नी का रोल राशि खन्ना कर रही हैं।

भारत-चीन युद्ध पर आधारित कहानी

फिल्म '120 बहादुर' की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। इस लड़ाई में 13 कुमाऊं रेजिमेंट के लगभग 120 भारतीय सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व में, 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया और अपनी अंतिम सांस तक अपनी चौकी की रक्षा की। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह भाटी के किरदार में ही नजर आएंगे। यह फिल्म 21 नवंबर को रिलीज होने वाली है।

सात साल बाद फिल्मों में कर कमबैक सकती हैं अनुष्का

चकदा एक्सप्रेस की रिलीज पर जल्द हो सकता है फैसला

एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी की थी, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई। हालांकि, अनुष्का जल्द ही लीड एक्ट्रेस के तौर पर सात साल बाद कमबैक कर सकती हैं। दरअसल, चकदा एक्सप्रेस क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, जिसमें अनुष्का शर्मा लीड रोल में हैं। हालांकि यह बायोपिक करीब तीन साल से नेटफ्लिक्स के पास पड़ी है। फिल्म को प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बीच अनबन के चलते रिलीज नहीं किया जा रहा है। रिपोर्ट में सामने आया है कि हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद फिल्म चकदा एक्सप्रेस के प्रोड्यूसर्स अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। प्रोड्यूसर्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की अपील की है। अनुष्का ने फिल्म में झूलन गोस्वामी का किरदार निभाया है, जो पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर और टीम की कप्तान रह चुकी हैं। एक सूत्र ने बताया, हमने नेटफ्लिक्स इंडिया के टॉप अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से लिखा है कि वे इस विवाद से ऊपर उठकर फिल्म रिलीज करें। झूलन दी जैसी दिग्गज पर बनी बायोपिक दर्शकों तक जरूर पहुंचनी चाहिए।

सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म कई सालों से अटकी हुई है क्योंकि नेटफ्लिक्स के अधिकारियों को इसका रिजल्ट पसंद नहीं आया। प्रोडक्शन हाउस का बजट खत्म हो गया था और प्लेटफॉर्म हैड्स को प्रोजेक्ट का साइज ठीक नहीं लगा। फिर भी फिल्म मजबूत है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि टीम ने फिल्म पर फिर से चर्चा शुरू की है और इस महीने के भीतर रिलीज को लेकर फैसला लिया जा सकता है।

आखिरी बार फिल्म जीरो में दिखी थीं अनुष्का

बता दें कि अनुष्का शर्मा ने आखिरी बार साल 2018 में फिल्म जीरो में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था, जिसमें उन्होंने आफिया यूसुफजई भिंदर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान और कैटरीना कैफ नजर आए थे। साल 2020 में उन्होंने फिल्म बुलबुल को प्रोड्यूस किया। इसके बाद 2022 में उन्होंने फिल्म कला में कैमियो रोल किया था।

प्रतिभा रांटा ने सान्या मल्होत्रा को किया रिप्लेस

कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म नागजिला को लेकर इन दिनों काफी बज बना हुआ है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है। सेट से पूजा करने का वीडियो भी हाल ही में वायरल हुआ था। अब इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस से जुड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स ने इस बार नई चेहरों की तलाश शुरू की है और उनकी नज़र पड़ी है उभरती हुई स्टार प्रतिभा रांटा पर। बताया जा रहा है कि पहले इस फिल्म के लिए सान्या मल्होत्रा को फाइनल माना जा रहा था, लेकिन अब उनकी जगह पर प्रतिभा रांटा को चुना गया है। टीम ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के रूप में लेने की तैयारी लगभग तय कर ली है। हालांकि फिलहाल इन खबरों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रतिभा के चयन की चर्चा इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि उन्हें एक फ्रेश चेहरा और अंडररेटेड टैलेंट माना जाता है। निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा और प्रोड्यूसर करण जौहर दोनों ही चाहते हैं कि फिल्म की जोड़ी एकदम फ्रेश दिखे। यही वजह है कि कार्तिक आर्यन के साथ उनकी पेयरिंग को लेकर काफी बज बन रहा है।

10 साल बाद परदे पर लौटने जा रहे हैं इमरान, भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे

आमिर खान के भांजे इमरान खान करीब 10 साल के लंबे गैप के बाद परदे पर लौटने जा रहे हैं। इमरान को आखिरी बार 2015 में रिलीज हुई फिल्म कट्टी बट्टी में देखा गया था। जिसमें उनके साथ कंगना रनौत मुय किरदार में थीं। अब उनकी अगली फिल्म के जरिए वे दर्शकों के सामने नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की रिलीज और कास्ट से जुड़ा ताजा अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान की इस आगामी फिल्म में भूमि पेडनेकर भी उनके साथ नजर आएंगी। फिल्म का पहला एडिट इसी साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग अगस्त में पूरी हो चुकी है और अब यह पोस्ट-प्रोडक्शन फेज में है। निर्माता दिसंबर तक एडिट पूरा कर अगले साल की शुरुआत में फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट फाइनल नहीं हुई है। रिलीज डेट का निर्धारण पूरी तरह नेटफ्लिक्स पर निर्भर है। जब तक कॉर्पोरेट अधिकारियों की टीम इस पर साइन नहीं कर देती, रिलीज का कोई आधिकारिक ऐलान नहीं होगा। इसका निर्देशन दानिश असलम कर रहे हैं।



अल्फा का क्लाइमेक्स एक्शन सीन 8 से 10 मिनट लंबा

VFX पर 15-20 दिन लगे

यशराज फिल्म्स की अगली स्पाई थ्रिलर अल्फा को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। इसका क्लाइमेक्स सीक्वेंस हाल ही में मुंबई के यशराज स्टूडियो में अत्याधुनिक तकनीक के साथ सफलतापूर्वक शूट कर लिया गया है। यह फिल्म यशराज स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल सेंट्रिक एक्शन फिल्म है, जो अब अपने फाइनल शेड्यूल में पहुंच चुकी है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी द रेलवे मैन फेम शिव रवैल ने निभाई है। डेढ़ साल से जारी शूटिंग में लंदन समेत कई विदेशी लोकेशन शामिल रही हैं।

बोल्ट कैमरा और फेस रिप्लेसमेंट तकनीक का भी हुआ इस्तेमाल

अल्फा के क्लाइमेक्स फाइट सीक्वेंस को लेकर यशराज फिल्म्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी। यह हाई-ऑक्टेन, वीएफएक्स-हेवी एक्शन फिल्म है, जिसमें आलिया का सामना विलन बॉबी देओल के किरदार से होता है। इस सीन को अविश्वसनीय सटीकता के साथ फिल्माने के लिए सेट पर बोल्ट कैमरा मशीन लगाई गई, जो बेहद तेज और सटीक मूवमेंट कैप्चर करने में सक्षम है। शूट की निगरानी एक विदेशी स्टंट डायरेक्टर ने की, जिन्होंने सीन के हर मूवमेंट को परफेक्ट बनाने के लिए कई लेयर्स में रिहर्सल करवाई। इस सीन में फेस रिप्लेसमेंट और वीएफएक्स के बड़े हिस्से शामिल हैं, जिसके लिए खास लाइटिंग सेटअप और टेक्निकल ग्रिड बनाया गया था। पिता की खराब तबीयत के बीच बॉबी ने बिना रुके की शूटिंग सेट पर सबसे अधिक चर्चा बॉबी के प्रोफेशनलिज्म की रही। वह हर दिन सुबह 11.30 बजे से रात 7-8 बजे तक बिना ब्रेक शूटिंग करते रहे। तीन दिन तक चले इस एक्शन सीन में उन्होंने 8 घंटे की नॉन-स्टॉप शिफ्ट दी। इसी दौरान उनके पिता धर्मेंद्र अस्पताल में भर्ती भी थे। इसके बावजूद बॉबी ने शूट और पिता की सेहत दोनों के बीच तालमेल बनाए रखा। वीएफएक्स तकनीक के चलते बॉबी के लिए यह अनुभव बिल्कुल नया था पर उन्होंने इसे आसानी से एडॉप्ट कर लिया।

कड़ी सुरक्षा में पूरा हुआ शूट, मोबाइल फोन भी रहा बैन

क्लाइमेक्स शूट के दौरान सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए। पहले दिन किसी भी क्रू मेंबर को मोबाइल फोन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। बाद में केवल असिस्टेंट डायरेक्टर की मंजूरी से कुछ फोन की अनुमति दी गई। वीएफएक्स बेस्ड इस शूट में आलिया और बॉबी ने अपने सीन अलग-अलग शूट किए। पहले बॉडी डबल्स पर फाइट सीक्वेंस फिल्माया गया है, फिर फेस रिप्लेसमेंट के जरिए असली कलाकारों के चेहरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बॉडी डबल्स की अलग से वर्कशॉप और रिहर्सल भी हुई। बताया जा रहा है कि यह पूरा क्लाइमेक्स एक्शन ब्लॉक 8 से 10 मिनट लंबा है और इसके वीएफएक्स हिस्से में 15 से 20 दिन का समय लगा।

दो बहनों के रोल में दिखेंगी आलिया-शरवरी

अल्फा की कहानी जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें आलिया और शरवरी दो बहनों बनी हैं, जो सीक्रेट एजेंट भी हैं। इनके पिता के रोल में अनिल कपूर हैं, जो खुद भी एक स्पाई एजेंट हैं। वहीं बॉबी का किरदार टेररिज्म और ग्लोबल क्राइम नेटवर्क से जुड़ा है। उनका लुक इस बार एनिमल से बिल्कुल अलग है।

इंडस्ट्री का हिस्सा बनना कभी मेरे प्लान का हिस्सा नहीं था

कर्नाटक के छोटे-से कस्बे कोडागु से ताल्लुक रखने वाली रश्मिका मंदाना ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन वह ग्लैमर की दुनिया पर राज करेंगी। एक समय था, जब वह लिटरेचर, साइंस और जर्नलिज्म की पढ़ाई में व्यस्त थीं और अपनी ही दुनिया में मस्त। लेकिन किस्मत ने उनका रुख फिल्मों की ओर मोड़ दिया। कन्नड़ और तमिल फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत करने वाली रश्मिका जब पुष्पा- द राइज में नजर आईं, तो रातों-रात नेशनल क्रश बन गईं। जल्दी ही पैन इंडिया स्टार के तौर पर पहचानी जाने वाली रश्मिका की थामा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा-खासा बिजनेस किया।

आज आप देश की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं। इसका श्रेय आप किसे देती हैं?

सच कहूं तो इंडस्ट्री का हिस्सा बनना कभी मेरे प्लान का हिस्सा नहीं था। लेकिन पीछे मुड़कर देखती हूं तो लगता है ये सफर कितना खूबसूरत रहा है। मैं उन सभी की आभारी हूं, जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। सबसे पहले मेरा परिवार, जिन्होंने हमेशा मुझे दिल की सुनने, आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित किया और हर मोड़ पर मेरा साथ दिया। हर निर्देशक, को-स्टार और टीम से मैंने कुछ न कुछ सीखा है, जिसने मुझे लगातार आगे बढ़ाया। और सबसे ऊपर, मेरे चाहने वाले फैन, उनका प्यार और समर्थन मुझे हर दिन नई चुनौतियां

पुष्पा के बाद आपने सचमुच पैन इंडिया स्टार शब्द को लोकप्रिय बना दिया। पैन-इंडिया सुपरस्टार कहलाना कैसा लगता है?

बहुत प्यारा लगता है। सच कहूं तो अभी भी उस अहसास को पूरी तरह महसूस कर रही हूं। ये सब दर्शकों के अपार प्यार का नतीजा है और इसके लिए मैं दिल से आभारी हूं। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि आप सबका प्यार ही मेरी ताकत है। मैं हर दिन अपना बेस्ट देने की कोशिश करती हूं और आगे जो प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं, उन्हें लेकर बेहद उत्साहित हूं।

छोटे शहर और कस्बों से आने वाली उन युवा लड़कियों के लिए क्या संदेश देना चाहेंगी जो आपके रास्ते पर चलना चाहती हैं?

मैं हमेशा यही कहती हूं कि अगर मैं कर सकती हूं तो कोई भी कर सकता है। जो भी आपका सपना हो, खुद पर विश्वास रखिए और आगे बढ़िए। रास्ता आसान नहीं होगा, लेकिन अगर दिल में ठान लिया तो आधी जीत वहीं से शुरू हो जाती है।

आपकी नैचुरल एक्टिंग और सादगी भरे लुक्स को लोग बहुत पसंद करते हैं। क्या ये आपकी निजी पसंद है या निर्देशक का विजन?

यह बहुत प्यारा कॉम्प्लिमेंट है, धन्यवाद। सच कहूं तो मैं सेट पर पूरी तरह अपने निर्देशक पर भरोसा करती हूं। उनका विजन ही फिल्म की आत्मा होता है। हमारा काम है उस विजन को जीवंत करना।

आपने अल्लू अर्जुन, रणबीर कपूर, विक्की कौशल जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। उनसे आपने क्या सीखा?

हर कलाकार से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। अल्लू सर हों, रणबीर हों या विक्की, हर किसी का काम करने का तरीका अलग है। मैंने उनसे छोटे-छोटे सबक सीखे हैं जिन्हें मैं हमेशा अपने साथ लेकर चलती हूं। अल्लू अर्जुन सर के साथ हमारी एनर्जी बहुत अच्छी तरह मिलती है, इसलिए हमें काम के दौरान बहुत कंफर्टेबल महसूस होता है। रणबीर की बात करूं, तो हम लोगों को इधर-उधर की बातें पसंद नहीं आतीं, हम लोग अपने रोल्स और काम पर ध्यान देते हैं। एक चीज जो मुझे उनकी बहुत पसंद है, वो यह है कि उनका जो क्राफ्ट है, वो पूरी इंडस्ट्री को दर्शाता है। जबकि विक्की के साथ काम करते हुए सेट पर मैं यही सोचती थी कि ये इंसान तो कमाल का है।

यह सच है कि खूबसूरती ईश्वर की देन है, पर उसे उभारना भी है एक कला। किस तरह का मेकअप आपको सूट करेगा, इसके लिए जरूरी है चेहरे के आकार को समझना

अब मिनटों में करें मेकअप

फाउंडेशन आपकी स्किन टोन से एकदम मेल खाता हुआ होना चाहिए। अधिक गहरा या अधिक हलका आपके कॉम्प्लेक्शन को खराब कर सकता है। साथ ही अच्छी तरह ब्लेंड होना भी जरूरी है। चेहरे पर ग्लो लाने के लिए फाउंडेशन लगाने से पहले शिमर मॉयस्चराइजर लगाएं। या फिर थोड़ा सा शिमर पाउडर मॉयस्चराइजर में मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर फाउंडेशन लगाएं।

कंसीलर– पर्याप्त नींद न ले पाने, धूम्रपान अधिक करने और एनीमिक होने के कारण आंखों के आसपास काले घरे हो जाते हैं। इन्हें छिपाने के लिए कंसीलर का प्रयोग करें। यह चेहरे के किसी भी दोष को छिपाने में मदद करता है। अपनी अंगुली के पोर पर हलका सा कंसीलर लेकर चेहरे पर लगाएं। या फिर किसी मुलायम फ्लैट ब्रश पर लें और प्रभावित स्थान पर अच्छी तरह लगाएं।

अगर आपकी त्वचा रूखी है, तो आपको लिक्विड कंसीलर इस्तेमाल करना चाहिए।

एक्ने और दाग–धब्बों को छिपाने के लिए सॉलिड कंसीलर ठीक रहता है। अगर आप लिक्विड या क्त्रीम बेस्ड फाउंडेशन प्रयोग कर रही हैं तो फाउंडेशन के बाद कंसीलर लगाएं। क्त्रीम टू पाउडर फाउंडेशन लगाने पर कंसीलर पहले लगाएं। अपनी त्वचा के रंग से हलका शेड कभी न चुनें। ऐसा करने पर आपका रंग दबा हुआ लेगगा। इस बात का ध्यान रखें कि कंसीलर बहुत ज्यादा न लगाएं। आपको चेहरे पर हलका टिंट देना देना है न कि मास्क लगाना है। कंसीलर के बाद ट्रास्लूसेंट पाउडर से डस्टिंग करना न भूलें।

ट्रिक्स – कंसीलर सा फाउंडेशन में येलो आईशैडो मिलाकर आंखों के काले घेरों को छिपाने के लिए इस्तेमाल करें। इसी तरह त्वचा की लकीरों को छिपाने के लिए अपने फाउंडेशन या कंसीलर में ब्ल्यू या ग्रीन आईशैडो मिलाएं। झाईयों को छिपाने के लिए पिंक आइशैडो कंसीलर से पहले लगाएं।

कॉम्पेक्ट पाउडर – चेहरे की जरूरत से अधिक चमक को कम करने के लिए लूज पाउडर का इस्तेमाल करें। ऐसा कॉम्पैक्ट पाउडर खरीदें, जो त्वचा से मेल खाए और उसमें समा जाए। इसे बडे ब्रश से आहिस्ता से लगाएं।

उपाय– फाउंडेशन लगाने के बाद अपने चेहरे पर एक टिश्यू पेपर रखकर हलका सा दबाएं ताकि त्वचा का अतिरिक्त तेल या पसीना हट जाए। इसके बाद पाउडर लगाएं।

आजमाएं– लोरियल आइडियल बैलेंस कॉम्पैक्ट ब्लश –यह आपके चेहरे के उभार को आकर्षक बनाने में मदद करता है। रात के मेकअप में खास तौर पर इसका प्रयोग जरूर करें। ब्लश लगाने के बाद अगर आपको मेकअप अधिक गहरा लगे तो टेंशन न लें। एक स्पॉन्ज से थपथपाकर कम कर दें।

आजमाएं– मेबलिन एक्सपर्ट वेयर ब्लश या मैक क्त्रीम ब्लश।

होंठ – लिप कलर हमेशा स्किन टोन, बाल और आखों केरंग से मेल खाना चाहिए। रात में ड्रामेटिक इफेक्ट देने के लिए गहरे लिप शेड्स का प्रयोग करें। जबकि दिन में टिंटेड या क्लियर लिप ग्लॉस इस्तेमाल करें।

उपाय– अपनी पसंद की लिपस्टिक शेड खुद बनाएं। लिपस्टिक के ऊपर स्पार्क्लिंग आईशैडो लगाएं या फिर थोडी सी वैसलीन के साथ मनपसंद आइशैडो मिलाकर एक नया शेड बनाएं। अगर आपके पास लिपस्टिक को ढंग से लगाने का समय नहीं होता तो रात में सोने से पहले होंठों पर नैचरल शेड की लिपिस्टिक लगाएं। और सुबह चेहरा साफ करके लिप ग्लॉस लगाएं। जल्दी में कभी भी लिपलाइन न बनाएं। लिपलाइन बनाने से होंठ प्रॉमिनेंट नजर आते हैं, लेकिन जल्दीबाजी में सही शेप न बन पाने से होंठों का लुक खराब लगेगा।

आजमाएं– रेवलॉन की रेड अर्थ, मेबलिन कॉपर शेड, लक्मे मेटैलिक शेड

आंखें – आंखों में काजल पेंसिल से बीच से बाहरी कोनों तक एक लाइन खींचें। आइलाइनर आप जैसा चाहें लगा सकती हैं। मेकअप में आंखों का मेकअप सबसे महत्वपूर्ण होता है। आइलाइनर पतला और स्ट्रेट लाइन में लगाएं। समय कम हो तो सिर्फ ट्रासपेरेंट मस्कारा नीचे और ऊपर दोनों आईलैश पर लगाएं। दिन में हलका आई मेकअप करें, रात में थोड़ा गहरा। रात में ब्रो बोन में शिमरिंग हाइलाइटर लगाने से आखें बेहद खूबसूरत लगती हैं। आजकल मिनिमल लुक चलन में है। इसलिए मिनटों में मेकअप करना आसान हो गया है। अगर आपने आंखों पर खास ध्यान दिया है तो होंठों के लिए ग्लिटरी लिप ग्लॉस ही काफी है। अगर होंठों पर गहरा मेकअप किया है तो आखों में हलका काजल और मस्कारा ही लगाएं।

उपाय– आंखों को खूबसूरत दिखाने के लिए आइलाइनर से पतली लाइन खींचें, फिर आईशैडो के साथ ब्लेंड कर दें। लोअर आईलैशेज पर ब्राउन या गोल्डेन आई पेसिंल से हलकी रेखा जरूर खींचें।

आजमाएं– मैक का फ्लूइड आइलाइनर, मेबलिन ट्रासपेरेंट मस्कारा या मैरी के का एक्स्ट्रा वॉल्यूमाइजिंग मस्कारा

मस्कारा – अपनी आइलैशेज के लिए परफेक्ट मस्कारा चुनें और उसे हमेशा अपने साथ रखें। चाहे आपको ग्लैमर लुक देना हो या गर्ल नेक्स्ट डोर लुक, मस्कारा हर लुक के लिए जरूरी है। अपने लिए मस्कारा चुनने से पहले कुछ बातों पर जरूर ध्यान दें –

अगर आपकी आइलैशेज बहुत छोटी हैं तो लाइटनिंग मस्कारा चुनें। अगर आइलैशेज काफी पतली और हलकी हैं तो ऐसा मस्कारा चुनें जो उन्हें वॉल्यूम दे। यानी वॉल्यूमाइजिंग मस्कारा। अगर आपकी आईलैशेज लंबी और घनी हैं तो आप किस्मत वाली हैं, लेकिन इन्हें और आकर्षक बनाने के लिए आपको कर्लिंग मस्कारा चुनना चाहिए।

उपाय– मस्कारा लगाने पर एक जगह जमा न हो जाए, इसके लिए पहला कोट पतला लगाएं। अगर फिर भी लैशेज पर मोटा–मोटा जम जाए तो आइलैशेज कोम्ब से आहिस्ता से कंघी करके लैशेज को अलग–अलग कर लें।

जब आप अपने लिए परफेक्ट मस्कारा चुन लें, फिर कलर्ड मस्कारा भी लगा सकती हैं। अपने कॉम्प्लेक्शन के मुताबिक कलर्ड मस्कारा भी आजमा सकती हैं। ब्लैक एंड ब्राउन मस्कारा हर अवसर के लिए मुफीद होता है और यह आपके परिधानों के साथ मेल भी खाता है।

आजमाएं– मेबेलिन लैश स्टाइलिश मस्कारा लोरियल पेरिस वॉल्यूम शॉकिंग मस्कारा

आप स्विमिंग की योजना बनाती हैं या खुशी के अवसर पर आपके आंसू निकल जाते हैं, आप जल्दी भावविभोर होकर रोने लगती हैं तो बेहतर होगा कि आप वॉटरप्रूफ मस्कारा लगाएं। यह तीन रंगों में आसानी से उपलब्ध है–ब्लैक, ब्राउन और ब्ल्यू।

आप चाहें तो कर्लर से आखें कर्ल भी कर सकती हैं।

टैटूज का मतलब अलग लोगों के लिये अलग होता है कुछ लोग अनूठेपन के स्टेटमेंट के लिये टैटू चुनते हैं जबकि कुछ लोगों के लिये टैटू या क्लॉन को सिम्बॉलाइज़ करता है।

कितने प्रकार के टैटू

एमेच्योर टैटूज

ये शुरूआती टैटूज हैं जो अपने नेचर में क्रूड होते हैं क्योंकि ये ऐसे व्यक्ति द्वारा बनाये जाते हैं जिसे स्पेशलाईज्ड एक्सपीरियंस नहीं होता। ये टैटूज एस्थेटिक नेचर के नहीं होते और अस्वच्छ दशाओं में डाईंग के लिये इस्तेमाल होने वाले असामान्य तत्वों द्वारा बनाये जाते हैं। इनसे इंफेक्शन का खतरा काफी अधिक होता है क्योंकि इन्हें बनाने वाले प्रोफेशनल नहीं होते।

कल्चरल या धार्मिक टैटूज

कुछ एथनिक ग्रुप्स के टैटूज का छुपा हुआ अर्थ होता है। ये किसी नेटिव ग्रुप में रैंक और एचिवमेंट्स को सिम्बलाइज करते हैं। इनको बनाने की पारंपरिक विधिया काम में लाई जाती हैं।

प्रोफेशनल टैटूज

ये टैटूज ऐसे लोगों द्वारा बनाये जाते हैं जिनको बनाने वाले प्रोफेशनल्स टैटूइंग में स्पेशलाइज्ड होते हैं। नीडिल्स वाली एक टैटू मशीन त्वचा को पंक्चर करती है और रंग को त्वचा लेयर के अंदर डालती है।

कॉस्मेटिक टैटूज

टैटूज को मेकअप के रूप में बालों की इमिटेटिंग फीचर्स को उभारने में जैसे कि लिप्स (लिप लाइनर्स) या आखें (आईब्रोज, आई लाइनर) और यहा तक कि मोल्स के लिये भी किया जाता है। त्वचा के डिस्कलरेशन को टैटू बनवाकर छिपाया जा सकता है।

मेडिकल टैटूज

ऐसा टैटू बनवाने वाले किसी इमर्जेन्सी के समय किसी खास मेडिकल कंडीशन या ब्लड ग्रुप की किस्म के संकेत के लिये इसे बनवाते हैं। ब्रेस्ट रिकास्ट्रक्शन के कुछ रूपों में टैटू का उपयोग एरोला बनाने के लिये किया जा सकता है।

ट्रॉमाटिक टैटूज

ये टैटूज जानबूझकर नहीं बनवाये जाते बल्कि किसी एक्सीडेंट के दौरान शरीर में कोई बाहरी चीज धंस जाने से बनते हैं। उदाहरण के लिये पेंसिल अनायास चुभने पर त्वचा लेयर के नीचे ग्रेफाईट रह सकती है जो काले बिंदु के रूप में दिखती है।

व्यक्तित्व में निखार लाएं मोती जैसे दांत

दांत खाना खाने के लिए तो जरूरी है ही, मोहक, प्रभावशाली व्यक्तित्व के लिए भी महत्वपूर्ण है। कुछ लोग यूं तो बहुत खूबसूरत होते हैं, लेकिन मुंह खोलते ही उनका आकर्षण खत्म हो जाता है। कुछ ऐसा ही हुआ मनाली के साथ। उसके हाथ से मॉडलिंग का अवसर सिर्फ इसलिए छूट गया, क्योंकि उसके दांत छोटे-बड़े हैं और पीले भी पड़ गए हैं। ऐसा कुछ आपके साथ न हो, इसलिए शुरू से ही दांतों की उचित देखभाल जरूरी है।

जब बच्चों के दांत उग आएं, तभी से सुबह व रात में सोते समय ब्रश की आदत डाल देनी चाहिए। खाते समय भोजन के कण दांतों के बीच फंस जाते है, जो ब्रश करने से निकल जाते है। यदि इन्हे न निकाला जाए तो ये सड़ने लगते हैं, जिससे दांतों में सड़न और कैविटी पैदा हो जाती है। इस कारण दांतों में तेज दर्द हो सकता है व असमय दांत टूट सकते है। लोग सोचते है दूध केदांत तो टूट जाते है। इतनी देखभाल क्यों करे? दूध के सभी दांत एक साथ नहीं टूटते। एक–एककर टूटते जाते हैं और उनकी जगह नए दांत आते–जाते हैं। अगर कोई पुराना सड़ा हुआ हो तो वह नए दांत को भी सड़ा सकता है।

जरूरी है दांतों की सफाई

बच्चों को टॉफियां खासतौर से पसंद होती है। ध्यान रखें कि कुछ भी मीठा खाने के बाद बच्चे कुल्ला जरूर करें। कुछ लोग समझते हैं कि टूथपेस्ट का अधिक इस्तेमाल करने से दांत ठीक से साफ होते है। ऐसा नहीं है, बल्कि अधिक टूथपेस्ट दांतों की ऊपरी सुरक्षा परत इनामेल को नुकसान पहुंचा सकता है। सामान्यतया ऐसे टूथपेस्ट का उपयोग करना चाहिए जिसमें फ्लोरीन हो। फ्लोरीन हड्डियों में पाया जाने वाला एक तत्व है। यह दांतों को मजबूत बनाता है। लेकिन ज्यादा फ्लोरीन भी दांतों को पीला और खराब कर सकता है। इस बीमारी को फ्लोरोसिस कहते है। जिस क्षेत्र के पानी में फ्लोरीन की मात्रा अधिक हो, वहां के लोगों को फ्लोरीन वाले टूथपेस्ट से बचना चाहिए।

विटामिंस का करें भरपूर उपयोग

दांतों के साथ मसूड़ों की देखभाल भी जरूरी है। ब्रश के बाद मसूड़ों की उंगलियों से हलकी – हलकी मालिश करें। कुछ बीमारियों के बाद मसूड़े ढीले पड़ जाते हैं और दांत हिलने लगते है। कभी–कभी मसूड़ों में छाले भी पड़ जाते है। ऐसे में भोजन में नमक–मिर्च आदि का उपयोग कम करे, क्योंकि उनसे जलन होती है। साथ ही ध्यान रखना चाहिए कि दांतों पर कोई आघात न पहुंचे क्योंकि उस समय ये टूट सकते है। खाने में विटमिन बी कॉम्प्लेक्स व विटामिन सी का भरपूर प्रयोग करे और डॉक्टर की सलाह का पालन करे ताकि आपके मसूड़े जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। विटामिन सी आंवला, संतरा, मौसमी, टमाटर, साग–सब्जियों में मिलता है। इसका नियमित सेवन आपको स्कर्वी और पायरिया से दूर रखेगा। पायरिया मसूड़ों की बीमारी है जो एंट अमीबा जिंजिवेलिस नाम के कीटाणु से होती है। इसमें मुंह से दुर्गंध तथा मसूड़ों से खून आने की शिकायत होती है। पायरिया होने पर डॉक्टर के परामर्श का पालन करे। दवाओं के साथ–साथ हाइड्रोजन–पर–ऑक्साइड से कुल्ला करना भी लाभदायक हो सकता है।

दूर करें कैविटी

दांत अगर सड़ जाएं और उसमें कैविटी बनने लगे तो कैविटी को भरवाया जा सकता है। इससे पहले दांत को अच्छी तरह से साफ व कीटाणुमुक्त करना पड़ता है। ताकि कैविटी भरने के बाद अंदर कोई कीटाणु न रह जाए और दांत को फिर से सड़ने से बचाया जा सके। ज्यादा सड़े या जड़ों से कमजोर दांतों को निकलवाकर उनकी जगह नकली दांत या नए दांतों का सेट लगवाया जा सकता है।

दांतों का सौंदर्य बढ़ाएं

दांत पीले पड़ गए हों या दो दांतों के बीच अधिक दूरी हो, दांत छोटे–बड़े या बाहर की ओर निकले हों तो इससे भी चेहरे के सौंदर्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे में डेंटिस्ट से अवश्य मिलें। डेंटिस्ट की सलाह पर पीले दांतों की सफाई करवाएं। बाहर की ओर निकले या दूरी वाले दांतों पर कुछ दिनों के लिए क्लिप लगवाएं। बड़े दांतों को घिसवा सकती है। छोटे दांतों में नीचे से दांतों जैसा दिखने वाला पदार्थ जोड़कर उन्हे समान आकार का बनवाया जा सकता है।

आकर्षक मुस्कान के लिए

सौंदर्य विशेषज्ञा डॉ. ब्लॉसम कोचर के मुताबिक, आपके चेहरे की कंप्लीट स्माइल मेकओवर भी की जा सकती है। इसमें आपके चेहरे के आकार को देखकर ये आकलन किया जाता है कि इस पर कैसी मुस्कान और दांत अच्छे लगेंगे। फिर उसके अनुसार हम बेहतर मुस्कान का अभ्यास कराते है। स्माइल मेकओवर क्लासेस में हंसने के तरीके के साथ ही चेहरे के हाव–भाव के बारे में भी बताया जाता है। ताकि हंसते समय आपके चेहरे का प्रभाव दूसरे पर अच्छा हो।

चेहरे के आकार को देखकर हम यह अनुमान लगाने की कोशिश करते है कि आप पर कैसे दांत व कैसी मुस्कान अच्छी लगेगी। फिर असली दांतों का आकार बदला जाता है व जरूरत पड़ी तो नकली दांत लगा दिया जाता है। दांतों का पूरा सेटअप बदलने के साथ यह बताया जाता है कि आपके लिए किस तरह हंसना ठीक रहेगा। हालांकि यह मौके पर निर्भर करता है। यानी मनचाही मुस्कान जिसमें सब कुछ आकर्षक हो, वैसा हो, जैसा आप चाहे, हासिल की जा सकती है। एक प्यारी सी मुस्कान कई अनकही बातें कह जाती है और कई दिल जीत लेती है। आप इन बातों का ख्याल रख सकें तो चमचमाते दांत आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगाएंगे और हर कोई कहेगा–स्माइल प्लीज।